**आज चार** राज्यों - तमिलनाडु, असम, केरल, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे आने वाले हैं। हर जगह का चुनाव उतना ही अहम है, जितना दूसरे का, इसके बावजूद सभी की नजरें पश्चिम बंगाल पर हैं, तो इसका कारण है कि सबसे ज्यादा यही राज्य सुर्खियों में रहा है। और इसकी ज्यादातर वजह तनाव, टकराव और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप हैं।



सियासी हिंसा न हो

**हर कदम टकराव ।** पश्चिम बंगाल में इस बार ऐतिहासिक मतदान हुआ, लेकिन इसके साथ विवाद भी ऐतिहासिक हुए, जो अभी तक जारी हैं। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन से लेकर चुनाव कर्मियों की तैनाती तक, हर कदम पर टकराव देखने को मिला। कई जगह TMC और चुनाव आयोग आमने-सामने आए। मतगणना कर्मचारियों की नियुक्ति से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। इसके पहले भी शीर्ष अदालत को कुछ बातों को लेकर दखल देना पड़ा। चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी दल और चुनाव आयोग के बीच ऐसा अविश्वास ठीक नहीं है।

**हिंसा का इतिहास ।** इस बार राज्य में चुनाव के दौरान हिंसा और गड़बड़ियों की छिटपुट शिकायतें मिलीं। आयोग ने दो चरणों के लिए केंद्रीय बलों की 24 सौ कंपनियां तैनात की थीं। इसके चलते पिछले चुनावों के मुकाबले इस बार कुछ शांति रही, पर राज्य में चुनाव परिणाम के बाद भी हिंसा का पुराना इतिहास है। 2021 के विधानसभा चुनाव बाद हत्या, आगजनी, तोड़फोड़ और डराने-धमकाने के सैकड़ों मामले सामने आए थे। तमाम जगह राजनीतिक बदले की भावना से हिंसा हुई। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 1900 से ज्यादा मामलों की जांच की थी और स्थानीय पुलिस-प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए थे।

**पुलिस-प्रशासनिक लापरवाही ।** आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, कई जगह पुलिस ने लापरवाही बरती और शिकायतें दर्ज नहीं की गईं। कमोबेश ऐसी ही स्थिति लोकसभा और पंचायत चुनावों के दौरान व बाद में भी रही है। 2023 के पंचायत इलेक्शन को बंगाल के सबसे हिंसक चुनावों में एक माना जाता है। चुनाव बाद हिंसा की इसी आशंका को देखते हुए आयोग ने तय किया है कि केंद्रीय बलों की 700 कंपनियां बाद में भी तैनात रहेंगी।

**आयोग की जिम्मेदारी ।** सुरक्षाबलों की मौजूदगी आम जनता में भरोसा जगाती है, लेकिन असली शांति तभी संभव है जब सभी पक्ष इसके लिए प्रयास करें। बंगाल को राजनीतिक हिंसा के इतिहास से बाहर निकलना होगा। चुनाव परिणाम जो भी हो, उसे सभी को स्वीकार करना चाहिए। चुनावी प्रक्रिया और परिणाम पर भरोसा बहाल करने की जिम्मेदारी आयोग पर भी है।

### नश्तर

## चुनाव तक चाय

**'यूपी वालों** में चाय का अजब चस्का है। सुबह अखबार के साथ चाय की सप्लाई तब तक चाहिए जब तक पिछले दिन का दाखिल, खारिज न हो जाए। उसके बाद ऑफिस जाने से पहले, ऑफिस पहुंचने पर, लंच के बाद फिर 4 बजे, घर निकलने से पहले, फिर घर पहुंचते ही। इन सबके बीच में कोई आ गया तो उसके साथ भी पी ही लेते हैं।' मैं यह बात मुंबई से आए अपने दोस्त को बता ही रहा था कि उसके मुंह से निकल गया, 'ऐसे तो अच्छा-खासा पैसा चाय वाला ही ले जाता होगा।' इस बात पर मैं मुस्कुरा ही सकता था, तो मुस्कुरा दिया।



सौरभ श्रीवास्तव

हम बात करते-करते चाय की टपरी की ओर बढ़ गए। वहां बोर्ड लगा था - गैस खत्म हो गई है। मैंने चायवाले से कहा, 'कोयले की भट्ठी पर भी तो चाय बन सकती है।' वह बोला, 'फिर आप लोग ही अखबार में लिखेंगे कि धुएं के कारण प्रदूषण फैल रहा है, फिर नगर निगम वाले हमारा चालान काट देंगे। धंधा वैसे चौपट है, चालान कौन भरेगा?' चायवाले के भीतर खीझ उबाल मारने लगी। 'तो इंडक्शन...!' कहते-कहते खुद को रोक लिया। दुकान पक्की नहीं थी, जो वहां बिजली का कनेक्शन होता। कुछ रोज बाद टपरी के सामने से गुजरा, तो बोर्ड दिखा - चाय मिल जाएगी पर आधार दिखाना होगा। पूछने पर चायवाले ने बताया, 'बड़ी मुश्किल से सिलिंडर का जुगाड़ किया था। कुछ पुलिस वाले आए, चाय पी। मैंने पैसे मांगे तो बोले, तुम्हें सिलिंडर कैसे मिला? इसकी तो जांच होगी। बताओ किस-किस को चाय पिलाते हो? कोई आतंकी भी तो यहां चाय पी सकता है। उन्होंने ही आधार की शर्त रखवाई है।' मैंने अपना आधार दिखाया, उसने फोटो खींची और मुझे चाय दी। चाय पीते-पीते देखा, दीवार पर पोस्टर लगा था - हम वादा करते हैं चुनाव जीत गए तो किसी घुसपैठिए को देश में चाय नहीं पीने देंगे। हमें जिताएं, अपनों को चाय पिलाएं।



### एकदा

संकलन : रेनू सैनी

## पढ़ाई के लिए बदला नाम

**उन दिनों** पेरिस का माहौल अशांत था। घर से बाहर निकलने की इजाजत नहीं थी। 13 साल की सोफी जर्मेन ने उस समय का इस्तेमाल अवसर के रूप में किया। उन्होंने पिता के पुस्तकालय में गणित की किताबें पढ़नी शुरू कीं। J. E. Montucla की पुस्तक में Archimedes की मौत की कहानी ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया और गणित के प्रति उनका आकर्षण बढ़ गया। लेकिन उनके माता-पिता इस रुचि के खिलाफ थे। वे रात में उनकी पढ़ाई रोकने के लिए गर्म कपड़े और आग तक नहीं देते, फिर भी जर्मेन मोमबत्ती जलाकर चुपचाप पढ़ाई करती रहीं। 1794 में फ्रांस में एक प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थान Ecole Polytechnique (एकोल पॉलिटेक्निक) खुला, लेकिन महिलाओं को प्रवेश नहीं मिलता था। सोफी ने छद्म नाम 'मोंसियूर ले ब्लांक' से अपने नोट्स और शोध वहां के प्रफेसरों को भेज दिए। इससे महान गणितज्ञ जोसेफ-लुई लांग्रेज बेहद प्रभावित हुए। सोफी ने अपनी गणित की प्रतिभा से पूरी दुनिया को चकित कर दिया। गणित में योगदान के लिए उन्हें पेरिस विज्ञान अकादमी का 'ग्रैंड प्राइज' दिया गया। यह पुरस्कार पाने वाली वह पहली महिला थीं। उनके सम्मान में पेरिस में एक सड़क और लड़कियों के स्कूल का नाम रखा गया है।



### भूराजनीति और जलवायु परिवर्तन का सामना कर रहे हैं भारतीय किसान

# किसानों के लिए मुश्किल घड़ी

**भारत के** किसान हमेशा अनिश्चितताओं के बीच खेती करते आए हैं। बाढ़, सुखाड़, कीट और कीमतों में गिरावट आम बात है। मगर, इस साल हालात जुदा हैं। भू-राजनीति और जलवायु परिवर्तन जैसे दो बड़े संकट खेती के खरीफ सीजन को प्रभावित कर रहे हैं। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास बढ़ते तनाव से उर्वरक और डीजल आपूर्ति पर असर पड़ रहा है, तो जलवायु परिवर्तन के कारण हीटवेव और असामान्य मॉनसून का भी खतरा है। इससे खरीफ फसलों पर बुरा असर पड़ने की आशंका है।



चंद्रभूषण

**यूरिया पर असर ।** अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो कृषि क्षेत्र के लिए भविष्य के बड़े संकट की झलक है। भारत में यूरिया सर्वाधिक इस्तेमाल होने वाला उर्वरक है। इसकी करीब 90% आपूर्ति आयात या आयातित गैस पर निर्भर है। अमेरिका-ईरान संघर्ष से लिक्विफाइड नैचुरल गैस (LNG) की आपूर्ति अनिश्चित हो गई है। इससे देश में यूरिया उत्पादन घटा है। नतीजतन, कीमतें साल भर में 500 से बढ़कर 1,000 डॉलर प्रति टन हो गई हैं।

**सब्सिडी का बोझ ।** सरकार सब्सिडी के जरिये यूरिया की कीमत नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है। लेकिन, इससे वित्तीय बोझ बढ़ रहा है। इस साल यूरिया सब्सिडी बिल करीब 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है और भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं अब भी बरकरार हैं। होर्मुज स्ट्रेट अब भारत की खाद्य सुरक्षा को प्रभावित करने लगा है।

AI Image



यह संघर्ष लंबा चलता है, तो ईंधन, उर्वरक और खेती की लागत इतनी बढ़ जाएगी कि सब्सिडी से इसे संभालना मुश्किल हो जाएगा।

**एल-नीनो इफेक्ट ।** देश की खेती-किसानी पर दूसरा बड़ा संकट जलवायु परिवर्तन से जुड़ा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस साल एल-नीनो बहुत ज्यादा ताकतवर हो सकता है। यानी मौसम सामान्य से ज्यादा बदल सकता है। भारत में पहले से ही अत्यधिक गर्मी पड़ रही है। दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में अधिकतर भारत के ही हैं। ऐसे में सुपर एल-नीनो तापमान को सामान्य से काफी अधिक बढ़ा सकता है और इससे मॉनसून के प्रभावित होने का खतरा है।

**स्थायी समस्या ।** भारत में लगभग आधी खेती बारिश पर ही निर्भर है। इसलिए मॉनसून का समय और मात्रा बहुत अहम है। एल-नीनो जैसे असर जोखिम को और बढ़ा देते हैं। इसके खत्म होने के बाद भी प्रभाव रहता है। जैसे- मिट्टी की नमी कम हो जाती है, भूजल नहीं भरता और बुआई देर से शुरू हो पाती है। इससे किसान लंबे समय तक परेशान रहते हैं। सरकार को अब यह समझना होगा कि जलवायु परिवर्तन कोई अस्थायी समस्या नहीं, दिनों-दिन बढ़ती चुनौती बन रही है। आज एल-नीनो है, कल हीटवेव जैसी समस्याएं लगी रहती हैं, जिससे खेती, रोजगार और अर्थव्यवस्था के प्रभावित होने का खतरा है।

> **बदलनी होगी रणनीति**
> - अमेरिका-ईरान जंग से भारत में उर्वरक और डीजल आपूर्ति पर असर
> - हीटवेव और असामान्य मॉनसून से भी देश की खेती-बाड़ी को खतरा
> - हर हाल में ऊर्जा-उर्वरक में आत्मनिर्भर बनने का रखना होगा लक्ष्य

**आत्मनिर्भरता जरूरी ।** इस संकट का समाधान भी संभव है। देश के पास तकनीक है, बस इन्हें बड़े पैमाने पर लागू करने की जरूरत है। सबसे पहले हमें ऊर्जा और उर्वरक में आत्मनिर्भर बनना होगा। नवीकरणीय ऊर्जा से ग्रीन हाइड्रोजन बनाकर आयातित गैस पर निर्भरता घटाई जा सकती है। सोलर पंप, इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर और सोलर या बायोमास से चलने वाली कोल्ड चेन से खेती सुरक्षित हो सकती है। ये चीजें पहले से उपलब्ध हैं और इनका उपयोग भी हो रहा है। जरूरत है सही नीतियों और पर्याप्त निवेश की, ताकि इन्हें बड़े पैमाने पर अपनाया जा सके।

**अलग रणनीति ।** जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत को विभिन्न क्षेत्रों के हिसाब से खेती की योजना बनानी होगी। ऐसी फसलें उगाना शामिल है, जो तपती गर्मी और अनियमित बारिश झेल सकें। इसके अलावा, पानी का बेहतर प्रबंधन और सिंचाई की सटीक व्यवस्था अपनानी होगी। अब किसानों को भी एक फसल पर निर्भर रहने के बजाय कई फसलें उगानी चाहिए। केमिकल का कम इस्तेमाल करना चाहिए। ऐसा हो भी रहा है। आंध्र प्रदेश के करीब 8 लाख किसानों ने प्राकृतिक खेती अपना ली है, जिससे लागत कम हुई। कई किसानों ने सोलर पंप लगवा लिया है। अब बस उन्हें मजबूत समर्थन की दरकार है।

**पूरा बदलाव जरूरी ।** भू-राजनीति और जलवायु परिवर्तन, दोनों का दबाव बढ़ रहा है। इसलिए तेज और समन्वित नीति बनानी जरूरी है। इसके लिए हरित उर्वरक, खेती में बिजली का उपयोग, प्राकृतिक खेती, मजबूत फसल बीमा और जलवायु आधारित खेती को बढ़ावा देना होगा। अब अलग-अलग संकट से निपटना नाकाफी है। किसानों को सुरक्षित रखने के लिए पूरी कृषि व्यवस्था में बदलाव करना होगा, तब ही वे बदलते मौसम में अपनी आजीविका संभाल पाएंगे।

*(लेखक आईफॉरेस्ट के सीईओ हैं)*

# ज़िंदगी का लाइव ड्रामा है इलेक्शन काउंटिंग

**महीनों का** तनाव, शोर, प्रतिद्वंद्विता, विरोध, नारेबाजी और तैयारी - सब इस दिन के लिए ही तो। तमाम कहानियों से भरा समय सिमटता-सिमटता आ सिमटता है आखिरी के कुछ घंटों में। जब वक्त खुद दबाव में होता है, क्योंकि उसे आने वाले वक्त का हिसाब तय करना है। इलेक्शन रिजल्ट केवल आंकड़ों का खेल नहीं, लाइव ड्रामा है उम्मीद, रणनीति और अनिश्चितताओं का। इसे देखना भी बस आंकड़ों को समझना नहीं, पल-पल बदलते उतार-चढ़ाव का हिस्सा बनना है। सुबह से चलती काउंटिंग, टीवी-मोबाइल पर आते अपडेट, राउंड दर राउंड बदलती तस्वीर और अचानक पलटते समीकरण - ऐसा लगता है जैसे कोई थ्रिलर फिल्म चल रही हो। हर शख्स अपना एक किरदार चुनता है। हालांकि यकीन उसे खुद भी नहीं होता कि उसका दांव ठीक बैठा है या नहीं। हर सीन के साथ भावनाएं बदलती हैं। फिल्म से लेकिन इस सियासी ड्रामे का अंतर बहुत बड़ा है, क्योंकि इसका सीधा असर पड़ता है समाज और हमारी जिंदगी पर।

इलेक्शन काउंटिंग का सबसे बड़ा आनंद है इसकी अनिश्चितता में। कोई उम्मीदवार शुरुआती चरण में आगे होता है और दूसरे सारे उसके पीछे। लेकिन, अगले चरण में बाजी पलट सकती है और पीछे वाले आगे निकल सकते हैं। जो जीत तय लग रही थी, हार में बदल सकती है और जिसने उम्मीद छोड़ दी थी, वह विजेता बन सकता है। इसी तरह होता है जीवन में भी, जहां आखिरी वक्त तक कुछ भी संभव है। जब तक नतीजे आते नहीं, खेल खुला है। तो अगर शुरुआत मन माफिक नहीं, तो भी हौसला बनाए रखिए। पता नहीं किस मोड़ से किस्मत पलट जाए।

AI Image



**जीवन आनंद**
शैलेंद्र पांडेय

दूसरी जरूरी बात चुनाव परिणाम हमें सिखाते हैं धैर्य। उम्मीदवार की मेहनत महीनों की होती है और निर्णय आता है चंद घंटों में। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। यहां बेईमानी नहीं चलती, पसीना असली बहाना पड़ता है।

और इतनी मेहनत व धैर्य के बाद भी तय नहीं कि परिणाम हक में आए। लड़ते तो कई हैं, पर जीतना एक को ही होता है। जो हारता है, वह मन से न हारे, यह महत्वपूर्ण है। और जरूरी यह भी है कि परिणाम को स्वीकार किया जाए। हर प्रयास जीत में नहीं बदलेगा, लेकिन वह जीत के थोड़े करीब जरूर ले जाएगा।

हो सकता है कि मेहनत पूरी हो, प्रयासों में ईमानदारी भरी हो, पर लोकतंत्र में सबसे ऊपर है जनता का मूड। बात क्या पता उन तक पहुंची ही नहीं। जिंदगी में भी मेहनत के साथ परिस्थितियां और समय मिलकर नतीजा तय करते हैं। यह काउंटिंग थम जाएगी, पर जीवन में मेहनत, प्रयासों, धैर्य और फैसलों की गिनती हमेशा चलती रहती है।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

## चुनौतियां आपको निखारेंगी, यदि उन्हें अवसर मान लें

विनोद कुमार यादव

**पढ़ाई हो,** करियर या पारिवारिक जिम्मेदारियां - जीवन में हर व्यक्ति को किसी न किसी रूप में संघर्ष का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों के बीच अक्सर मन डगमगाता है, लेकिन जो लक्ष्य के प्रति अडिग रहता है, वही सफलता तक पहुंचता है। और इसका मूलमंत्र है दृढ़ संकल्प। यह मनुष्य के जीवन का वह अद्भुत गुण है, जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी उसे आगे बढ़ने की शक्ति देता है। जीवन संघर्षों से भरा है- बचपन से लेकर अंत तक चुनौतियां हमारे सामने आती हैं। वे परीक्षा लेती हैं हमारी इच्छाशक्ति और धैर्य की। जो व्यक्ति संकल्प में अडिग रहता है, वही इन बाधाओं को पार कर सफलता की मिसाल बनता है।

अक्सर हम बाहरी समस्याओं को जरूरत से ज्यादा बड़ा बना लेते हैं। इसका कारण हमारा मन है, जो कल्पनाओं, आशंकाओं और डर का जाल बुनता रहता है। मन अतीत और भविष्य के बीच भटकता है और ऐसी कहानियां गढ़ता है, जिनका वास्तविकता से कम संबंध होता है। परिणामस्वरूप, हम उन चिंताओं को सच मान बैठते हैं, जो वास्तव में होती ही नहीं।

AI Image



इससे बाहर निकलने का रास्ता हमारे भीतर ही है। जब हम अपनी चेतना से जुड़ते हैं और विचारों को केवल एक प्रवाह की तरह देखने लगते हैं, तब मन की नकारात्मकता धीरे-धीरे कम होने लगती है। इस स्थिति में संकल्पशक्ति और इच्छाशक्ति हमारी सबसे बड़ी ताकत बन जाती हैं। वे हमें नकारात्मकता से बचाकर सही दिशा में आगे बढ़ाती हैं। जीवन की कठिन परिस्थितियां हमें तोड़ने नहीं, तराशने आती हैं। असली प्रश्न यह नहीं कि बाहर क्या हो रहा है, यह है कि हम भीतर कैसे प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जब हम अपनी भावनाओं और विचारों पर नियंत्रण रखना सीख लेते हैं, तब अपने जीवन के सच्चे संचालक बन जाते हैं।

इसलिए, जब भी जीवन आपको चुनौती दे, तो घबराइए मत, अपने भीतर उतर जाइए। अपनी चेतना को स्थिर, भावनाओं को संयमित और संकल्प को अडिग बनाए रखिए। वह व्यक्ति हर तूफान झेल जाता है, जिसके भीतर धैर्य, शांति और शक्ति का दीप प्रज्वलित होता रहता है।

### कांटे की बात

> मतगणना प्रक्रिया से जुड़े किसी अधिकारी की तैनाती का विवरण जब किसी राजनीतिक झुकाव वाले संगठन या संघ को मिलता है, तो इससे अनावश्यक राजनीतिक प्रभाव और दबाव की गुंजाइश बन जाती है।



शुभेंदु अधिकारी, *BJP नेता*

### डेटा Window

*डॉनल्ड ट्रंप ने भले भारत के बारे में बुरा कहा हो, पर उनकी टूरिज्म इंडस्ट्री को भारतीयों से बहुत बड़ा सहारा मिल रहा है। अमेरिका के नैशनल ट्रैवल एंड टूरिज्म ऑफिस (NTTO) के आंकड़े बताते हैं कि वहां जाने वाले पर्यटकों में सबसे ज्यादा भारतीय खर्च करते हैं।*

## भारत के सहारे अमेरिका का टूरिज़्म

**पर्यटन से कमाने में नंबर 1**

- **3.1%** कुल विदेशी पर्यटकों में हिस्सेदारी
- **20 अरब** डॉलर भारतीयों ने वहां खर्च किया
- **22 लाख** भारतीय पर्यटक थे पिछले साल
- **215 अरब** डॉलर टूरिज्म से कमाई
- **7.2 करोड़** पर्यटक 2024 में गए थे

**7 दिन का औसत खर्च 3 लाख**

- **₹1 लाख** तक होता है हवाई खर्च
- **₹15 हजार** रहने पर हर दिन औसतन
- **₹3 हजार** खाने पर होता है खर्च
- **₹7 हजार** तक ट्रांसपोर्ट पर




**क्यों जाते हैं भारतीय**

- **29%** पढ़ाई
- **31%** सैर-सपाटा
- **1%** इलाज
- **10%** रोजगार

**US में सबसे ज्यादा खर्च करने वाले शीर्ष 10 देश**

चीन, भारत, ब्रिटेन, ब्राजील, साउथ कोरिया, जर्मनी, जापान, ऑस्ट्रेलिया, इटली और कोलंबिया।

*- अभिषेक मिश्र*

### जनता जंक्शन — इरफ़ान




# पश्चिम एशिया में US को क्या करना चाहिए

मृत्युंजय राय

**'West Asia: A New American Grand Strategy in the Middle East'** से ईरान युद्ध के दौरान पश्चिम एशिया में जो हो रहा है और जियो-पॉलिटिक्स में इसकी भूमिका समझने में मदद मिलती है। इसे मोहम्मद सोलिमान ने लिखा है। वह बताते हैं कि अमेरिका, चीन और रूस के बीच इस इलाके में अपनी-अपनी चलाने की कोशिश हो रही है और उनके बीच एक पावर गेम चल रहा है।

**अमेरिका की गलती ।** मोहम्मद लिखते हैं कि पश्चिम एशिया को लेकर अमेरिका लंबे वक्त से गलतियां करता आया है। वह इस क्षेत्र में लोकतंत्र को बढ़ावा देने के नाम पर अपने हित साधता आया है, जबकि यहां उसे ऐसी व्यवस्था बनाने पर ध्यान देना चाहिए, जिससे क्षेत्र में शांति बनी रहे। मोहम्मद ने इराक युद्ध की गलतियों की ओर भी ध्यान दिलाया है और अरब स्प्रिंग के दौरान पश्चिमी देशों ने जो मुगालता पाला, उसकी भी पोल खोली है।

**यूरेशियाई व्यवस्था ।** किताब में मिडल ईस्ट की जगह पश्चिम एशिया शब्द का इस्तेमाल किया गया है। मिडल ईस्ट शब्द का इस्तेमाल औपनिवेशिक दौर में शुरू हुआ। मोहम्मद यह भी समझाते हैं कि पश्चिम एशिया के उनका अर्थ भूमध्यसागर से हिंद महासागर तक फैला हुआ इलाका है, जो दक्षिण एशिया, खाड़ी और पूर्वी भूमध्यसागर को जोड़ता है। इन्हें मिलाकर एक व्यापक रणनीतिक क्षेत्र बनता है। वह लिखते हैं कि यह इलाका एशियाई व्यापार, लॉजिस्टिक्स और सुरक्षा तंत्र से और गहरे जुड़ रहा है। इस तरह से एक बार फिर से यूरेशियाई व्यवस्था स्थापित हो रही है, जो पश्चिम एशिया पर यूरोपीय देशों का आधिपत्य स्थापित होने से पहले भी बनी हुई थी।

**सहयोगियों पर भरोसा ।** मोहम्मद लिखते हैं कि पश्चिम एशिया में अमेरिका को अपने सैनिकों की संख्या कम करने के साथ नौसेना और हवाई जंग की क्षमता को मजबूत बनाए रखना चाहिए। उन्होंने अमेरिका को अपने सहयोगियों पर भरोसा करने की सलाह दी है, जिनमें सऊदी अरब जैसे राजशाही व्यवस्था वाले देश, इजिप्ट, भारत और इटली-फ्रांस जैसे देश शामिल हैं।

### विचार विंडो

AI Image



**मैक्रो-बैलेंस पर जोर ।** मोहम्मद का मानना है कि अमेरिका को हर देश के अंदरूनी हालात में दखल देने से बचना चाहिए। इस सिलसिले में वह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, बाब-अल-मंदेब, स्वेज नहर की स्वतंत्रता बनाए रखने का जिक्र करते हैं। उनकी यह सलाह कितनी सही थी, यह हालिया ईरान युद्ध में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर स्पष्ट दिखा। मोहम्मद का कहना है कि अमेरिका को यह देखना होगा कि हिंद-प्रशांत और यूरोप को जोड़ने वाले समुद्री और सड़क मार्ग पर किसी एक देश का नियंत्रण न हो। वह दिखाते हैं कि लाल सागर, अरब सागर, तुर्किये और भारत जैसे आउटपोस्ट हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा निर्धारित करते हैं। अगर इन्हें बाधित किया गया तो जहाजों को अपना रास्ता बदलना होगा, जिससे समुद्री मार्ग से माल ढुलाई की लागत बढ़ेगी।

**आंदोलनों की अनदेखी ।** इस किताब में मोहम्मद ने प्रैक्टिकल नजरिया अपनाया है। इसलिए इसमें लोकतंत्र, मानवाधिकार, अलगाववादी संघर्षों और सामाजिक आंदोलनों के मुकाबले सत्ता संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया गया है। यह इस किताब की एक बड़ी खामी भी है। रीडर को लगता है कि इसमें सत्ताधारियों के लिहाज से बातें कही गई हैं और आम लोगों के पहलू को नजरअंदाज किया गया है। फिर पश्चिम एशिया के राजतंत्रों पर भी जो भरोसा जताया गया है, उसमें इस बात का ध्यान नहीं रखा गया है कि उनके लिए देश के अंदर भी चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं।

### रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

## स्थायी समाधान चाहिए

**2 मई** का संपादकीय 'रुपये का संकट' पढ़ा। वर्तमान हालात संकेत देते हैं कि वैश्विक तनाव, विशेषकर ईरान से जुड़े संघर्ष और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, भारतीय अर्थव्यवस्था पर गंभीर दबाव डाल रही हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट केवल मुद्रा संकट नहीं, बल्कि बढ़ते आयात बिल और विदेशी निवेश की निकासी का परिणाम है। यदि क्रूड ऑयल 120-150 डॉलर के स्तर पर बना रहता है, तो महंगाई, चालू खाता घाटा और विकास दर पर नकारात्मक असर पड़ेगा। भविष्य में स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो सकती है, खासकर यदि वैश्विक आपूर्ति शृंखला बाधित रहती है। ऐसे में भारत को स्थायी समाधान पर तेजी से काम करना होगा।

**राघव चौधरी,** नोएडा

**nbtedit@timesofindia.com** पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

आर.एन.आई. नं. 510/57© सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति के बिना संपूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित। यह समाचार पत्र स्वत्वाधिकारी बैनेट, कोलमैन एण्ड कम्पनी लिमिटेड के लिए राजीव यादव द्वारा, 7 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित, आशीष पांडे द्वारा संपादित (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी) तथा मनीष सिन्हा द्वारा, **टाइम्स ऑफ इंडिया प्रेस, 13/1 & 2, साइट IV, औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद, गाजियाबाद (उ.प्र.)** से और नवनीत आहूजा द्वारा, प्लॉट नंबर 7-8, सेक्टर-11, IMT मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा-122051 से मुद्रित। फोन : 23302000, पंजीकृत कार्यालय : दादाभाई नौरोजी रोड, मुंबई-400001। विमानसेवा शुल्क: 1 रु. प्रति कॉपी। नेपाल में कुल मूल्य: सोमवार से शनिवार: नेपाली 5 रु. ; रविवार: नेपाली 6 रु.

संपादकीय

# परीक्षा नव्हे, बोर्डच 'नॉमिनल'!

**राज्य** शिक्षण मंडळाचा बारावीचा निकाल यंदाही नेहमीप्रमाणे मुलींची गुणवत्ता सिद्ध करणारा ठरला, तर राज्याच्या निकालात मराठवाड्यातील लातूर बोर्ड पुन्हा एकदा इतर विभागीय मंडळांच्या तुलनेत तळाला राहिले. जोवर बोर्डाच्या गुणांवर वैद्यकीय, अभियांत्रिकीसह व्यावसायिक अभ्यासक्रमांचे प्रवेश निश्चित होत होते, तोवर निकालात उच्चांक गाठणारे बोर्ड आता का मागे पडले? तीन जिल्ह्यांचे कार्यक्षेत्र असलेल्या बोर्डात लातूरचा निकाल सुमारे ९० टक्के आहे. परंतु इतर दोन जिल्ह्यांच्या निकालाची टक्केवारी मागे पडल्याने बोर्डाचा सरासरी निकाल घसरला. त्याहून अधिक महत्त्वाचा मुद्दा, विद्यार्थ्यांचा प्राधान्यक्रम, पॅटर्न बदलला आहे. तळ गाठणारे बोर्डाचे क्षेत्र नीट, जेईईमध्ये मात्र शिखरावर आहे. हीच सध्याच्या निकालाची दुसरी बाजू आहे. एमबीबीएस, बीएएमएस आणि बीडीएस अभ्यासक्रमासाठी शासकीय जागांवर गुणवत्तेवर प्रवेश निश्चित होणाऱ्या यावर्षीच्या राज्यातील एकूण २० हजार ९६३ गुणवंतांमध्ये मराठवाड्यात शिक्षण घेतलेले ७ हजार ९९२ विद्यार्थी आहेत. स्पर्धा परीक्षा, व्यावसायिक अभ्यासक्रमांच्या परीक्षांकडे ओढा आहे. त्यामुळे मूलभूत शिक्षण आणि त्याचे शिक्षणक्रम, अभ्यासक्रम, उपक्रम हे कौशल्याच्या दिशेने जाणे गरजेचे आहे. नवे शैक्षणिक धोरण तेच सांगते. परंतु बदलाची गती आणखी वाढवावी लागेल. गुणवत्तेची अपेक्षा ठेवताना, दर्जेदार आणि एका दिशेने जाणारी शिक्षणव्यवस्था उभी करण्याचे प्रयत्न, प्रयोग सतत करत राहावे लागतील. जे खासगी शिकवण्यांमध्ये मिळते ते शाळा, महाविद्यालयांत का मिळत नाही, हा प्रश्न विचारणारा पालक खासगी शिकवणी वर्गाच्या दारात का उभा राहतो? शाळा, महाविद्यालये कमी पडतात, की विद्यार्थ्यांच्या आधी पालकांना स्पर्धा जिंकायची आहे? प्रश्न असंख्य आहेत, मात्र वास्तव हेच आहे की खासगी, समांतर शिक्षणव्यवस्था उभी आहे. बहुतांश पालकांना ती गरजेची वाटते. यावर अनेक बाजूंनी मत-मतांतरे होतील, परंतु शाळा, महाविद्यालयांतील शिक्षण अबाधित ठेवून पुढे जाणे हिताचे आहे. अन्यथा महाविद्यालयांतील प्रवेश नॉमिनल की बोर्डच 'नॉमिनल' (नावापुरते) या प्रश्नाचा अभ्यास शिक्षण खात्याला करावा लागेल. एकंदर बारावी बोर्डात किमान गुण मिळवून विद्यार्थी प्रवेशपूर्व परीक्षांकडेच लक्ष केंद्रित करताना दिसत आहेत. त्याचवेळी बोर्ड आणि प्रवेश परीक्षा हे दुहेरी ओझे विद्यार्थ्यांच्या पाठीवर आहे. नव्या शैक्षणिक धोरणाच्या मार्गाने आपण जात असताना विद्यार्थ्यांना त्यांच्या आवडीच्या क्षेत्रावर लक्ष केंद्रित करता आले पाहिजे. महाराष्ट्रात वैद्यकीय अभ्यासक्रमांना प्रवेश हवा असेल, तर बारावी बोर्ड परीक्षेत खुल्या जागेवर किमान ५० आणि मागास प्रवर्गासाठी ४० टक्के गुण असावेत, असा निकष आहे. जेईईसाठी मात्र ७५ आणि ६५ टक्के निकष आहे, तर अन्य अभियांत्रिकी व तंत्रशिक्षण प्रवेशासाठी ४४.५ आणि ३९.५ टक्के इतकेच गुण हवे आहेत. खरी स्पर्धा सुरू होते ती इथेच! बारावी उत्तीर्ण होऊन पुढील शिक्षणासाठी प्रवेश परीक्षेतील गुणच महत्त्वाचे असल्याने स्वाभाविकच विद्यार्थ्यांचे लक्ष प्रवेशपूर्व परीक्षांकडे वळले आहे. कमी-अधिक फरकाने कला, वाणिज्य क्षेत्रातील व्यावसायिक उच्चशिक्षणासाठी तीच स्थिती आहे. एक परीक्षा-एक अभ्यासक्रम असावा, मग बोर्ड कोणतेही असो. त्याही पुढे जाऊन सर्व प्रवेश परीक्षांचे मार्ग दहावी आणि बारावीच्या अभ्यासक्रमातूनच पुढे गेले पाहिजेत. तरच बोर्डाच्या पुस्तकांना आणि वर्गांना किमान महत्त्व राहील. तसे करायचे नसेल तर किमान जशा परीक्षा तसा दहावी-बारावीचा अभ्यासक्रम, असे स्वरूप असेल तरच विद्यार्थी वर्गात बसतील. 'नॉमिनल ॲडमिशन' आहे, हे सांगताना कोणालाही संकोच वाटत नाही, पुढेही वाटणार नाही. जिथे स्पर्धा तिथे अभ्यास आणि जिथे अभ्यास तिथे गुणवत्ता, हे सरळ सूत्र आहे. दहावीनंतर अकरावीसाठी नामांकित महाविद्यालयांमध्ये प्रवेश मिळवण्यासाठी ज्या शहरांमध्ये स्पर्धा आहे तिथे दहावी बोर्डाचे महत्त्व अजूनही आहे. शिवाय दहावीनंतर तंत्रशिक्षण आणि अनेक अभ्यासक्रमांचे प्रवेश अवलंबून असल्याने दहावी बोर्ड गुणांची मोजदाद काहीअंशी अजून शिल्लक आहे. आता तिथेही 'फाउंडेशन कोर्स' अशी व्यवस्था उभी राहत आहे. दहावीनंतर मात्र कला शाखेचा काही बाबतीत अपवादवगळता विज्ञान आणि वाणिज्य शाखेसाठी बारावी बोर्ड जवळपास नाममात्र ठरले आहे. या साऱ्या प्रश्नांचा अभ्यास करून पुढे जावे लागणार आहे.

# या रक्तरंजित काळात कोहिनूरची आठवण का व्हावी?

## 'टॉवर ऑफ लंडन'मध्ये मी कोहिनूर पाहिला आहे. तो भारतात परतेल? कोहिनूर आपली जागा बदलत राहतो... काय सांगावे, येईलही घरी परत!



**डॉ. विजय दर्डा**
चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड, लोकमत समूह

**कोणताही** काळ स्वतःला रक्तरंजित करून घेत नाही, परंतु काळाच्या कुशीत वाढणारा माणूस त्याला रक्तरंजित करत असतो. सध्याचा काळ असाच आहे. अशा रक्तरंजित काळात न्यूयॉर्कचे महापौर जोहरान ममदानी यांना जगातील सर्वात नामांकित हिरा कोहिनूरची आठवण येऊन तो भारतात पाठवण्याची इच्छा व्हावी? -आश्चर्य तर वाटलेच. मग, मनात विचार आला, यात काही राजकारण तर नाही?

एप्रिलच्या शेवटी ब्रिटनचे राजे चार्ल्स अमेरिका दौऱ्यावर होते. त्यांच्या दौऱ्याच्या एकच दिवस आधी पत्रकारांशी बोलताना ममदानी यांना पत्रकारांनी विचारले, न्यूयॉर्कमध्ये चार्ल्स यांची भेट झाली, तर त्यांना काय सांगाल? - ममदानी म्हणाले, त्यांच्याशी बोलण्याची संधी मिळाली, तर मी कोहिनूर हिरा भारताला परत करायला सांगेन!

२९ एप्रिलला राजे चार्ल्स आणि राणी कॅमिला यांनी ९/११ चे स्मृतीस्थळ आणि संग्रहालयाला भेट दिली. पीडितांच्या कुटुंबांना भेटले. तेव्हा, काही वेळ ममदानी यांच्याशी चार्ल्स बोलले. त्यांनी एकमेकांना अभिवादन केले, परंतु या भेटीत ममदानी यांनी कोहिनूरचा विषय काढला का, हे कळू शकलेले नाही.

परंतु पत्रकारांच्या समोर कोहिनूरचा मुद्दा उपस्थित करून ममदानी यांनी ब्रिटिश वसाहतवादाचा पूर्वइतिहास तर छेडलाच आहे. हा नावाजलेला हिरा परत करावा, अशी मागणी भारत वारंवार करत आलेला आहे. आता कोणी म्हणेल, न्यूयॉर्कच्या महापौरांना कोहिनूरशी काय देणे-घेणे? ममदानी यांची आई भारतीय वंशाची. त्या नात्याने कोहिनूरवर मत व्यक्त करण्याचा त्यांना हक्क आहे. परंतु, तेवढेच नाही. ममदानी यांनी कोहिनूर परत करण्याचा मुद्दा काढून स्वतःची प्रतिमाही उंचावून घेतली आहे. वास्तवात ममदानी केवळ ट्रम्प यांच्यावरच नव्हे, तर अनेकदा भारतावरही कठोर टीका करत असतात. परंतु, कोहिनूरच्या माध्यमातून त्यांनी भारतीय जनमानस आणि अमेरिकेत स्थायिक झालेल्या भारतीयांना आपल्या जवळ आणण्याचा प्रयत्न केला आहे. ब्रिटनचा राजा अमेरिकेच्या दौऱ्यावर असताना, कोहिनूरचा विषय काढणे सोपे नव्हे. त्यासाठीही जिगर पाहिजे.

यासंदर्भात मला अचानक ऑक्सफर्ड युनियनमध्ये शशी थरूर यांनी केलेले धुवांधार भाषण आठवले. 'ब्रिटनने आपल्या वसाहतींची लूट करून स्वत:चे घर भरले' हे सप्रमाण सांगताना थरूर म्हणाले होते, ब्रिटिश भारतात आले, तेव्हा जागतिक जीडीपीत भारताचा वाटा २३ ते २७% च्या दरम्यान होता; ते जेव्हा गेले, तेव्हा हा वाटा तीन टक्क्यांपेक्षाही कमी झालेला होता. ब्रिटनचा औद्योगिक विकास भारतीय साधनसामग्रीची लूट करून झालेला आहे.' ब्रिटनने वसाहतींच्या काळात केलेले अत्याचार, लूट आणि



हत्यांसाठी भारताची माफी मागितली पाहिजे, असेही थरूर यांनी ठणकावले होते.

ब्रिटनने केलेल्या लुटीमुळेच आज कोहिनूर भारताकडे नसून ब्रिटनकडे आहे, हे उघड होय. जाणकार म्हणतात, सध्याच्या स्थितीत कोहिनूरची किंमत एक अब्ज डॉलर्सपेक्षाही जास्त होईल. परंतु, त्या किमतीपेक्षाही जास्त महत्त्वाची गोष्ट ही की, कोहिनूर हा भारताचा गौरव आहे. कोहिनूर या शब्दाचा अर्थ आहे, प्रकाशाचा पर्वत. हा हिरा भारतातून ब्रिटनमध्ये गेला त्याचा प्रवासही रक्तरंजित कहाण्यांनी भरलेला आहे. इतिहासकार असे मानतात की, तेरा ते चौदाव्या शतकात केव्हा तरी आंध्र प्रदेशच्या गुंटूर जिल्ह्यातील गोवळकोंडा खाणीतून हा हिरा निघाला होता. आजही तो जगभरात अद्वितीय मानला जातो. त्यावेळी कोहिनूर सुमारे ७९३ कॅरेटचा होता. अनेक वेळा पैलू पाडल्यानंतर आता तो १०५.६ कॅरेटचा आहे.

खोदकामानंतर तो काकतीय राजवंशाकडे आला. इतक्या मोठ्या हिऱ्याची कीर्ती पसरणे स्वाभाविकच होते. चौदाव्या शतकात अल्लाउद्दीन खिलजीचा सेनापती मलिक काफर याने जेव्हा दक्षिण भारतावर हल्ला केला, तेव्हा त्याला कोहिनूर शोधायचा होता. त्यात त्याला यश मिळाले आणि कोहिनूर अल्लाउद्दीन खिलजीच्या ताब्यात आला. १५२६ मध्ये पानिपतच्या पहिल्या लढाईनंतर तो बाबरकडे आला. बाबरचा पणतू शहाजहानने हा हिरा आपले सिंहासन 'तक्त ए ताऊस'मध्ये जडवून घेतला होता. १७३९ मध्ये नादिरशहाने दिल्लीची लूट केली, तेव्हा त्याने कोहिनूर पर्शियात (सध्याचे इराण) नेला. त्यानेच या हिऱ्याला कोहिनूर हे नाव दिले. नादिरशहानंतर हा हिरा अहमदशाह अब्दाली व त्याच्या वंशजांकडे राहिला.

१८१३ मध्ये हा हिरा पुन्हा मिळवण्यात महाराजा रणजीत सिंह यांना यश आले, असे इतिहास सांगतो. परंतु, त्यावर ब्रिटिश साम्राज्याची वाईट नजर होती. रणजीत सिंह यांच्या मृत्यूनंतर त्यांचे पुत्र दलीप सिंह केवळ पाच वर्षांचे वय असताना महाराजा झाले. १८४९ मध्ये पंजाबला ब्रिटिश शासनाच्या अधिपत्त्याखाली आणण्याच्या प्रक्रियेत झालेल्या एका समझोत्यानुसार ब्रिटिशांनी कोहिनूर ताब्यात घेतला. अशा प्रकारे कोहिनूर लंडनला गेला. आता ब्रिटनचे म्हणणे असे की, हा हिरा कायदेशीर रीतीने आम्ही हस्तगत केला आहे. एका अल्पवयीन राजाला घाबरवून जो करार केला गेला त्याला करार म्हणायचे की कपट? - हे तर कपटच झाले!

मी टॉवर ऑफ लंडनमध्ये कोहिनूर पाहिला आहे. त्याच्याकडे पाहिल्यावर तो आपला वाटतो. तो कधी भारतात परतू शकेल? कोहिनूर आपली जागा बदलत असतो, असे इतिहास सांगतो. काळाचे काय सांगावे? कदाचित कोहिनूर घरी परत येईलही आणि भारताच्या मुकुटात जडेल!

vijaydarda@lokmat.com
डॉ. विजय दर्डा यांचे समग्र लेखन वाचण्यासाठी स्कॅन करा :

अन्वयार्थ

# कामगारांचा संताप आता रस्त्यावर उतरू लागला आहे, कारण..

## दुर्लक्षित राहिल्याचा संताप कामगारांच्या मनात साचत जाणे कुणासाठीच हितावह नाही. 'विश्वासा'च्या बळावरच कारखाने विकासाची इंजिने बनू शकतात.



**अनिल वासनिक**
ज्येष्ठ पत्रकार, नागपूर

**देशातील** मुख्य औद्योगिक केंद्रांमधील असंघटित कामगार आपल्या उदरनिर्वाह आणि जगण्याच्या हक्कासाठी अजूनही संघर्ष करत आहेत. असुरक्षित आणि धोकादायक कामाच्या परिस्थितीमुळे, कमी आणि अनियमित वेतनामुळे, सामाजिक आणि आरोग्य संरक्षणाच्या अभावामुळे तसेच जात आणि लिंगभेदभाव व संस्थात्मक शोषणाच्या सातत्यामुळे औद्योगिक शहरातील कंत्राटी कामगार प्रभावित आहेत.

भारतातील औद्योगिक क्षेत्रातील कामगार, रोजंदारी मजुरांसह सर्वच असंघटित कामगारांची स्थिती अजूनही विदारक आहे. त्यात विशेष सुधारणा झालेली नाही. उलट त्यांच्यावर १०-१२ तास काम करण्याची सक्ती केली जात आहे. विविध कामगार कायदे आणि कल्याणकारी योजना असूनही त्यांचे शोषण अव्याहत सुरूच आहे.

वाढत्या महागाईने सर्वसामान्य माणसाची जीवनशैली आणि उपजीविकेवर गंभीर परिणाम केला आहे. या काळातच कामगारांचे वेतन कमी होत आहे. उपजीविका अधिकाधिक कठीण होत असताना आणि त्यावर कोणताही तोडगा दिसत नसल्याने, या कामगारांचा संताप रस्त्यावर उतरत आहे. मागे, उत्तर भारतातील नोएडा, मनेसर, फरिदाबाद आदी औद्योगिक शहरातील हिंसक संघर्षामुळे भारतीय औद्योगिक व्यवस्थेतील विसंगती उघड झाली.

कामगारांमधील दीर्घकाळापासूनचा असंतोष, कंत्राटी पद्धत, सामाजिक सुरक्षेचा अभाव, कमी वेतन, वाढते भाडे आणि असमान सुविधा या सर्वांमुळे कामगारांमध्ये निराशा आणि संताप निर्माण होत आहे. औद्योगिक केंद्रांमधील अनेक कंपन्या कामगारांची थेट भरती करण्याऐवजी कंत्राटदारांमार्फत करतात. कंत्राटदार आपल्या मर्जीनुसार कामगारांना कामावर ठेवतात, वेतन निश्चित करतात आणि अनेकदा त्यांच्यावर अवाजवी कामाचा बोजा टाकतात. या महागड्या शहरात असंख्य कामगारांना उदरनिर्वाह करण्यासाठी मिळणारा पगार पुरेसा नाही.

कंत्राटदारांमार्फत कामावर ठेवलेल्यांना साध्या सुविधाही मिळत नाहीत. त्यांना पीएफचे संरक्षण, ईएसआयसीची मदत किंवा आजारपण व आपत्कालीन परिस्थितीत नोकरीची हमी, यापैकी काहीही मिळत नाही. कायमस्वरूपी कर्मचाऱ्यांना रजा, विमा आणि इतर लाभ मिळतात, तर नैमित्तिक किंवा कंत्राटी कामगारांना वेगळी वागणूक दिली जाते. अनेक ठिकाणी, महिलांना समान काम-समान वेतन मिळत नाही. या भेदभावामुळे कामगारांमधील असंतोष सातत्याने वाढत आहे.

सरकार किमान वेतनाचे आदेश जारी करत असले तरी, त्यांचे सार्वत्रिक पालन होत नाही. नियम पुस्तकांमध्ये आणि सरकारी कागदपत्रांमध्ये अस्तित्वात असले तरी, प्रत्यक्षात त्यांची परिणामकारकता मर्यादित आहे. सर्वात खालच्या स्तरावरील कामगारांना अनेकदा या लाभांपासून वंचित ठेवले जाते. नोकरी जाण्याची भीती सतत डोक्यावर असल्याने, ते तक्रार करायलाही घाबरतात. मोठ्या औद्योगिक शहरात, घरभाडे, अन्न, वैद्यकीय उपचार आणि कुटुंबाच्या गरजा भागवण्यासाठी किमान पुरेसा मोबदला मिळत नाही.

दुसरीकडे, अमेरिका-इस्रायल आणि इराण युद्धाने निर्माण झालेल्या आखाती संकटाचे थेट परिणाम वाढत्या महागाईच्या रूपात दिसून येत आहे. गॅस सिलिंडरवर आपला उदरनिर्वाह करणाऱ्या कामगारवर्गाची उपजीविका विस्कळीत झाली आहे. यामुळेच गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेशसह अनेक राज्यांमध्ये स्वयंपाकाच्या साहित्याच्या कमतरतेमुळे कामगार घरी परतू लागले आहेत.

निःसंशयपणे, वाढती महागाई आणि स्थिर वेतन यांच्यातील वाढती दरी अशांततेची मुळे अधिक खोलवर रुजवत आहे. हरियाणापाठोपाठ उत्तर प्रदेशसह अनेक राज्यांनी किमान वेतन वाढवण्याचा घेतलेला निर्णय या भीषण वास्तवाची कबुली दर्शवतो.

कामगारांच्या मनात दुर्लक्षित असल्याची भावना एक अस्थिर वातावरण निर्माण करते. परंतु स्थिर आणि प्रेरित मनुष्यबळाशिवाय उत्पादन क्षेत्राच्या दीर्घकालीन आर्थिक परिवर्तनाच्या महत्त्वाकांक्षा अशक्य आहेत. औद्योगिक अशांतता केवळ उत्पादन आणि गुंतवणुकीपुरती मर्यादित नाही. निःसंशयपणे, आर्थिक प्रगती सर्वसमावेशक असली पाहिजे. शासन कामगार-हितैषी असले पाहिजे. केवळ विश्वास निर्माण करूनच आपले कारखाने विकासाची इंजिने बनू शकतात.

wasnik123@rediffmail.com

जगभर

# अमेरिका आणि इस्रायलवर ढगचोरीचे आरोप!

**अमेरिका-इस्रायल** आणि इराण यांच्यातील युद्धामुळे जगावरील युद्धाचे ढग गडद होत असतानाच खऱ्याखुऱ्या ढगांवरून आता नवंच युद्ध पेटलं आहे. त्यावरून दावे-प्रतिदावे आणि नवे वादविवाद सुरू झाले आहेत. इराण युद्धाच्या पार्श्वभूमीवर इराकचे खासदार अब्दुल्ला अल - खैखानी यांनी अमेरिका आणि इस्रायलवर मध्यपूर्वेतील ढग चोरण्याचा आरोप केला आहे.

अब्दुल्ला अल-खैखानी यांचं म्हणणं आहे, अमेरिका आणि इस्रायल अनेक वर्षांपासून विमानांच्या मदतीनं मध्य पूर्वेतले ढग चोरत आहेत. याच कारणामुळे या प्रदेशात बऱ्याच काळापासून दुष्काळ पडतोय. अमेरिका आणि इस्रायल सध्या इराणसोबतच्या युद्धात गुंतले आहेत, त्यामुळे ढग चोरण्याकडे त्यांचं तितकंसं लक्ष नाही, त्यामुळेच पाऊस या भागात पुन्हा परत आलाय!

अब्दुल्ला यांनी दावा केलाय की, हवामान बदलणाऱ्या शस्त्रांचा वापर करून अमेरिका आणि इस्रायलनं मध्यपूर्वेत दुष्काळ निर्माण केलाय. वायुमंडलात बदल करून जाणीवपूर्वक पाऊस थांबविण्यात आला. ढगचोरीसाठी 'ॲटमॉस्फेरिक मॉडिफिकेशन वेपन'चा वापर करण्यात आला.

अब्दुल्ला यांच्या विधानानंतर सोशल मीडियावर या दाव्याबाबत घमासान चर्चा सुरू आहे. यासंदर्भातील एका पोस्टमध्ये म्हटलं आहे की, युद्धामुळे अमेरिकन विमानं तुर्कियेच्या हवाई क्षेत्रात जाऊ शकत नाहीत, त्यामुळेच सध्या तिथे सतत पाऊस पडतोय. नाहीतर याआधी इथला पाऊस कुठे गेला होता? तो आपोआप सुरू झालेला नाही आणि आपोआप थांबलाही नव्हता. ही पोस्ट दहा लाखांहून अधिक वेळा पाहिली गेली.

काही यूझर्सनी दावा केलाय की, इराणमध्ये दशकांपासून चालू असलेला दुष्काळ, अमेरिकेच्या तळांवरील हल्ल्यानंतर पाच दिवसांत संपला!



मात्र यासंदर्भात हवामानतज्ज्ञांचं म्हणणं आहे की, अशाप्रकारे ढग चोरण्यासाठी कोणतंही तंत्रज्ञान उपलब्ध नाही. इराक हवामान विभागाचे प्रवक्ते अम्र अल - जबिरी यांनी म्हटलं आहे, हा दावा ना वैज्ञानिक आहे, ना तर्कसंगत! २०२६ हे वर्ष इराकसाठी पावसाचं ठरणार आहे, असा अंदाज मागच्या वर्षी सप्टेंबरमध्येच वर्तवण्यात आला होता.

तज्ज्ञांचं म्हणणं आहे, असे दावे विश्वासाच्या कमतरतेतून आणि हवामानाबाबतच्या अपुऱ्या समजुतीतून निर्माण होतात. हवामानबदलाचा हा परिणाम आहे. संयुक्त राष्ट्र विद्यापीठाचे कावेह मदानी यांच्या मते, क्लाउड सीडिंगला राजकीय शस्त्रासारखं दाखवलं जातंय. क्लाउड सीडिंगमध्ये ढगांवर छोटे केमिकल कण (उदाहरणार्थ सिल्व्हर आयोडाइड) टाकले जातात, ज्यामुळे पाऊस पडायला मदत होते. मात्र याचा परिणाम खूप मर्यादित असतो. विद्यमान ढगांमधून जास्तीत जास्त १५ टक्क्यांपर्यंतच पावसात वाढ करता येऊ शकते.

खलिफा युनिव्हर्सिटीच्या प्राध्यापक डायना फ्रान्सिस यांच्या मते, क्लाउड सीडिंगमुळे ढगांना थोडासा धक्का मिळतो. पण, हवामान नियंत्रणात येत नाही.

जागतिक हवामान संघटनेनुसार (WMO), गेल्या काही दशकांत या प्रदेशातील तापमान जागतिक सरासरीच्या दुप्पट वेगानं वाढलंय. यामुळं उष्णतेच्या लाटा जास्त काळ टिकतात आणि अधिक तीव्र होतात, तसेच पावसाचा पॅटर्नही अनियमित झालाय. एकूणच पाऊस कमी होत चाललाय. पण, जेव्हा पडतो तेव्हा खूप जोरात पडतो, ज्यामुळे फ्लॅश फ्लड किंवा दुष्काळाचा धोका वाढतो.

करनीती

# आयकर कायदा - जुने वाद, नवे नियम!




**अर्जुन (काल्पनिक पात्र) :** कृष्णा, आता नवीन आयकर कायदा २०२५ लागू होत आहे. एखाद्या करदात्याचे अपील १ एप्रिल २०२६ रोजी सीआयटी (ए) किंवा 'आयटीएटी' समोर सुरू असेल, तर ते पुन्हा दाखल करावे लागेल का?

**कृष्ण (काल्पनिक पात्र) :** नाही. १ एप्रिल २०२६ रोजी एखादे प्रकरण ट्रिब्युनल किंवा न्यायालयात सुरू असेल, तर ते जुना १९६१चा आयकर कायदा लागू असल्याप्रमाणेच पुढे चालेल. अंतिम निर्णय होईपर्यंत त्या प्रकरणावर जुनेच नियम लागू राहतील. १ एप्रिल २०२६ नंतर नवीन अपील दाखल झाले; पण ते २०२६-२७ पूर्वीच्या वर्षाशी संबंधित असेल, तरी त्या प्रकरणासाठी जुना कायदाच लागू होईल.

**अर्जुन :** नवीन कायदा लागू होण्याच्या आधी जर एखाद्या करदात्यावर सर्च कारवाई झाली असेल तर?

**कृष्ण :** अशा वेळी कारवाई कधी सुरू झाली हे महत्त्वाचे असते. जर कलम १३२ अंतर्गत सर्च किंवा कलम १३२ ए अंतर्गत जप्तीची कारवाई १ एप्रिल २०२६ पूर्वी सुरू झाली असेल, तर त्यासंबंधित सर्व प्रक्रिया जुन्या १९६१ च्या कायद्यानुसारच चालतील. अंतिम असेसमेंट ऑर्डर नवीन कायदा लागू झाल्यानंतर आली, तरी कर ठरवण्याची प्रक्रिया जुन्या कायद्यानुसारच होईल.

**अर्जुन :** रिव्हिजन ऑर्डरबाबतीत करदात्यांना काही दिलासा मिळेल का?

**कृष्ण :** रिव्हिजनची तरतूद (कलम ३७७) आधीसारखीच राहील; पण करदात्यांसाठी अधिक स्पष्टता देण्यात आली आहे. एखादा आदेश चुकीचा आणि सरकारच्या महसुलाला नुकसान करणारा असेल तरच त्याचे रिव्हिजन होऊ शकते.

**- उमेश शर्मा,** सीए

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

जेन झी

# पश्चिम बंगालच्या ग्रामीण भागातून उगवलेली जेन-झी 'पूजारिनी'

## इतर व्हायरल इन्फ्लुएन्सर्सप्रमाणे ना तिची राहणी आहे, ना भाषा; तरीही या 'व्हायरल' जगात तिने आपली जागा तयार केली आहे...



**राही श्रु. ग.**
सीनिअर रिसर्च फेलो
जवाहरलाल नेहरू विद्यापीठ

**शाळा,** कॉलेजच्या वयात जेन-झींना कोविड लॉकडाऊनसारख्या अनेक समस्यांचा सामना करावा लागला आहे, मात्र अनेकांसाठी हा काळ एका नव्या सुरुवातीचादेखील ठरला. डिजिटल जगात बंद झालेले अनेक जण या काळात तिथून आपली सुटका करून घेण्यासाठी अनेक जुन्या छंदांकडे वळले. कोणी नव्याने स्वयंपाक करायला शिकले, तर कोणी चक्क विणकाम-भरतकाम करू लागले. काहींनी पुस्तकं हातात घेतली. कॅरम, पत्त्यांपासून सागरगोट्यांपर्यंत कितीतरी बैठे खेळ पुन्हा जगण्याचा भाग झाले. कोणी व्यायाम करू लागले, तर काहींना नियमित फेरफटका मारताना पक्षीनिरीक्षणाची आवड लागली.

लॉकडाऊनच्या काळात अचानक गेलेल्या नोकऱ्यांमुळे आलेल्या अडचणीवर लोक उपाय शोधत होते. सोशल मीडियाच्या माध्यमातून वेगवेगळ्या वस्तूंची विक्री अनेक जण करू लागले. कलाकुसरीच्या वस्तूंसाठी फेसबुक, इन्स्टाग्राम आणि व्हॉट्सॲपवर बाजारपेठ मिळाली. होतकरू चित्रकारांनी आपल्या कामाच्या 'प्रिंट ऑन डिमांड' आवृत्ती सोशल मीडियावर विकायला सुरुवात केली. केक करायला शिकलेले लोकांना गरजेनुसार केक पोहोचवू लागले.

डिजिटल जगाचे नागरिक असलेल्या जेन-झीच्या हाती कितीतरी उपयोगी गोष्टी लागल्या. यावर्षी मोठ्या चर्चेचा विषय ठरलेली पूजारिनी प्रधान ही तरुणी ही या जेन-झी उद्योजक गटाचं एक ठळक उदाहरण. पश्चिम बंगालच्या ग्रामीण भागात राहणाऱ्या पूजाने इन्स्टाग्रामवर व्हिडीओ करायला सुरुवात केली. आज तिचे जवळपास ८ लाख फॉलोअर्स आहेत.



हीच ती पूजारिनी प्रधान

साध्या पत्र्याच्या घरात राहणारी पूजा 'व्हायरल' ठरली, कारण ती ज्या वातावरणात राहते त्याठिकाणी राहणाऱ्या बायकांबद्दल लोकांच्या मनातले पूर्वग्रह आणि गृहीतकं तिने मोडून टाकली. इंग्रजीमध्ये तिने वाचलेल्या असंख्य जागतिक पुस्तकांवर आणि सिनेमांवर तिने व्हिडीओ केले. तिची परखड मतं मांडली. समाज आणि महिलांच्या हक्कांवर गंभीर टिप्पणी केली. तिला व्हिडीओची स्क्रिप्ट लिहून, ते रेकॉर्ड करून एडिट करायला वेळ देता यावा म्हणून तिचा नवरा स्वयंपाकासारख्या घरगुती कामांची जबाबदारी घेतो, हे तिने वारंवार सांगितलं. तिचं घर आणि रोजचं जगणंदेखील सहजपणे तिच्या व्हिडीओमध्ये येत राहिलं. इतर व्हायरल इन्फ्लुएन्सर्सप्रमाणे ना तिची राहणी होती, ना भाषा. तरी तिने आपली जागा मिळवली आणि त्यातून ती आर्थिकदृष्ट्या स्वावलंबीही झाली. नेटफ्लिक्स आणि ऑडिबलसह अनेक अनेक मोठ्या कंपन्यांबरोबर तिने 'कोलॅबरेशन्स' केली.

तिच्या यशाच्या या चढत्या आलेखानंतर ती अस्सल निर्माती नाहीच, तर बाजाराने आणून बसवलेलं प्यादं आहे, अशी तिच्यावर टीकाही झाली. या टीकेला उत्तर देताना तिने तिच्या व्हिडीओचं लिखाण आणि निर्मिती तीच करत असली तरी आता एक टीम तिची 'कोलॅबरेशन्स' पाहते, हा खुलासा तिने केला. सगळ्याच शहरी, श्रीमंत इनफ्लुएन्सर्सकडे अशा टीम असतात, पण त्याचा कोणाला त्रास होत नाही, पण मी मात्र खुपते, कारण या लोकांची अपेक्षा असते की मी प्रत्येक व्हिडीओमध्ये किती गरीब बिचारं आयुष्य जगतेय हे दाखवावं! जेन-झी हे शहरी उच्चमध्यमवर्गीय आहेत, असं चित्र निर्माण झालेलं असलं तरी पूजारिनीसारखे जेन झीदेखील आपल्या स्वतंत्र ओळखीसह जगासमोर येत आहेत.

raheeshrutiganesh@gmail.com

तिरकस आणि चौकस — गजानन घोंगडे




हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

संपादकीय जागरण

सोमवार, 4 मई, 2026 : ज्येष्ठ कृष्ण – 3 वि. 2083

**मन को स्थिर करना मानव जीवन की सबसे बड़ी चुनौती है**

# आग का सिलसिला

**गर्मियां बढ़ते** ही घरों, कारखानों और अन्य स्थलों में आग लगने की घटनाओं का सिलसिला तेज होना इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि अभी तो तापमान और ज्यादा बढ़ने के आसार हैं। इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि आग लगने की ज्यादातर घटनाएं एसी में ब्लास्ट अथवा शार्ट सर्किट होने की वजह से हो रही हैं। गत दिवस दिल्ली के विवेक विहार में एक चार मंजिला इमारत के फ्लैट में एसी में ब्लास्ट होने से इतनी भयंकर आग लगी कि अन्य फ्लैट भी उसकी चपेट में आ गए और नौ लोगों की जान चली गई। इसके एक दिन पूर्व दिल्ली के ही जौहरीपुर में एसी में ब्लास्ट होने से एक बच्चे की जान चली गई थी। इसके और पहले दिल्ली के ही निकट इंदिरापुरम में एक बहुमंजिला इमारत में शार्ट सर्किट से आग भड़की। इस आग में लोगों की जान तो नहीं गई, लेकिन कई फ्लैट पूरी तरह से खाक हो गए। इस घटना में यह भी सामने आया कि गाजियाबाद का अग्निशमन विभाग ऐसे पर्याप्त उपकरणों से लैस नहीं था कि वह आग पर शीघ्र काबू पा पाता। ये घटनाएं तो केवल दिल्ली और उसके आसपास की हैं। ऐसी घटनाएं अन्य शहरों में भी सामने आ रही हैं और ज्यादातर के पीछे एसी अथवा किसी अन्य बिजली उपकरण में खामी-खराबी को रेखांकित किया जा रहा है। इसका मतलब है कि अपने यहां बिजली उपकरणों के निर्माण में गुणवत्ता संबंधी मानकों की अनदेखी हो रही है। ऐसा लगता है कि एसी के मामले में यह कुछ ज्यादा ही हो रहा है। जो भी हो, उन नियम-कानूनों को सही तरह से अमल में लाने की आवश्यकता है जो यह सुनिश्चित करते हैं कि बिजली उपकरणों का निर्माण निर्धारित गुणवत्ता के हिसाब से हो।

अपने देश में बिजली समेत हर तरह के उपकरणों की गुणवत्ता के मानक तो बने हुए हैं, लेकिन आम तौर पर यह देखने में आता है कि ऐसे उपकरणों का निर्माण करने वाली कंपनियां उनकी अनदेखी ही करती हैं। दोयम दर्जे के उत्पादों का निर्माण उपभोक्ताओं के साथ किया जाने वाला छल ही है। कई बार तो यह छल जानलेवा साबित होता है। गुणवत्ताहीन उत्पादों का निर्माण कोई नई समस्या नहीं है। चूंकि इस समस्या का समाधान नहीं किया जा पा रहा है, इसलिए दोयम दर्जे के उत्पादों का बनना और बिकना जारी है। हालांकि प्रधानमंत्री कई बार कह चुके हैं कि उद्यमियों को अपने उत्पादों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करना चाहिए, क्योंकि वे अंतरराष्ट्रीय बाजार में तभी छाप छोड़ सकते हैं, जब उनके उत्पाद विश्वस्तरीय होंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि उनकी बातों का भी कोई असर नहीं पड़ रहा है। ऐसे में भारतीय मानक ब्यूरो को और अधिक सजगता एवं सक्रियता का परिचय देना होगा। जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक लोगों को बिजली उपकरणों का उपयोग करने में अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी।

# विस्तार की नई राह

**दिल्ली मेट्रो** रेल निगम (डीएमआरसी) ने अपने 32वें स्थापना दिवस पर फेज पांच (बी) के रूप में राजधानी की परिवहन व्यवस्था को एक नया विस्तार देने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री द्वारा सात नए कारिडोर की घोषणा महज बुनियादी ढांचे का विस्तार नहीं, बल्कि दिल्ली के भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर उठाया गया एक दूरगामी कदम है। 97.158 किमी की नई लंबाई और 65 नए स्टेशनों के साथ यह विस्तार दिल्ली के उन सुदूर इलाकों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेगा, जो अब तक बेहतर कनेक्टिविटी की प्रतीक्षा में थे।

> सात नए मेट्रो कारिडोर राष्ट्रीय राजधानी के सुदूर इलाकों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेंगे

लगभग 48,204.56 करोड़ की लागत वाला यह प्रोजेक्ट दिल्ली की अर्थव्यवस्था और शहरी गतिशीलता को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। वर्ष 1995 में शुरू हुई दिल्ली मेट्रो की यह यात्रा आज 416 किमी के बड़े नेटवर्क तक पहुंच चुकी है, जो विश्व स्तर पर एक मिसाल है। यह विस्तार दर्शाता है कि दिल्ली अब एक 'स्मार्ट सिटी' से आगे बढ़कर एक 'कनेक्टेड मेगालोपोलिस' बनने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री का यह आकलन भी बिल्कुल सटीक है कि सार्वजनिक परिवहन का सुदृढ़ीकरण ही प्रदूषण का स्थायी समाधान है।

## कह के रहेंगे

माधव जोशी




## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या आइपीएल का फार्मेट गेंदबाजों की मुश्किलें बढ़ाने वाला है?**




### आज का सवाल

क्या ग्रेट निकोबार परियोजना के विरोध का राहुल गांधी का रवैया सही है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। (सभी आकड़े प्रतिशत)

# दूरगामी नुकसान करा बैठे दक्षिणी राज्य



ए. सूर्यप्रकाश

> **अब जो परिसीमन होगा उसमें जनसंख्या ही मुख्य कसौटी बनेगी। इससे उत्तरी राज्यों की लोकसभा सीटें उससे भी अधिक बढ़ेंगी जो फार्मूला अभी केंद्र सरकार सुझा रही थी**

बीते दिनों कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दल संसदीय परिसीमन से जुड़े संवैधानिक संशोधन की राह में अवरोध पैदा करने में सफल रहे। इस कवायद में कांग्रेस को दक्षिण भारतीय नेताओं का व्यापक रूप से सहयोग मिला। इस घटनाक्रम की गहन पड़ताल करें तो नेताओं का यह रुख दक्षिणी राज्यों के लिए ही भारी भूल साबित हो सकता है। यह विडंबना ही है कि कांग्रेस, द्रमुक और माकपा जैसे दल इस मुद्दे की गहराई और गंभीरता को समझने में विफल रहे और उन्होंने एक बेहतर अवसर गंवा दिया। प्रस्ताव के सकारात्मक पहलुओं से अधिक मोदी सरकार के प्रति नफरत और नकारात्मकता ही उनके इस निर्णय का मुख्य आधार रही।

इस मुद्दे की गहराई में जाएं तो संविधान का अनुच्छेद 81 कहता है कि लोकसभा में प्रत्येक राज्य को सीटों की आवंटन प्रक्रिया में सीटों की संख्या और राज्य की जनसंख्या का अनुपात सभी राज्यों के लिए हरसंभव रूप से व्यावहारिक एवं एकसमान हो। इसी क्रम में अनुच्छेद 82 के अनुसार प्रत्येक जनगणना के बाद राज्यों को लोकसभा सीटों का आवंटन और प्रत्येक राज्य का प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजन 'ऐसी प्राधिकारी संस्था द्वारा और ऐसे तरीके से पुनर्गठित किया जाएगा जैसा कि संसद कानून द्वारा निर्धारित करे।" इस दृष्टि से सरकार और संसद के पास ही यह गुंजाइश है कि वे परिसीमन आयोग को 'व्यावहारिकता' पर विचार करने और केवल जनसंख्या के आंकड़ों पर ही कड़ाई से चलने के बजाय '50 प्रतिशत' से अधिक वाली संकल्पना को आगे बढ़ाने का निर्देश दे सकें। सरकार द्वारा लोकसभा सीटों में 'एकमुश्त 50 प्रतिशत' की वृद्धि संबंधी आश्वासनों की गंभीरता का भी संज्ञान लिया जाना चाहिए था।

वर्ष 1971 में परिसीमन न होने के बाद से ही लोकसभा सीटों की संख्या में बढ़ोतरी की मांग जोर पकड़ती रही। वर्ष 2001 में वाजपेयी सरकार के दौरान भाजपा नेता मदनलाल खुराना ने भी मुखरता से ऐसी मांग सामने रखते हुए लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 800 से अधिक करने की बात कही थी। हालांकि चंद्रबाबू नायडू, रामकृष्ण हेगड़े और करुणानिधि जैसे दक्षिण भारतीय नेताओं ने जनसंख्या के आधार पर परिसीमन को लेकर आपत्ति जताई। उनका मानना था कि दक्षिणी राज्यों ने केंद्र सरकार की परिवार नियोजन नीतियों को कहीं बेहतर तरीके से लागू किया था, ऐसे में जनसंख्या के आधार पर होने वाला परिसीमन उन्हें नुकसान पहुंचाता। इसके चलते ही नायडू ने एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री वाजपेयी के पास भेजा और परिसीमन को रोकने की मांग की। वाजपेयी ने इस मांग को स्वीकार किया और अनुच्छेद 81 में संशोधन का निर्णय लिया। इससे लोकसभा की मौजूदा सीटों को 2026 की जनगणना तक स्थिर रखा गया।



अवधेश राजपूत

इस संदर्भ में दक्षिणी राज्यों की संवेदनाओं को समझते हुए मोदी सरकार ने अनुच्छेद 81 के प्रविधानों को दरकिनार कर परिसीमन संबंधी संवैधानिक संशोधन में एक प्रस्ताव रखा, जिसके तहत सभी राज्यों की लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत की वृद्धि की जानी थी। यदि इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जाता तो दक्षिणी राज्यों के लिए लाभ की स्थिति बन सकती थी, लेकिन वहां के अधिकांश राजनीतिक दलों ने इसका अंधविरोध किया। तेलुगु देसम, जन सेना और वाइएसआर कांग्रेस जैसे दलों के समर्थन के बावजूद संविधान संशोधन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। दिलचस्प बात यही है कि यदि यह प्रस्ताव अमल में आता तो शायद उत्तरी राज्यों को जनसंख्या वृद्धि के बाद भी उसका अपेक्षित अनुपातिक लाभ नहीं मिलता। इसके बावजूद उनकी ओर से शिकायत सामने नहीं आई। चूंकि दक्षिणी राज्य इसका विरोध कर रहे थे, इसलिए शायद उन्हें यह महसूस हो रहा हो कि इसमें उनका कुछ फायदा ही हो।

यदि जनसांख्यिकी परिदृश्य की बात करें तो विशेषज्ञों का मानना है कि जनसंख्या को स्थिर रखने के लिए देश की कुल प्रजनन दर यानी टीएफआर 2.1 होनी चाहिए। इसका अर्थ है कि एक औसत महिला को अपने जीवनकाल में 2.1 बच्चों को जन्म देना चाहिए। यदि टीएफआर 2.1 से नीचे आए तो जनसंख्या घटने लगती है। भारत में 1970 के दौर से ही उत्तर और मध्य भारत के राज्यों की तुलना में दक्षिणी राज्यों की टीएफआर में स्पष्ट रूप से गिरावट दर्ज हुई थी। वर्ष 2001 के आंकड़े देखें तो भारत की टीएफआर काफी अधिक (3.2) थी, जो 2011 में गिरकर 2.4 रह गई। अब इसके घटकर 2 होने का अनुमान है, जो जनसंख्या स्थिरता की कसौटी के पैमाने से भी कम है। यह निश्चित ही एक उल्लेखनीय सुधार है, क्योंकि ढाई दशक पहले जनसांख्यिकी विशेषज्ञ और नीति-निर्माता ऊंची टीएफआर को लेकर अत्यंत चिंतित थे।

हालांकि इस उपलब्धि के बाद भी कुछ रुझान असंतुलन की ओर संकेत करते हैं। जैसे पिछले दो दशकों में दक्षिण भारतीय राज्यों की टीएफआर में भारी गिरावट आई है, जबकि उत्तर भारतीय राज्यों (बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश) में यह दर ऊंची बनी हुई है। वर्ष 2021 में उत्तरी राज्यों के अनुमानित टीएफआर की बात करें तो यह बिहार में 3, मध्य प्रदेश में 2.6, राजस्थान में 2.4 और उत्तर प्रदेश में 2.7 संभव है। यानी इन राज्यों में अगले कुछ दशकों के दौरान जनसंख्या वृद्धि का रुझान बना रहेगा। जबकि दक्षिणी राज्यों मे केरल, तमिलनाडु और आंध्र का टीएफआर 1.5 तक गिर चुका है। कर्नाटक और तेलंगाना में यह 1.6 है। इस तरह देखा जाए तो केरल और तमिलनाडु में 2001 से ही टीएफआर 2.1 से नीचे पहुंच गया, जबकि बड़े उत्तरी राज्यों में यह करीब चार के दायरे में रहा।

चूंकि जनगणना की प्रक्रिया आरंभ हो गई है, इसलिए परिसीमन अब अनुच्छेद 81 और 82 के प्रविधानों के अनुरूप ही होगा। इसमें जनसंख्या की कसौटी ही मुख्य आधार बनेगी तो उत्तरी राज्यों की सीटों में उससे भी अधिक बढ़ोतरी होगी जो फार्मूला अभी केंद्र सरकार सुझा रही थी। स्वाभाविक है कि दक्षिणी राज्यों को इसका राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ेगा, जिससे वे चाहते तो बच सकते थे। प्रतीत होता है कि तात्कालिक राजनीतिक लाभ के फेर में वे दूरगामी नुकसान करा बैठे हैं।

(लेखक लोकतांत्रिक विषयों के विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

response@jagran.com

# नागरिकों की समस्या बढ़ाते जटिल नियम



> **ओडिशा की घटना बताती हैं कि वित्तीय समावेशन का अगला चरण केवल बैंक खाता नहीं, बैंकिंग न्याय होना चाहिए**

डा. ब्रजेश कुमार तिवारी

ओडिशा के क्योंझर जिले की घटना केवल एक विचलित कर देने वाली खबर नहीं, बल्कि यह भारतीय प्रशासनिक और बैंकिंग व्यवस्था का एक कुरूप चेहरा भी है। एक आदिवासी व्यक्ति अपनी मृत बहन के बैंक खाते से लगभग 19,300 रुपये निकालने के लिए इतना विवश हुआ कि वह उसका कंकाल लेकर बैंक पहुंच गया। बैंक की ओर से कहा गया कि मृत्यु प्रमाणपत्र और कानूनी उत्तराधिकारी से जुड़े दस्तावेज आवश्यक थे, जबकि परिजन का आरोप था कि उसे बार-बार लौटाया गया। हालांकि डिजिटल मीडिया पर आलोचना के बाद प्रशासन के हस्तक्षेप से उन्हें उनकी राशि दे दी गई, पर बात यहीं नहीं खत्म होती। यह घटना इसलिए अधिक पीड़ादायक है, क्योंकि भारत ने पिछले एक दशक में वित्तीय समावेशन की बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत करोड़ों बैंक खाते खोले जा चुके हैं। इनमें बड़ी संख्या महिलाओं, ग्रामीण परिवारों और कमजोर वर्गों की है। इसका अर्थ है कि बैंकिंग अब केवल शहरों, वेतनभोगी वर्ग और शिक्षित लोगों की सुविधा नहीं रही, बल्कि गरीब, मजदूर, किसान, आदिवासी, महिला और असंगठित क्षेत्र के नागरिक के जीवन से सीधे जुड़ गई है, लेकिन यही उपलब्धि अब हमें एक नए प्रश्न के सामने खड़ा करती है कि खाता खोलना तो आसान हो गया, पर खाते का अधिकार पाना क्या सचमुच आसान हुआ?

ओडिशा की घटना बताती है कि वित्तीय समावेशन का अगला चरण केवल बैंक खाता नहीं, बल्कि बैंकिंग न्याय होना चाहिए। हालांकि बैंकिंग नियमों का अपना महत्व है। मृत जमाकर्ता के खाते से पैसा किसी भी व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता। धोखाधड़ी रोकना, वास्तविक उत्तराधिकारी की पहचान बैंक को भविष्य के विवादों से बचाना आवश्यक है, लेकिन नियम का उद्देश्य न्याय होना चाहिए, नागरिक को अपमानित करना नहीं। नियम सुरक्षा दें, भय नहीं। प्रक्रिया मार्गदर्शन दे, भ्रम नहीं। आरबीआइ ने भी मृत जमाकर्ताओं के दावों के निपटान को सरल और समयबद्ध बनाने पर जोर दिया है, लेकिन समस्या यह है कि नियमों की संवेदनशील व्याख्या शाखा स्तर तक नहीं पहुंचती। शहरों में बैंक कर्मचारी ग्राहक को फार्म, ईमेल, हेल्पलाइन और कस्टमर केयर से जोड़ देते हैं, लेकिन ग्रामीण भारत में बैंक शाखा ही नागरिक के लिए पूरा सिस्टम है। वहां शाखा प्रबंधक, बैंक मित्र, पंचायत सचिव, पटवारी, तहसीलदार और पुलिस, सभी मिलकर नागरिक के लिए 'राज्य' का चेहरा बन जाते हैं। यदि इस चेहरे पर संवेदना नहीं है, तो नागरिक के लिए लोकतंत्र कागजों का ढेर बन जाता है।



चौतरफा आलोचना के बाद टूटी बैंककर्मियों की नींद ● फाइल

आज भारत डिजिटल भुगतान, यूपीआइ, आधार और जन-धन के माध्यम से वित्तीय समावेशन की दुनिया में उदाहरण बन चुका है, लेकिन सूचकांक और योजनाएं अपने-आप गरीब नागरिक की समस्या हल नहीं करतीं। असली परीक्षा तब होती है जब कोई अशिक्षित, आदिवासी, विधवा, बुजुर्ग या अकेला व्यक्ति बैंक के काउंटर पर खड़ा होता है और पूछता है कि अब मुझे क्या करना है? सिस्टम को बदलने की शुरुआत यहीं से होनी चाहिए। सबसे पहले, मृत खाताधारक के छोटे दावों के लिए एक सरल दावा प्रक्रिया बनाई जानी चाहिए। यदि खाते में राशि एक लाख रुपये से कम हो, तो ग्राम पंचायत, स्थानीय राजस्व अधिकारी, आधार आधारित पहचान, परिवार रजिस्टर, मृत्यु की स्थानीय पुष्टि और दो गवाहों के आधार पर प्राथमिक दावा स्वीकार किया जाना चाहिए। बड़ी राशि के मामलों में ही विस्तृत जांच आवश्यक होनी चाहिए। हर बैंक शाखा में मृत दावा सहायता डेस्क या कम-से-कम एक प्रशिक्षित अधिकारी हो, जो परिजन को चरणबद्ध तरीके से बताए कि कौन-सा फार्म भरना है, मृत्यु प्रमाणपत्र कहां से बनेगा, कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाणपत्र की जरूरत कब है, नामिनी न होने की स्थिति में क्या करना है और दावा कितने दिन में निपटेगा? बैंक और स्थानीय प्रशासन के बीच एक फील्ड वेरिफिकेशन प्रोटोकाल भी होना चाहिए। यदि कोई गरीब, अशिक्षित या दूरस्थ क्षेत्र का नागरिक मृत खाताधारक का दावा लेकर आता है और दस्तावेज अधूरे हैं, तो बैंक उसे वापस न भेजे, बल्कि उसकी समस्या का समाधान करे। ग्रामीण भारत में सत्यापन केवल कागज से नहीं, समुदाय से भी होता है। सरपंच, वार्ड सदस्य, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका, ग्राम रोजगार सेवक ये सभी स्थानीय वास्तविकता से परिचित होते हैं। सिस्टम यदि इन्हें जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ जोड़े, तो गरीबों को दफ्तर-दफ्तर नहीं भटकना पड़ेगा।

इसके अलावा मृत्यु प्रमाणपत्र की प्रक्रिया को आसान और समयबद्ध बनाया जाना चाहिए। नामिनी को राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता अभियान का हिस्सा भी बनाया जाना चाहिए। आज करोड़ों बैंक खाते खुले हैं, लेकिन कितने खातों में नामिनी सही ढंग से दर्ज हैं, यह बड़ा प्रश्न है। अनक्लेम्ड डिपोजिट की समस्या को गंभीरता से लेना होगा। भारतीय बैंकों में हजारों करोड़ रुपये ऐसे खातों में पड़े हैं जिन पर किसी ने दावा नहीं किया है। लोगों का उत्तरदायित्व भी तय होना चाहिए। साथ ही सिंगल विंडो व्यवस्था भी होनी चाहिए, ताकि जब किसी व्यक्ति की मृत्यु हो, तो परिवार को बैंक, बीमा, पेंशन, राशन, आधार, भूमि रिकार्ड और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए अलग-अलग दफ्तरों में न जाना पड़े।

(लेखक जेएनयू के अटल स्कूल आफ मैनेजमेंट में प्रोफेसर हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

### प्रकृति से संवाद

जन्म से लेकर मृत्यु तक मनुष्य प्रकृति के सान्निध्य में ही पल्लवित और विकसित होता है। प्रकृति से संवाद का अर्थ है-उसमें व्याप्त नीरवता, परम शांति, नियमितता और निरंतरता को सूक्ष्मता से अनुभव करना। यह संवाद तभी संभव है, जब मनुष्य प्रकृति के निकट आए और उसे शांत भाव से निहारे।

दुर्भाग्यवश, आज भौतिकवादी जीवनशैली ने मनुष्य को प्रकृति से दूर कर दिया है। प्रकृति की शांति को अनुभव करने के लिए मौन आवश्यक है। पक्षियों का मधुर कलरव, नदियों की कल-कल ध्वनि, पर्वतों की स्थिरता, जंगलों की हरियाली, पुष्पों की रंगीन आभा, आकाश में उमड़ते बादल और रात्रि में चंद्रमा तथा तारों की छटा-ये सभी प्रकृति के ऐसे स्वरूप हैं, जिन्हें शांत मन से अनुभव करना ही प्रकृति के सान्निध्य का वास्तविक अर्थ है। प्रकृति के साथ हमारा संबंध नैसर्गिक है। यह संवाद हमें यह अनुभूति कराता है कि हम कितने लघु हैं और यह ब्रह्मांड कितना विशाल है। प्रकृति के प्रत्येक कण में कृतज्ञता का भाव निहित है। वह बिना किसी शब्द के हमें विनम्रता का पाठ सिखाती है।

प्रकृति का सान्निध्य मन को शांति और ऊर्जा प्रदान करता है। वर्तमान पर्यावरण संकट केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि प्रकृति से हमारे संबंधों की विफलता का परिणाम है। हमने प्रकृति को केवल संसाधन मानकर उसका अंधाधुंध दोहन किया है, जिससे संतुलन बिगड़ गया है। वास्तव में, प्रकृति के साथ हमारा आंतरिक जुड़ाव ही आध्यात्मिक जागृति का मार्ग है। प्रकृति ईश्वर का जीवंत स्वरूप है, जो प्रेम, कर्म और निस्वार्थ सेवा का संदेश देती है। प्रकृति में उपचार की अपार शक्ति निहित है, जो हमें मानसिक और आत्मिक रूप से सुदृढ़ बनाती है। जैसे-जैसे हम प्रकृति के समीप जाते हैं और उससे मौन संवाद स्थापित करते हैं, वैसे-वैसे हम स्वयं को एक दिव्य शक्ति से जुड़ा हुआ अनुभव करते हैं।

आचार्य दीप चंद भारद्वाज

## पाठकनामा

pathaknama@nda.jagran.com

### विश्व का संकट बढ़ाते अमेरिका-ईरान

'वैश्विक संकट बना अमेरिका-ईरान का टकराव' शीर्षक से प्रकाशित संजय गुप्त का आलेख बताता है कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता टकराव आज विश्व के सामने एक बड़े आर्थिक और मानवीय संकट की आशंका को जन्म दे रहा है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकला, तो इसके दुष्परिणाम पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकते हैं। इतिहास साक्षी है कि युद्धों ने बार-बार मानवता को गहरे संकट में डाला है। इसलिए आवश्यक है कि संभावित खतरे को समझते हुए विश्व समुदाय समय रहते तैयारी करे। दुर्भाग्यवश, वर्तमान स्थिति में अधिकांश देश असहाय दर्शक की भूमिका में नजर आते हैं। इस परिप्रेक्ष्य को समझने के लिए ग्रामीण जीवन का एक उदाहरण प्रासंगिक है। गांवों में कुछ किसान अपनी फसल की रक्षा के लिए खेतों की मेड़ ऊंची कर पानी रोक लेते हैं, जिससे उनकी फसल तो सुरक्षित रहती है, लेकिन नीचे के खेतों को नुकसान उठाना पड़ता है। इसी तरह, जब पानी अधिक हो जाता है, तो वे मेड़ काटकर उसे बहा देते हैं, जिससे नीचे के किसानों की फसल डूब जाती है। आज की वैश्विक स्थिति भी कुछ ऐसी ही है-जहां शक्तिशाली देश अपने हितों की रक्षा में ऐसे कदम उठा रहे हैं, जिनका दुष्परिणाम पूरी दुनिया को भुगतना पड़ सकता है। युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, फिर भी मानव इतिहास में बार-बार यही रास्ता अपनाया जाता रहा है। अतीत में युद्धों के बाद समझौते हुए हैं और शांति स्थापित हुई है, लेकिन यह शांति अक्सर अस्थायी सिद्ध हुई है। ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि विश्व समुदाय सक्रिय भूमिका निभाए और संवाद तथा कूटनीति के माध्यम से स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए।

डा. हरिप्रसाद राय, आजमगढ़, उत्तर प्रदेश

### लाभ के लिए बदलती राजनीतिक

चाहे बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो, सीमा सुरक्षा की या अन्य अहम विषयों की। ममता बनर्जी पहले इस तरह के मुद्दों पर काफी मुखर रहती थीं। आम तौर पर देखा जाता है कि जब कोई मुद्दा हमें सीधे प्रभावित करता है, तो हम उसके खिलाफ आवाज उठाते हैं। लेकिन जब वही चीज हमारे पक्ष में काम करने लगती है, तो हम उसका विरोध करना बंद कर देते हैं। यही विरोधाभास यहां भी नजर आता है। ममता बनर्जी वही नेता हैं, जिन्होंने घुसपैठ के मुद्दे पर संसद में स्पीकर की कुर्सी पर कागज फेंककर जोरदार विरोध दर्ज कराया था। उस समय उनका स्पष्ट कहना था कि बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठिए मौजूद हैं, जिन्हें पहचानकर बाहर निकाला जाना चाहिए। तब वे कम्युनिस्टों पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाती थीं। 2009 के चुनावों के दौरान उन्होंने यूपीए सरकार से आधिकारिक तौर पर मांग की थी कि बंगाल में निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स तैनात की जाए। उनका आरोप था कि सीपीएम चुनावों में धांधली करती है और बूथ कैप्चरिंग जैसे हथकंडे अपनाती है। उस समय उनकी मांग पर केंद्रीय बलों की तैनाती भी हुई थी। लेकिन आज जब केंद्र वही बल भेजता है, तो वह उसका विरोध करती नजर आती हैं।

सुधीर गोयल, सेवा भारती पिलखुवा

### क्यों खतरनाक हो रहे एसी

तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप से घर लौटने के बाद एसी की ठंडी हवा सचमुच किसी संजीवनी जैसी लगती है, लेकिन हाल के दिनों में एसी ब्लास्ट की घटनाओं ने लोगों के मन में डर पैदा कर दिया है कि कहीं उनका एसी भी खतरा न बन जाए। असल में एसी ऐसे ही नहीं फटता, बल्कि तकनीकी खराबी, लापरवाही और गलत उपयोग के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। भीषण गर्मी के दौरान एसी पर दबाव बढ़ जाता है, खासकर जब उसे लगातार कई घंटों तक बिना रुके चलाया जाता है, इससे कंप्रेसर ओवरहीट होकर खराब हो सकता है और आग या ब्लास्ट जैसी स्थिति बन सकती है। इसके अलावा सस्ती और घटिया क्वालिटी की वायरिंग, खासकर एल्युमिनियम वायर का इस्तेमाल, शार्ट सर्किट का बड़ा कारण बनता है। कई बार रेफ्रिजरेंट गैस का रिसाव भी आग पकड़ने का जोखिम पैदा करता है, वहीं समय पर सर्विसिंग न होने से फिल्टर और काइल्स गंदे हो जाते हैं, जिससे मशीन पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में सबसे पहले जरूरी है कि एसी खरीदते समय गुणवत्ता से समझौता न किया जाए, हमेशा बीआइएस/आइएसआइ प्रमाणित और भरोसेमंद ब्रांड का एसी ही खरीदना चाहिए, जिसमें कापर वायरिंग और अच्छा कंप्रेसर हो, बहुत सस्ते और अनजान ब्रांड भविष्य में बड़ा खतरा बन सकते हैं। नियमित सर्विसिंग भी बेहद जरूरी है, कम से कम साल में दो बार एसी की जांच करानी चाहिए ताकि गैस, वायरिंग और फिल्टर सही स्थिति में रहें।

विभूति बुपक्या, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

## पोस्ट



चीन, पाकिस्तान और राहुल गांधी को ग्रेट निकोबार परियोजना से परेशानी है और वे इसका विरोध कर रहे हैं। जबकि भारतीय सशस्त्र बल, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और नरेन्द्र मोदी इसके पक्ष में हैं।

आनंद रंगनाथन@ARanganathan72

निकोबार के वर्षावन छीजने का दुख सबको है। वहां वन कटने से अधिक वनीकरण किया ही जाना चाहिए, लेकिन मलक्का जलमार्ग के उत्तरी छोर और निकोबार की नोक पर सैन्य और व्यापारिक बंदरगाह और हवाई अड्डा बनने से चीन से अधिक तकलीफ भला किसको हो सकती थी? पर नहीं, हमारी कांग्रेस को हुई है। सोचिए भला क्यों?

शिव कांत@shivkant

अखिलेश यादव का पुतला फूंकते समय घायल हो जाने वाली अन्नपूर्णा जी का हाल-चाल लेने अखिलेश जी खुद अस्पताल गए। पीएम मोदी को जमीन में गाड़ देने की धमकी देने वाले अजय राय को पीएम ने स्वस्थ होने की कामना की। स्वस्थ राजनीति यही है, जिसे नेता तो समझते हैं, मगर उनके कार्यकर्ता नहीं समझ पाते।

अतुल कुमार राय@AuthorAtul

## जनपथ

दिल थामे बैठे रहो सुनो आज परिणाम,
जिनका दिल कमजोर है वे न करें यह काम।
वे न करें यह काम लगेगा उनको झटका,
नहीं सकेंगे देख पाप का फूटा मटका!
बिना टिकट ही आज दिखेंगे हमको ड्रामे,
देखो सब घर बैठ चाय पीते दिल थामे!!

–ओम प्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी दूरभाषः नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 120- 4615800, E- mail:delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 36 अंक 289

# बदलेगा तेल का गणित!



प्रमुख तेल उत्पादक देश यूएई ने तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक और ओपेक प्लस से निकलने की घोषणा की है। ओपेके में यह टूट उस कार्टेल के लिए बड़ा झटका है जो उत्पादन को नियंत्रित करके वैश्विक बाजार में अपने हितों के हिसाब से कीमतें तय करने के लिए काम कर रहा था। भारत समेत तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर देशों को इससे फायदा हो सकता है क्योंकि अब यूएई अपनी उत्पादन क्षमता का पूरा इस्तेमाल करते हुए तेल निर्यात की मात्रा बढ़ा सकता है। वैश्विक बाजार में ज्यादा आपूर्ति का मतलब है तेल की कीमतों में कमी। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ऊंची तेल कीमतों के बीच यह घटनाक्रम भविष्य में तेल का गणित बदल सकता है। ऐसे समय में जब दुनिया भर में तमाम देश जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। जीवाश्म ईंधन के उत्पादक देशों में यह सोच भी बन रहा है कि हो सकता है भविष्य में तेल की वह कीमत न रह जाए जो आज है। ऐसे में वे अगले एक दो दशक में अपने संसाधनों को तेजी से दोहन करने की रणनीति पर आगे बढ़ सकते हैं। ओपेक में टूट से तेल की आपूर्ति और कीमतों पर असर और भारत के लिए इसके निहितार्थ की पड़ताल आज अहम मुद्दा है...

## यूएई ने क्यों छोड़ा ओपेक

**संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने एक मई 2026 को ओपेक और ओपेक प्लस की अपनी 59 साल पुरानी सदस्यता आधिकारिक रूप से समाप्त कर दी। यह वैश्विक ऊर्जा बाजार के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ है, क्योंकि यूएई पहला बड़ा उत्पादक देश है जिसने इस कार्टेल को छोड़ा है। यूएई वैश्विक आपूर्ति का लगभग चार प्रतिशत योगदान देता है। यह निर्णय दीर्घकालिक आर्थिक रणनीति व तात्कालिक भू-राजनीतिक तनाव का मिलाजुला नतीजा है:**

### भू-राजनीतिक तनाव

सऊदी अरब के साथ तनाव हाल ही में चरम पर पहुंच गया है। यूएई के अधिकारियों ने ईरान के साथ चल रहे संघर्ष के दौरान खाड़ी सहयोगियों से अपेक्षित समर्थन न मिलने पर नाराजगी जताई, जिसमें उसके ऊर्जा ढांचे पर हमले भी शामिल हैं।

### उत्पादन की स्वतंत्रता

यूएई ने 2027 तक अपनी उत्पादन क्षमता 50 लाख बैरल प्रति दिन तक बढ़ाने के लिए 150 अरब डालर से अधिक का निवेश किया है। ओपेक का कोटा इस निवेश का पूरा लाभ उठाने में बाधा बन रहा था। अब यूएई इस बाधा को दूर कर चुका है।

### आर्थिक राहत

**कम आयात बिल :** गैर-ओपेक यूएई से बढ़ी आपूर्ति वैश्विक कीमतों पर गिरावट का दबाव डाल सकती है, खासकर जब क्षेत्रीय तनाव कम होंगे।



**महंगाई नियंत्रण :** ईंधन परिवहन और विनिर्माण की लागत का बड़ा हिस्सा है, इसलिए तेल की कीमतों में कमी सीधे घरेलू महंगाई को नियंत्रित करने में मदद करती है।

**राजकोषीय स्थिरता :** कम तेल कीमतें भारत के चालू खाता घाटे को सुधारती हैं और सरकार को सब्सिडी प्रबंधन में सहायता देती हैं।

### रुपये में तेल व्यापार और डी-डालराइजेशन

यूएई के इस कदम से स्थानीय मुद्रा में व्यापार को बढ़ावा मिल सकता है। भारत और यूएई पहले ही रुपये और दिरहम में तेल भुगतान पर चर्चा कर चुके हैं। ओपेक से बाहर होने के कारण- जो पारंपरिक रूप से अमेरिकी डालर को प्राथमिकता देता है, यूएई अब स्थानीय मुद्रा-आधारित साझेदारियों को और गहरा कर सकता है, जिससे भारत की डालर पर निर्भरता कम होगी।



रिसर्च: महेन्द्र सिंह

### अर्थव्यवस्था का विविधीकरण

यूएई पोस्ट-आयल अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, जिसमें एआइ और नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। ओपेक से बाहर आकर वह इन क्षेत्रों में निवेश के लिए अधिकतम तेल राजस्व प्राप्त करना चाहता है।

### भारत के लिए रणनीतिक प्रभाव

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता होने के नाते भारत यूएई के इस फैसले का सबसे बड़ा लाभार्थी बन सकता है।

## ओपेक से बाहर हुआ यूएई

**ओपेक से अलग होने का यूएई का फैसला तेल उत्पादन को अधिकतम स्तर पर ले जाने की रणनीति का हिस्सा है।**

**14 सितंबर, 1960 — ओपेक की स्थापना**

38% वैश्विक तेल आपूर्ति में हिस्सेदारी

80% वैश्विक तेल भंडार में हिस्सेदारी

50% वैश्विक तेल निर्यात में हिस्सेदारी




### ओपेक का उत्पादन प्रति दिन

(मिलियन बैरल प्रति दिन)




### ओपेक में यूएई की हिस्सेदारी

- समूह का तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक है




ओपेक के उत्पादन में हिस्सेदारी है

**66** अरब डालर निवेश किए हैं यूएई ने हाल में तेल उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर

**5** मिलियन बैरल प्रतिदिन तक पहुंचाना है उसका लक्ष्य तेल उत्पादन बढ़ा कर



# अब और गहरे होंगे भारत-यूएई के बीच ऊर्जा संबंध




**पवन चौरसिया**
रिसर्च फेलो, इंडिया फाउंडेशन


**अब भारत यूएई के साथ ऊर्जा आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक समझौते कर सकता है। भौगोलिक दूरी कम होने की वजह से परिवहन लागत भी कम होगी। आने वाले समय में भारत-यूएई के बीच ऊर्जा संबंध और गहरे हो सकते हैं।**

विश्व के सबसे अस्थिर क्षेत्र पश्चिम एशिया में एक बार फिर नया भूचाल आ गया है, जिसके व्यापक क्षेत्रीय एवं वैश्विक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। दरअसल, अप्रैल के अंत में अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे युद्ध और संघर्षविराम के वातावरण में खाड़ी के प्रमुख देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने कच्चे तेल के निर्यातक देशों के समूह ओपेक एवं ओपेक प्लस से एक मई 2026 से स्वयं को अलग करने की घोषणा कर दी है। गौरतलब है कि अमीरात, जो इस समूह के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है, का इस गुट से बाहर निकलना न केवल वैश्विक तेल आपूर्ति पर ओपेक के नियंत्रण को कमजोर करता है, बल्कि अमीरात और उसके पड़ोसी सऊदी अरब के बीच चल रहे तनाव को भी गहरा करता है। सऊदी अरब प्रभावी रूप से ओपेक और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) का नेतृत्व करता है। हालांकि, यूएई के इस निर्णय के प्रभावों को लेकर विश्लेषकों के अलग-अलग मत हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि दुनिया को अभी भी तेल के हर उपलब्ध बैरल की आवश्यकता है। अमीरात अकेले ही विश्व का आठवां सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है और वैश्विक तेल उत्पादन में इसकी लगभग चार प्रतिशत हिस्सेदारी है। लेकिन इस निर्णय के पीछे के कारण, स्वयं इस कदम से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। इसमें आर्थिक एवं भू-राजनीतिक दोनों कारण शामिल हैं, और ईरान युद्ध ने इन दोनों को जोड़ने में मदद की है। दरअसल, यूएई वर्षों से अपनी तेल उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए भारी निवेश कर रहा है। वह लगभग 150 अरब अमेरिकी डालर खर्च कर अपनी दैनिक उत्पादन क्षमता को 50 लाख बैरल के करीब ले जाने की दिशा में काम कर रहा है। लेकिन ओपेक के कोटा नियमों के कारण वह इस क्षमता का पूरी तरह उपयोग नहीं कर पा रहा है। उसका वास्तविक उत्पादन वर्तमान में लगभग 35 लाख बैरल प्रतिदिन ही बना हुआ है। यह उत्पादन ओपेक की कोटा प्रणाली द्वारा सीमित है, जिसका उद्देश्य आपूर्ति को नियंत्रित कर कीमतों को स्थिर रखना है। यूएई में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि यदि तेल बेचने की अनुमति ही नहीं है, तो उत्पादन क्षमता बढ़ाने में इतना निवेश क्यों किया गया?

यूएई का यह निर्णय भविष्य की आर्थिक संभावनाओं से भी प्रभावित है। एक ओर जहां चीन और भारत जैसे देश परिवहन के विद्युतीकरण में तेजी ला रहे हैं, वहीं दूसरी ओर तेल की मांग के धीरे-धीरे कम होने की आशंका है। यूएई के दृष्टिकोण से बड़ा जोखिम कीमतों में गिरावट नहीं, बल्कि जमीन में दबा हुआ तेल भंडार है, जिसे शायद भविष्य में कभी बेचा ही न जा सके। यूएई का ओपेक से निकलना सिर्फ आर्थिक कारणों से नहीं है, बल्कि यह बदलती राजनीतिक और सुरक्षा गणनाओं को भी दर्शाता है। ईरान युद्ध के दौरान यूएई पर हुए हमलों के बाद अबू धाबी में यह धारणा बढ़ी है कि जीसीसी जैसे क्षेत्रीय संगठनों ने उसे सीमित समर्थन ही दिया है। इस अनुभव के कारण उसने अपनी विदेश नीति को अन्य अरब देशों की तुलना में अधिक स्वतंत्र बनाना शुरू कर दिया है। इसी दिशा में उसने 2020 के अब्राहम समझौते के आधार पर अमेरिका और इजरायल के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है। अमीरात के अलग होने से ओपेक के भविष्य पर भी सवाल उठ रहे हैं। एक समय यह समूह वैश्विक तेल उत्पादन के आधे से अधिक हिस्से को नियंत्रित करता था, जो आज घटकर लगभग 35 प्रतिशत रह गया है। कुछ विश्लेषक इसे अमेरिका की जीत बता रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति तेल की ऊंची कीमतों के लिए ओपेक की बार-बार आलोचना करते रहे हैं।

भारत के संदर्भ में इसके दो स्पष्ट फायदे हो सकते हैं। यूएई द्वारा उत्पादन बढ़ाए जाने से वैश्विक बाजार में कीमतें कम हो सकती हैं और भारत अब यूएई के साथ सीधे दीर्घकालिक आपूर्ति समझौते कर सकता है। चूंकि यूएई भौगोलिक रूप से भारत के करीब है, इसलिए शिपिंग लागत कम होगी और आयात बिल में बचत होगी। यह कदम अधिक बहुध्रुवीय प्रणाली की ओर बढ़ने में भी मदद कर सकता है, जहां देश तेल व्यापार के लिए केवल डालर पर निर्भर रहने के बजाय रुपये जैसी मुद्राओं का उपयोग कर सकते हैं। हालांकि होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षा चुनौतियां रहने तक ऊर्जा सुरक्षा एक जटिल विषय रहेगी। फिर भी, यह निर्णय भारत के लिए एक प्रमुख रणनीतिक भागीदार के साथ गहरे ऊर्जा संबंध स्थापित करने का बड़ा रास्ता खोलता है।

## आपकी आवाज

दुनिया में किसी भी वस्तु की कीमतें मांग और आधार पर तय होती हैं। अगर किसी वस्तु या उत्पाद की मांग अधिक होती है तो उसकी कीमतें बढ़ जाती हैं और अगर मांग गिरती है तो कीमतें बढ़ जाती हैं। इसी तरह वस्तु की उपलब्धता कम होने या ज्यादा होने से भी कीमतें घटती बढ़ती हैं। ओपेक के देशों ने तेल की कीमतों को अपने हितों के हिसाब से तय करने के लिए उत्पादन को हथियार बनाया। ये देश ऐसा इसलिए कर सके क्योंकि वैश्विक तेल निर्यात में बड़ी हिस्सेदारी इन्हीं देशों की है। एक तरह से ये देश कार्टेल बना कर काम कर रहे थे। अब यह कार्टेल टूट गया है।

**-शिवम वर्मा**

तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक का गठन अपने संसाधनों, उत्पादन और आय पर अधिक नियंत्रण हासिल करने के लिए किया गया था। ओपेक के सदस्य देशों मे यूएइ भी अपने तेल भंडार और उत्पादन क्षमता के कारण एक विशेष स्थान रखता है। लेकिन वर्तमान मे होर्मूज जलडमरूमध्य मे तनातनी और आर्थिक वजहों से उसने अपने आप को इस संगठन से अलग कर लिया। ऐसे मे इसमें कोई दो राय नहीं कि यूएई अगर अधिक लचीला और भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता बनता हैं तो एशियाई देशो की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी।

**-मुन्ना स्वर्णकार**

अभी ओपेक से भले ही सिर्फ यूएई टूटा है लेकिन उसने अपनी उत्पादन क्षमता के साथ परिवहन मार्ग का का अच्छा विकल्प भी निकाल लिया है। अब वह समस्याग्रस्त जलडमरूमध्य रुट पार किए बिना ही हबशान-फुजैराह तेल पाइप लाइन के जरिये तेल फुजैराह बंदरगाह तक पहुंचाकर समुद्री मार्ग के जरिए कहीं भी तेल भेज सकता है। ओपेक में टूट का असर अन्य तेल उत्पादक देशों पर पड़ने की संभावना है।

**-गौरीशंकर अंतज**

# ओपेक समूह में टूट से तेल के खरीदार देशों को होगा फायदा




**आरएस शर्मा**
पूर्व सीएमडी, ओएनजीसी


**यूएई के ओपेक से बाहर आने से तेल की कीमतें गिरेंगी और भारत सहित तेल के बड़े आयातक देशों को फायदा होगा। ओपेक लंबे समय से एक कार्टेल बना कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपने हितों के अनुरूप कीमतें तय करता रहा है। अब ऐसा करने की उसकी क्षमता कम हो जाएगी।**

यूएई का तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक और ओपेक प्लस से बाहर आना भारत सहित वैश्विक तेल खरीदारों के लिए अच्छी खबर है। इससे तेल कीमतों को एक निश्चित स्तर पर बनाए रखने के लिए ओपेक देशों का जो कार्टेल काम कर रहा था, वह टूट गया है। इससे आने वाले समय में तेल कीमतों में कमी आएगी। भविष्य में कुछ दूसरे तेल उत्पादक देश भी यूएई के नक्शे कदम पर चलते हुए ओपेक से बाहर आ सकते हैं।

इसके पीछे एक सोच यह है कि पूरी दुनिया जीवाश्म ईंधन के विकल्प पर काम कर रही है। चीन जैसे देशों ने अपने ऊर्जा मिक्स में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी काफी बढ़ा ली है। खास कर ऐसे देश जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर हैं, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर काम कर रहे हैं। ऐसे में इस बात की काफी संभावना है कि अगले एक दशक के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की मांग और कीमतों में काफी कमी आ जाए। ऐसे में उन देशों को नुकसान उठाना पड़ेगा जिनके पास अब भी तेल के बड़े भंडार है। ऐसे में यूएई ने यह रणनीति बनाई कि अगले एक दशक में उत्पादन को अधिकतम स्तर पर ले जाकर तेल भंडार को मोनेटाइज किया जाए। इस तरह से वह राजस्व बढ़ा कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकता और इस रकम का इस्तेमाल अपनी अर्थव्यवस्था के विविधीकरण के लिए कर सकता है। यूएई सहित कई खाड़ी देश अपनी अर्थव्यवस्था को तेल आधारित अर्थव्यवस्था के दायरे से निकालने की रणनीति पर काम कर रहे हैं क्योंकि उनको पता है कि तेल की मांग लंबे समय इसी स्तर पर नहीं बनी रहने वाली है। 2008 में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें निचले स्तर पर पहुंच गईं थी। इसके बाद से ओपेक देश लगातार तेल की कीमतों को एक तय स्तर से नीचे न आने देने की रणनीति पर काम कर रहे थे। एक तरह से ये देश एक कार्टेज के तौर पर काम करते हैं, जहां सिर्फ अपने हितों की चिंता की जाती है। एक वैश्विक व्यवस्था के लिए ओपेक देशों के काम का तौर तरीका सही नहीं कहा जा सकता है। हालांकि, यह मकैनिज्म अब उतना प्रभावी नहीं रह जाएगा। भारत को खास तौर पर इससे काफी फायदा हो सकता है क्योंकि यूक्रेन युद्ध शुरू होने से पहले भारत के तेल आयात में खाड़ी देशों की बड़ी हिस्सेदारी थी। खाड़ी देशों से तेल आयात करने में समय और लागत भी कम आती है। ऐसे में अगर यूएई तेल उत्पादन बढ़ाता है तो यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा और तेल बिल के लिहाज से फायदेमंद होगा। भारत और यूएई रणनीतिक साझेदार भी हैं। ऐसे में बेहतर द्विपक्षीय संबंधों का फायदा भी भारत को मिलेगा। हालांकि, भारत को स्थानीय स्तर पर भी तेल की खोज और उत्पादन बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि भारत की अर्थव्यवस्था जिस रफ्तार से बढ़ रही है, उसके हिसाब से यहां ऊर्जा की मांग बढ़ती रहेगी।

वर्तमान में तेल की खोज के लिए सरकार की नीतियां इंडस्ट्री के लिहाज से उतनी आकर्षक नहीं है, इसीलिए निजी क्षेत्र की कंपनियां इस क्षेत्र में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा रही हैं। अगर केंद्र सरकार नीतियों को आकर्षक बनाए और इस क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों को ज्यादा प्रोत्साहन दे तो भारत घरेलू स्तर पर तेल का उत्पादन बढ़ा कर कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता को कम कर सकता है।

## विहार में ट्रेन से उतरकर जा रही युवती से सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

**जासं, गया:** बिहार में गया-पटना रेलखंड पर बेला और चाकंद स्टेशन के बीच बेलागंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक युवती के साथ पांच युवकों ने दुष्कर्म किया। मोबाइल लोकेशन के आधार पर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

जहानाबाद की रहने वाली युवती ननिहाल बेलागंज थाना क्षेत्र के एक गांव शुक्रवार शाम ट्रेन से जा रही थी। बेला व चाकंद स्टेशन के बीच ट्रेन रुक गई। युवती को लगा कि हाल्ट आ गया है और वह ट्रेन से उतर गई। रेलवे ट्रैक के किनारे-किनारे जा रही थी कि दो युवकों ने घेर लिया। आरोपित युवती को सुनसान जगह पर ले गए, जहां पहले से कुछ और युवक मौजूद थे। उन्होंने युवती से दुष्कर्म किया। मेडिकल जांच में पुष्टि के बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी कर ली है। डीएसपी रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि एसआइटी गठित कर दी गई है। उधर, बक्सर संवाददाता के अनुसार जिले में राजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी समारोह में नृत्य करने आई नर्तकी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

## यूपीएससी कोचिंग की संचालिका शुभ्रा रंजन को भोपाल में बंधक बनाकर 1.89 करोड़ की उगाही

- पीड़िता का ही पूर्व छात्र और फ्रेंचाइजी संचालक है मुख्य आरोपित प्रियंक शर्मा
- भोपाल बुलाकर वारदात को अंजाम दिया, छह आरोपित गिरफ्तार, दो फरार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल :** दिल्ली में कोचिंग संचालिका और यूपीएससी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली जानी-मानी मेंटर शुभ्रा रंजन और उनकी टीम को भोपाल के बाग सेवनिया क्षेत्र में बंधक बनाकर 1.89 करोड़ रुपये ऐंठ लिए गए। वारदात को अंजाम देने वाला उनका पूर्व छात्र और उनकी कोचिंग का फ्रेंचाइजी संचालक प्रियंक शर्मा है। उसने अपने सात साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया।

शुभ्रा रंजन करोल बाग में 'शुभ्रा रंजन आइएएस स्टडी' नामक संस्था का संचालन करती हैं। वह राजनीति विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंध विषय की विशेषज्ञ मानी जाती हैं। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपित प्रियंक ने उनकी दिल्ली स्थित कोचिंग सेंटर में यूपीएससी की तैयारी की, लेकिन चयन नहीं हो सका। इसके बाद प्रियंक ने भोपाल में शुभ्रा के कोचिंग की फ्रेंचाइजी शुरू की। सेमिनार के लिए शुभ्रा रंजन को मुख्य वक्ता के तौर पर भोपाल आमंत्रित किया था। गुरुवार को वह अपने पति विराज देशमुख व टीम संग भोपाल पहुंचीं तो उन्हें ताज होटल में ठहराया गया। प्रियंक वहां से उन्हें बाग सेवनिया स्थित किराये के एक घर में ले गया।



शुभ्रा यूपीएससी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली संस्था चलाती हैं, जिसकी देश भर में शाखाएं हैं ● इंटरनेट मीडिया



शुभ्रा रंजन के पूर्व छात्र प्रियंक शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ● नईदुनिया

यहां छह हथियारबंद लोग पहुंचे। उन्होंने प्रियंक व उसके साथी से मारपीट का नाटक कर 10 करोड़ मांगे। इन्कार पर उन लोगों ने शुभ्रा की कनपटी पर पिस्तौल लगा उनके पति को कंपनी के खाते से 1.89 करोड़ कई खातों में ट्रांसफर करने के लिए विवश किया। आरोपित के कब्जे से छूटने के बाद शुभ्रा ने पुलिस को शिकायत दी। भोपाल के पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने बताया, छह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पीड़ित शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस के पास न जाएं, इसके लिए आरोपितों ने डरा-धमकाकर शुभ्रा से कहा कि वह उनके एक साथी को बक्से में बंद करें और उससे फिरौती मांगें। डरी-सहमी शुभ्रा ने ऐसा किया तो इसका आरोपितों ने वीडियो बना लिया और कहा कि यदि पुलिस में शिकायत दर्ज कराई तो वीडियो दिखाकर उल्टा उन्हें ही फंसवा देंगे। प्रियंक ने रुपये ऐंठने की योजना पर बड़ी तैयारी की थी। किराये के जिस मकान के कमरे में शुभ्रा को ले जाया गया था, वहां मानस पाठ हो रहा था। यह इसलिए ताकि वारदात के दौरान उठा शोर दब जाए।

## मणिपुर में इंफाल एयरपोर्ट के पास वम विस्फोट

**इंफाल, प्रेट्र :** मणिपुर में जातीय हिंसा के तीन साल पूरे होने पर रविवार को उग्रवादियों ने इंफाल एयरपोर्ट के पास बम विस्फोट किया। अधिकारियों ने बताया कि इस विस्फोट में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जिस जगह पर यह विस्फोट हुआ वह इंफाल हवाईअड्डे से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर है। घटनास्थल के पास टेरिटोरियल आर्मी का कैंप भी है। प्रतिबंधित संगठन कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। केसीपी ने कहा कि राज्य में सामान्य जीवन को प्रभावित करने वाले बंद और हड़तालों के विरोध में विस्फोट किया गया।

गौरतलब है कि राज्य में तीन मई 2023 को मैतेयी और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। इन संघर्षों में 2023 से अब तक 260 लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। मैतेयी समुदाय के लोग मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहते हैं। नगा और कुकी समुदाय के लोग पहाड़ी जिलों में रहते हैं। जातीय संघर्ष के तीन साल पूरे होने पर राज्य में रैलियां निकाली गईं। बंद रखा गया। इंफाल घाटी के कई जिलों में मैतेयी समुदाय के लोगों ने जनगणना से पहले एनआरसी लागू करने व मणिपुर की प्रशासनिक व क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा की मांग के लिए जुलूस निकाले।

## प्राकृतिक आपदाओं में भी सशस्त्र बलों के लिए 'राष्ट्र प्रथम' : राजनाथ

**जासं, प्रयागराज:** संगम नगरी रविवार शाम भक्ति, शक्ति और देशभक्ति के एक ऐसे अनूठे संगम की साक्षी बनी, जिसने हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अरैल घाट पर आयोजित 'सांस्कृतिक शौर्य संगम' में जब सेना के बैंड की ओजस्वी धुनें गूंजीं तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भावविभोर हो उठे। उन्होंने सैनिकों के समर्पण की जमकर सराहना की। कहा कि हमारे सशस्त्र बलों का शौर्य केवल युद्ध के मैदान तक सीमित नहीं है, बल्कि 'आपरेशन सिंदूर' जैसे अभियानों और प्राकृतिक आपदाओं में भी वे 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प के साथ सबसे पहले सेवा के लिए खड़े होते हैं। 'नार्थ टेक सिम्पोजियम-2026' के आगाज से पूर्व रविवार शाम आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में थल सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी और राज्य के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी भी उपस्थिति रहे।



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ●

## जत्थेदार ने कहा- पंथक सहमति के बिना बना बेअदबी कानून स्वीकार नहीं

**जागरण संवाददाता, अमृतसर:** पंजाब सरकार की ओर से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी के लिए बनाए गए कानून को श्री अकाल तख्त के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह सिंह गड़गज ने स्वीकार करने से मना कर दिया है। रविवार को जत्थेदार गड़गज की अध्यक्षता में सिख बुद्धिजीवियों, विद्वानों व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) सदस्यों की हुई बैठक के बाद उन्होंने कहा कि सरकार का यह कानून पंथक सहमति से बिना बनाया गया है, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंथ की सहमति के बिना गुरु साहिब से जुड़े मामलों में कोई भी मनमाना कानून लागू नहीं होने दिया जाएगा। जत्थेदार ने विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह को आठ मई को सुबह अकाल तख्त साहिब के समक्ष पेश होकर पक्ष रखने को कहा है।

## स्कूल से अस्पताल तक : देखभाल का अटूट चक्र

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 'बाल मधुमेह' की स्क्रीनिंग, निदान व उपचार के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय ढांचा जारी किया है। इस ढांचे के तहत, जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के सभी बच्चों की स्क्रीनिंग सामुदायिक और स्कूल-आधारित प्लेटफार्मों के माध्यम से की जाएगी। सरकार ने एक ऐसी व्यवस्था तैयार की है जिसमें गांव के स्वास्थ्य केंद्र से लेकर मेडिकल कालेज तक, मरीज की देखभाल का एक 'इंटीग्रेटेड कंटिन्यूम' होगा। यानी, एक बार बीमारी पकड़े जाने के बाद बच्चे का साथ तब तक नहीं छोड़ा जाएगा जब तक वह पूरी तरह व्यवस्थित प्रबंधन के दायरे में न आ जाए।

केवल क्लिनिकल उपचार ही नहीं, यह दस्तावेज परिवारों के सशक्तिकरण पर भी जोर देता है। अभिभावकों को इंसुलिन देने के सही तरीके, ग्लूकोज की निगरानी और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। भारत अब उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है जिन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में बाल मधुमेह को इतनी गहराई से एकीकृत किया है। यह पहल न केवल बच्चों की जीवन प्रत्याशा बढ़ाएगी, बल्कि उन्हें एक सामान्य और खुशहाल जीवन जीने का हक भी देगी।

6 | संपादकीय
जनसत्ता | 4 मई, 2026

**कल्पमेधा**

*यह मत भूलो कि अन्याय और गलत के साथ समझौता करना सबसे बड़ा जुर्म है। याद रखो कि अनंत नियम यही है- आपको कुछ प्राप्त करना है, तो कुछ देना भी होगा।*
*- सुभाष चंद्र बोस*

## राहत के बीच

पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे बहुस्तरीय वैश्विक संकट के बीच देश के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में खासी बढ़ोतरी अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने के लिए निश्चित रूप से संबल प्रदान करेगी। इससे सरकारी कोष को मजबूती मिलेगी और विकास से जुड़ी नीतियों के निर्माण में भी आसानी होगी। जब सरकार के पास पर्याप्त पूंजी का प्रावधान होता है, तो नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं के सृजन या विस्तार की योजनाओं को जमीन पर उतारने में आर्थिक बाधाएं खत्म हो जाती हैं। जीएसटी संग्रह में 8.7 फीसद की वृद्धि दर्शाती है कि उपभोक्ता बाजार में उत्साह बना हुआ है और लोग सामान एवं सेवाओं पर खर्च कर रहे हैं। सरकार के स्तर पर इस बढ़ोतरी को पिछले वर्ष लागू किए गए जीएसटी सुधारों से जोड़कर देखा जा रहा है। मगर इसका एक पहलू यह भी है कि इन सुधारों से व्यापारी वर्ग से लेकर आम आदमी को एक तरफ राहत जरूर मिली है, लेकिन दूसरी तरफ उनकी मुश्किलें बढ़ी हैं।

सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते अप्रैल में देश का जीएसटी संग्रह बढ़कर 2.43 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले जीएसटी का सर्वकालिक उच्च संग्रह अप्रैल, 2025 में 2.23 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा था। इस बार घरेलू लेन-देन से सकल राजस्व 4.3 फीसद बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.8 फीसद की वृद्धि के साथ 57,580 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे स्पष्ट है कि आयात से जुड़ी गतिविधियों में इजाफा हुआ है, जो वैश्विक अस्थिरता के बीच राजस्व प्राप्त करने के स्तर पर तो उत्साहजनक हो सकता है, लेकिन आत्मनिर्भरता के मोर्चे पर यह देश के कमजोर पक्ष को दर्शाता है। इसके साथ ही घरेलू लेन-देन और आयात आधारित राजस्व के बीच बढ़ा अंतर नीतिगत पुनर्मूल्यांकन की जरूरत की ओर इशारा करता है। ऐसे में जरूरी है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बदलावों के अनुरूप मजबूत करने के व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाएं।

घरेलू लेन-देन के मोर्चे पर राजस्व संग्रह की बात की जाए, तो सितंबर 2025 से लागू हुए जीएसटी सुधारों के तहत करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें कम की गई थीं और चार श्रेणियों को मिलाकर पांच एवं अठारह फीसद की दो श्रेणियां रखी गई थीं। सरकार का दावा है कि इन सुधारों का मकसद वस्तुओं की कीमतों में कमी लाना, खपत बढ़ाना और बाजार में मांग को विस्तार देना है। मगर सरकार के इस कदम से वस्तुओं की कीमतें कम होती नजर नहीं आ रही हैं और छोटे कारोबारी भी इसे राहत कम और परेशानी ज्यादा मान रहे हैं। इस परेशानी का मूल कारण कच्चे माल एवं सेवाओं तथा तैयार माल की कर दरों के बीच का भारी अंतर है। यानी कई तरह के कच्चे माल को जीएसटी की अठारह फीसद की श्रेणी में रखा गया है, जबकि उससे तैयार माल पर पांच फीसद कर निर्धारित है। हालांकि, अतिरिक्त कर को सरकार से वापस लेने का प्रावधान है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि लंबी और जटिल कागजी कार्रवाई के कारण इसमें महीनों लग जाते हैं। इसका असर आम आदमी की जेब पर भी पड़ता है। यह सही है कि राजस्व अर्जित करने के स्रोत में कर प्रणाली का महत्त्वपूर्ण योगदान है, लेकिन यह देखना भी सरकार का काम है कि समाज के निचले एवं मध्य वर्ग पर कर का अतिरिक्त बोझ न पड़े।

## सबक के बजाय

किसी भी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि ऐसे हर इंतजाम किए जाएं, ताकि दोबारा उस तरह की त्रासदी न हो। मगर ऐसा लगता है कि हर जगह लापरवाही एक ऐसी सामान्य आदत के रूप में घुल गई है, जिसके कई बार बेहद दुखद नतीजे सामने आते हैं। राजधानी दिल्ली के द्वारका इलाके में एक गोल्फ कोर्स क्लब परिसर में बने जलाशय में बीते हफ्ते जिस तरह तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई, वह एक बार फिर यही दर्शाता है कि लापरवाही और अनदेखी का आलम किस हद तक पसरा हुआ है। शुरुआती छानबीन के मुताबिक, आठ से दस साल के तीन बच्चे कम ऊंचाई वाली दीवार को पार कर गोल्फ कोर्स परिसर में चले गए और संभवतः वहां के कृत्रिम जलाशय में नहाने लगे, जहां डूबने से उनकी जान चली गई। हैरानी की बात यह है कि सुरक्षा कारणों से परिसर की घेराबंदी के लिए खड़ी की गई दीवार की ऊंचाई बस इतनी है कि कोई आठ-दस वर्ष का बच्चा भी उसे पार कर लेता है। संभव है कि वहां कुछ सुरक्षा गार्डों की भी तैनाती होगी, लेकिन दीवार फांद कर बच्चों को परिसर में प्रवेश करने से रोकने वाला कोई नहीं था। डूबने लायक पानी से भरा जलाशय बना हुआ है, लेकिन अगर कोई उसमें गिर जाए, तो उसके बचाव का वहां कोई इंतजाम नहीं है।

सवाल है कि इस कदर बहुस्तरीय लापरवाही की वजह से अगर बच्चों की जान चली गई, तो इसकी जवाबदेही किस पर होगी। इस मामले में एक त्रासद पक्ष यह भी है कि जुलाई, 2023 में भी वहां ठीक इसी तरह तीन लड़कों की मौत हो गई थी। उस घटना के बावजूद कोई सबक नहीं लिया गया। नतीजतन, एक बार फिर तीन बच्चों की जान चली गई। यह पूछे जाने की जरूरत है कि इस स्तर की व्यापक लापरवाही का कारण क्या है और क्या परिसर का प्रबंधन इसके लिए जिम्मेदार नहीं है! जलाशयों या जलजमाव की खुली जगहों पर ऐसे हादसों की खबरें अक्सर आती रहती हैं और अमूमन सबमें स्थानीय शासन-तंत्र या फिर संबंधित परिसर के प्रबंधन की लापरवाही ही मुख्य कारण लगती है। मगर न तो ऐसी घटनाओं से सबक लिया जाता है और न ही इसके लिए वास्तविक जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई होती है।

# उपेक्षा का दंश झेलते बुजुर्ग

**भारतीय समाज में बुजुर्ग पीढ़ी को परिवार की नींव माना जाता रहा है। मगर आज स्थिति यह है कि बुजुर्ग माता-पिता को या तो घर पर अकेला छोड़ दिया जाता है, या फिर वे वृद्ध आश्रम में रहने के लिए मजबूर हो जाते हैं।**

**ज्योति सिडाना**

पारंपरिक समाज में बुजुर्ग पीढ़ी को परिवार की नींव माना जाता रहा है। विशेष रूप से भारतीय समाज में तो यह धारण रही है कि जिस घर में बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद होता है, वहां हमेशा समृद्धि और खुशहाली का वास होता है। मगर पिछले कुछ वर्षों से कई मामलों में बुजुर्गों को जिस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, उसे देखकर तो ऐसा नहीं लगता कि आज भी लोग ऐसा सोचते या मानते हैं। बुजुर्ग माता-पिता को अकेला छोड़ देने या फिर उन्हें वृद्ध आश्रम में रहने के लिए मजबूर कर देने की खबरें अक्सर आती रहती हैं। ऐसे में सवाल है कि क्या आज के समय में माता-पिता केवल बच्चों का पालन-पोषण और समाजीकरण करने तक ही सीमित रह गए हैं, क्योंकि जब वे वृद्ध हो जाते हैं तो बच्चे उन्हें बोझ समझ कर उपेक्षित करने लगते हैं। ऐसा लगता है कि बच्चों को अपने अभिभावकों से केवल संपत्ति चाहिए होती है, उनका प्यार या आशीर्वाद नहीं। इस उम्र में वे उनके किसी काम नहीं आ सकते, इसलिए उन्हें हाशिये पर धकेल दिया जाता है।

बुजुर्गों के लिए काम करने वाली एक गैर-सरकारी संस्था की सर्वेक्षण रपट के अनुसार, देश में वृद्ध महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के मामलों से जुड़ी 49 फीसद घटनाओं में उनके बेटे ही शामिल होते हैं। इसके बाद दुर्व्यवहार करने वालों में पति और बहुएं आती हैं। बुजुर्गों की स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं की अनदेखी और उन्हें समय पर एवं पोषक भोजन न देने समेत अन्य जरूरतों पर ध्यान न देना वास्तव में हमारे सामाजिक और मानवीय मूल्यों के गिरते स्तर को दर्शाता है। भारत में हर बीस में से एक बुजुर्ग को दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है। युवा पीढ़ी यह भूल जाती है कि वे भी बूढ़े होंगे और उनकी नई पीढ़ी भी उनके साथ इसी तरह का व्यवहार कर सकती है। इसलिए वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और उनकी उचित देखभाल की व्यवस्था करने की संस्कृति को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

समाज में इस तरह की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए तेलंगाना सरकार ने हाल में बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए एक सख्त कानून का प्रावधान किया है। इसके तहत अगर कोई सरकारी या निजी कर्मचारी अपने माता-पिता की अनदेखी करता है, तो उनके मासिक वेतन में 10-15 फीसद या दस हजार रुपए की कटौती कर सीधे माता-पिता के खाते में भेज दी जाएगी। इसे सरकार का एक सराहनीय कदम कहा जा सकता है, जिसका मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों को वित्तीय सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन देना है। यह नियम सरकारी और निजी कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों, सभी पर समान रूप से लागू होगा। अगर कोई कर्मी अपने बुजुर्ग माता-पिता को भोजन, दवा या उचित देखभाल प्रदान नहीं करता है, तो इसके लिए जिला कलेक्टर के पास शिकायत दर्ज करनी होगी, जिसके बाद जांच कर उनके वेतन से कटौती की जाएगी।

देश भर में किए गए एक सर्वेक्षण के मुताबिक, लगभग 51.67 फीसद बुजुर्गों को घर में और 38.33 फीसद को समाज में मौखिक रूप से दुर्व्यवहार झेलना पड़ता है। जबकि, 40 फीसद बुजुर्ग खुद को



आर्थिक रूप से सुरक्षित महसूस नहीं करते। इन सभी आंकड़ों का विश्लेषण करने से यह स्पष्ट होता है कि इन घटनाओं के लिए बहुत हद तक परिवारों की संस्कृति जिम्मेदार है। भारतीय समाज में माता-पिता अपनी सारी जमा पूंजी बच्चों के पालन-पोषण और उनका भविष्य

> **आज के उपभोक्तावादी समाज में संबंध, भावनाएं, प्रतिबद्धता और त्याग जैसे भाव अब शायद अर्थहीन हो चुके हैं। इनके स्थान पर भौतिक वस्तुओं का दिखावा युवा पीढ़ी पर इतना हावी हो गया है कि परिवार के बुजुर्ग और उनकी समस्याओं की उन्हें कोई चिंता नहीं होती है। माता-पिता की संपत्ति तो सभी बच्चों को चाहिए, पर उन्हें अपने साथ रखने और उनकी जिम्मेदारी उठाने को वे अपनी आजादी में व्यवधान मानते हैं। ऐसे में यह सवाल महत्त्वपूर्ण है कि क्या परिवार और विवाह जैसी हमारी सामाजिक संस्थाएं आज इस स्थिति में पहुंच गई हैं कि उन्हें कानून के हस्तक्षेप के बिना संतुलित नहीं रखा जा सकता?**

संवारने में लगा देते हैं, इस उम्मीद के साथ कि बुढ़ापे में वे उनका सहारा बनेंगे। मगर कई मामलों में देखा जाता है कि जब बच्चे खुद कमाने लगते हैं, तो वे अपने माता-पिता को अकेला छोड़कर देश, राज्य या शहर से बाहर जाकर अपनी नई दुनिया बसा लेते हैं। ऐसा लगता है कि आज की पीढ़ी के लिए परिवार का मतलब पति-पत्नी और उनके बच्चों तक सीमित हो गया है। उन्हें अपने माता-पिता या भाई-बहनों से शायद कोई सरोकार नहीं होता, या फिर वे मासिक खर्चा भेजकर अपने कर्तव्य को पूरा हुआ मान लेते हैं। आज के डिजिटल युग में भावनाओं का महत्त्व लगभग समाप्त हो चुका है।

बच्चों को अपने माता-पिता से केवल धन और संपत्ति चाहिए होती है, उनकी देखभाल की जिम्मेदारी को वे बोझ मानते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि माता-पिता ने उनके लिए जो भी किया है, वह उनका फर्ज था। मगर बच्चों को यह समझना होगा कि बुढ़ापे में माता-पिता का सम्मान और उनकी देखभाल जिम्मेदारी है, एहसान नहीं। उन्हें रिश्तों और व्यापार में अंतर करना आना चाहिए, रिश्ते प्यार और सम्मान पर टिके होते हैं और व्यापार लाभ पर आधारित होता है। जबसे मनुष्य ने रिश्तों को पैसों में तौलना शुरू कर दिया, तब से संबंधों की डोर कमजोर होती जा रही है। लोग एक-दूसरे से दूरी बनाने लगे हैं, केवल उन्हीं से संपर्क बनाए रखने की जरूरत महसूस की जाती है, जो आर्थिक रूप से संपन्न हों और जिनसे स्वार्थ सिद्ध होता हो। यह विचित्र विडंबना है कि आज के युवा सोशल मीडिया पर ऐसे-ऐसे संदेश और तस्वीरें साझा करते हैं, जिन्हें देखकर ऐसा लगता है कि वे रिश्तों के महत्त्व को गहराई से समझते हैं, लेकिन वास्तव में उनके पास अपनी बुजुर्ग पीढ़ी के लिए समय ही नहीं होता और न ही वे उनकी देखभाल की चिंता करते हैं। यानी रिश्तों के प्रति सम्मान और भावनाएं अब सिर्फ डिजिटल दुनिया में दिखाने तक ही सीमित है। उम्र के अंतिम पड़ाव में जब मनुष्य का मन और शरीर दोनों शिथिल होने लगते हैं, ऐसे में उन्हें अपने बच्चों के सहारे की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है, विशेष रूप से भावनात्मक सहारे की जरूरत होती है।

मगर आज के उपभोक्तावादी समाज में संबंध, भावनाएं, प्रतिबद्धता और त्याग जैसे भाव अब शायद अर्थहीन हो चुके हैं। इनके स्थान पर भौतिक वस्तुओं का दिखावा युवा पीढ़ी पर इतना हावी हो गया है कि परिवार के बुजुर्ग और उनकी समस्याओं की उन्हें कोई चिंता नहीं होती है। माता-पिता की संपत्ति तो सभी बच्चों को चाहिए, पर उन्हें अपने साथ रखने और उनकी जिम्मेदारी उठाने को वे अपनी आजादी में व्यवधान मानते हैं। ऐसे में यह सवाल महत्त्वपूर्ण है कि क्या परिवार और विवाह जैसी हमारी सामाजिक संस्थाएं आज इस स्थिति में पहुंच गई हैं कि उन्हें कानून के हस्तक्षेप के बिना संतुलित नहीं रखा जा सकता? एक और पक्ष पर भी ध्यान केंद्रित किए जाने की जरूरत है कि इस तरह के कानून से शायद बुजुर्गों को आर्थिक सुरक्षा तो प्रदान की जा सकती है, जिससे उनकी मूलभूत आवश्यकताओं जैसे भोजन, उपचार और रहने की उचित व्यवस्था तो सुनिश्चित हो जाएगी, मगर क्या उन्हें बच्चों से भावनात्मक संबल, प्यार और देखभाल की गारंटी भी मिलेगी? जीवन जीने के लिए रोटी, कपड़ा और आवास के साथ-साथ आत्म-सम्मान तथा अपनापन भी उतना ही जरूरी होता है। यह एक ऐसा विषय है, जिस पर सरकार से लेकर समाज के हर वर्ग को मिलकर सोचने की जरूरत है।

# पीड़ा की परतें

**सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

इतिहास की परतों को उलटकर देखें तो मरुभूमि की तपती रेत में एक सिसकी सुनाई देती है, जिसे समय ने एक अजीबोगरीब रिवाज की शक्ल दी। यह महज एक पेशा नहीं था, बल्कि सामंती समाज के उस खोखलेपन का दस्तावेज था, जहां ऊंची हवेलियों में औरतों को सलीके से रोने की छूट नहीं थी। पुराने समय में जब किसी रसूखदार की मृत्यु होती, तो काले लिबास में लिपटी कुछ स्त्रियां जिस तरह रोती थीं, वह दरअसल उस इंसान के लिए नहीं, बल्कि उस खोखली प्रतिष्ठा के लिए होता था, जिसे समाज ने ओढ़ रखा था। इतिहास गवाह है कि जब-जब संवेदनाओं का अकाल पड़ा है, दुनिया ने आंसुओं की तिजारत शुरू कर दी है। आज इस दिखावटी दुख का विस्तार मात्र एक परंपरा नहीं, बल्कि उस मानसिक मरुस्थल का प्रतीक है, जहां संवेदनाएं सूख चुकी हैं।

आज के दौर में इस रिवाज की शक्लें बदल गई हैं, पर रूह वही है- मांगने पर उपलब्ध सिसकियां। अब ये किरदार सिर्फ राजस्थान के रेतीले धोरों में नहीं मिलते, बल्कि सोशल मीडिया पर किसी पोस्ट पर टिप्पणियों वाले हिस्से और मुख्य समय की बहसों में भी पैठ बना चुके हैं। यह एक ऐसा युग है, जहां हम अपनी उदासी को भी दूसरों के कंधों पर ढोना चाहते हैं। अब लोग किसी की मृत्यु पर दुखी होने के लिए नहीं, बल्कि किसी के पतन पर उत्सव मनाने या किसी विचारधारा के अपमान पर 'प्रायोजित विलाप' करने के लिए शोर ढूंढ़ते हैं। जैसे नुक्कड़ की दुकान पर कड़क चाय की मांग होती है, वैसे ही अब डिजिटल मंचों पर कड़क विरोध और मार्मिक आर्तनाद की मांग है। यह वैसा ही है, जैसे हम अपनी पुरानी यादों के मलबे में खुद उतरने के बजाय किसी अजनबी को पैसे देकर कहें कि 'भाई, थोड़ा सलीके से छाती पीट दो, ताकि लोगों को लगे कि मैं बहुत दुखी हूं।' यह बढ़ती भीड़ हमारे भीतर के उस सूनेपन को पुख्ता करती है, जिसे हम खुद भरने का साहस खो चुके हैं।

साहित्य और समाज के इस चौराहे पर खड़े होकर जब हम सोचते हैं, तो लगता है कि ये किरदार अब एक बड़े तंत्र का हिस्सा हैं। इतिहास में ये वे लोग होते थे, जिनके पास अपना कहने को कुछ न था, इसलिए उन्होंने अपना दुख ही बेच दिया। आज का पढ़ा-लिखा तबका भी इसी कतार में खड़ा है, बस उसके हाथ में महंगे उपकरण या यंत्र हैं। हम दूसरों के गम में शरीक होने का स्वांग रचते हैं, क्योंकि हमें डर है कि अगर हमने शोर नहीं मचाया, तो दुनिया हमें पत्थरदिल करार दे देगी। यह इस बात का इशारा है कि हम 'पीड़ा' का अनुभव नहीं करना चाहते, बस उसका तमाशा बनाना चाहते हैं। यह वैसा ही है जैसे किसी बड़े हादसे के वक्त मदद के लिए हाथ बढ़ाने के बजाय फोन निकालकर वीडियो बनाना, ताकि दुनिया को हमारा 'दुख' और 'सक्रियता' दोनों दिख सके।

पुराने दौर में राजाओं की मृत्यु पर प्रजा का रोना अनिवार्य होता था, चाहे वह हुक्मरान कितना ही निर्दयी क्यों न रहा हो। आज भी, जब कोई रसूखदार मरता है, तो इन विलापकर्ताओं का एक पूरा तंत्र सक्रिय हो जाता है। वे विलाप के ऐसे महीन तार छेड़ते हैं कि सुनने वाले को लगने लगता है कि सचमुच कोई अपूरणीय क्षति हुई है। जीवन में जब असल एहसास कम हो जाते हैं, तो लोग किराए पर अभिनय मंगा लेते हैं। ये नए दौर के किरदार कीबोर्ड के पीछे छिपे शिकारी हैं, जो हैशटैग के साथ आंसू बहाते हैं। इनका इतिहास दरअसल इंसान की उस आदिम भूख का इतिहास है, जिसमें वह अपनी अंदरूनी कमियों को दूसरों के चिल्लाने से ढकना चाहता है।

समाज के इस चरित्र चित्रण में ये विलापकर्ता एक बिंब हैं उस बाजारवाद के, जहां आंसू भी एक माल की तरह बिकते हैं। अगर हम गुजरे हुए वक्त को गौर से देखें, तो पाएंगे कि ऐसी तादाद तभी बढ़ी है, जब समाज में आपसी बातचीत मर गई है। जब घर के सदस्य एक-दूसरे की आंखों में झांकना बंद कर देते हैं और संवाद का धागा टूट जाता है, तब ये बिचौलिए भावनाओं का व्यापार संभालते हैं। वे उस सन्नाटे को शोर से भरते हैं, जो हमारे अकेलेपन ने पैदा किया है। गीता में कहा गया है कि दुख में विचलित न हो, पर आज का आदमी बिना चीखे-चिल्लाए दुख को मान ही नहीं पाता। उसे एक 'शोर से भरा' माहौल चाहिए। ये किरदार वही शोर मुहैया कराते हैं। वे बाल बिखेरते हैं, विलाप करते हैं और ऐसा माहौल बुनते हैं कि पत्थर भी पसीज जाए। पर क्या वह नमी असली होती है? यह एक मौसमी बुखार की तरह है, जो आता है, हलचल मचाता है और अपनी कीमत वसूलकर चला जाता है। आधुनिक दौर के ये लोग भी यही कर रहे हैं। वे हमारे डिजिटल संसार को सिसकियों से भर देंगे, पर जैसे ही स्क्रीन बंद होगी, वे अगले ग्राहक की तलाश में निकल जाएंगे।

सिसकियों की यह भीड़ एक गंभीर चेतावनी है उस संस्कृति के लिए, जो जीने से ज्यादा प्रदर्शन करने पर उतर आई है। अगर इतिहास खुद को दोहरा रहा है, तो इस बार वह किसी महाकाव्य की तरह नहीं, बल्कि एक खराब नाटक की तरह सामने है। हम एक ऐसे मोड़ पर हैं, जहां आंखों की असली नमी दुर्लभ हो गई है और बनावटी सिसकियों का साम्राज्य फैल गया है। असल में ये आंसू भी अब किसी 'सब्सक्रिप्शन' या ग्राहकी की तरह हो गए हैं। तय कीमत चुकाओ और मनचाहा विलाप पा लो। इस भीड़ का बढ़ना इस बात का सबूत है कि हम सामूहिक रूप से भावनाओं के दिवालिएपन की ओर बढ़ रहे हैं। हमें रुककर सोचना होगा कि क्या हम वाकई एक ऐसी दुनिया की तरफ बढ़ रहे हैं, जहां हमारे आखिरी वक्त पर रोने वाले लोग हमारे चाहने वाले नहीं, बल्कि वे होंगे जिन्हें हमने अपनी वसीयत से भुगतान किया होगा? वक्त हमें संभलने का इशारा कर रहा है, पर सिसकियों का यह शोर हमें अपनी ही धड़कन सुनने की मोहलत नहीं दे रहा।

## दुनिया मेरे आगे

> **हम एक ऐसे मोड़ पर हैं, जहां आंखों की असली नमी दुर्लभ हो गई है और बनावटी सिसकियों का साम्राज्य फैल गया है। असल में ये आंसू भी अब किसी ग्राहकी की तरह हो गए हैं। वक्त हमें संभलने का इशारा कर रहा है, पर सिसकियों का यह शोर हमें अपनी ही धड़कन सुनने की मोहलत नहीं दे रहा।**




## शांति पर संकट

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य एक गंभीर मोड़ पर दिखाई देता है। एक ओर विकास की नई ऊंचाइयां छूने की होड़ है, वहीं दूसरी ओर सुरक्षा के नाम पर बढ़ता सैन्य खर्च मानवता के भविष्य पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है। आज लगभग हर देश अपनी सैन्य ताकत को बढ़ाने में लगा है। यह प्रवृत्ति न केवल देशों के बीच अविश्वास को जन्म दे रही है, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी गंभीर खतरा बनती जा रही है। हाल के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया का कुल रक्षा खर्च लगातार बढ़ रहा है। इसके पीछे एक व्यापक मानसिकता भी काम कर रही है और वह है वर्चस्व स्थापित करने की। आधुनिक युद्ध अब केवल सीमाओं तक सीमित नहीं, बल्कि यह तकनीकी, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्रों तक फैल चुका है। हथियार भले ही सुरक्षा के नाम पर बनाए जा रहे हों, लेकिन इनका अस्तित्व ही मानव सभ्यता के लिए एक स्थायी खतरा है। मानव सभ्यता का मूल आधार प्रेम, सहयोग और सह-अस्तित्व रहा है। प्राचीन काल में भी समाज ने मिल-जुल कर जीवन जीने की परंपरा को अपनाया था, लेकिन आज का इंसान अपनी शक्ति को सिद्ध करने के लिए संघर्ष के मार्ग पर चल पड़ा है।

*– अरविंद जैन 'बीमा', उज्जैन*

## शुद्धता की राह

मनुष्य यह मानता है कि निरंतर कर्म करते रहने से वह एक दिन अवश्य उन्नति कर लेगा। असल में परिश्रम को ही सफलता का आधार माना गया है। मगर मनुष्य अक्सर इस सत्य को अनदेखा कर देता है। यदि विचार शुद्ध नहीं हैं, तब कर्म की महानता भी अधिक समय तक टिक नहीं पाती। अक्सर यह देखा जाता है कि जब कोई व्यक्ति सफलता प्राप्त कर लेता है, तब वह दूसरों की सहायता करते समय उसके मन में कहीं न कहीं यह भावना विद्यमान रहती है कि उसने अपने से निम्न लोगों पर कोई उपकार किया है। यह विचार धीरे-धीरे व्यक्ति के श्रेष्ठ कर्मों की पवित्रता को समाप्त कर देता है। यदि किसी व्यक्ति की सोच में अहंकार, ऊंच-नीच का भेद तथा दूसरों के प्रति तिरस्कार विद्यमान हो, तो वह बाहरी रूप से भले ही महान दिखाई दे, लेकिन उसके कर्मों की वास्तविक पवित्रता समाप्त हो जाती है। इसलिए जीवन में अपनी सोच को श्रेष्ठ बनाना चाहिए। जब विचार स्पष्ट होंगे, तभी आपके कर्म सार्थक होंगे।

*– निकिता बेदी, मुंबई*

## लोकतंत्र के लिए

पश्चिम बंगाल में दूसरे और अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के साथ ही पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणामों पर अब सबकी निगाहें रहेंगी। मतदाता सूची के पुनरीक्षण के बाद वहां जबरदस्त मतदान हुआ। चुनाव आयोग ने विपक्ष के विरोध के बावजूद कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराया। पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुदुचेरी में चुनाव से पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया गया। इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में मतदाता सूची से बाहर हुए। इसके बावजूद पांचों राज्यों में रेकार्ड मतदान हुआ। यह लोकतांत्रिक चेतना और नागरिक सहभागिता के मजबूत होने का संकेत है। अब देखना यह है कि इस जनादेश का सेहरा किसके सिर बंधता है। स्वतंत्रता के बाद से बंगाल में कभी भाजपा की सरकार नहीं बनी। यहां कांग्रेस, वामपंथी दलों और पिछले डेढ़ दशक से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस का वर्चस्व रहा है।

*– अरविंद रावल, झाबुआ*

## जमीनी सच्चाई

'सुरक्षा की उपेक्षा' (संपादकीय, 29 अप्रैल) पढ़ा। सरकार में नीति-निर्धारण का काम मुख्यतः उच्च पदस्थ अधिकारी करते हैं, जिन्होंने कभी निचले स्तर पर काम नहीं किया होता। जमीनी वास्तविकताओं से अनजान ये अधिकारी स्वयं सभी सरकारी सुविधाओं का उपभोग करते हुए निचले स्तर के कर्मचारियों से हर परिस्थिति में सौ फीसद परिणाम देने की अपेक्षा रखते हैं और इसके लिए दबाव बनाते हैं। अक्सर घर-घर जाकर काम करने वाले इन कर्मचारियों के पास यातायात का साधन नहीं होता। न ही पीने के पानी की व्यवस्था होती है और न ही मौसम की मार से बचने के लिए सिर छिपाने की जगह होती है। ऐसे में जरूरी है कि जमीनी कार्यों की योजना बनाने से पहले वरिष्ठ अधिकारी स्वयं वस्तुस्थिति का पता लगाएं। मैदानी कार्य करें और जो समस्याएं सामने आएं, उनके आधार पर योजना बनाएं।

*– बृजेश माथुर, गाजियाबाद*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

चिंतन

# विनेश फौगाट की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार

भारतीय खेल जगत एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां प्रदर्शन से ज्यादा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट द्वारा बृजभूषण शरण सिंह पर लगाए गए ताजा आरोप केवल एक व्यक्तिगत विवाद नहीं हैं, बल्कि यह पूरे खेल तंत्र की पारदर्शिता, विश्वसनीयता और संवेदनशीलता की परीक्षा बन चुके हैं। यह संस्थागत जवाबदेही और महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। ऐसे में सरकार को भी चहिए कि वह विनेश समेत सभी महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। विनेश का बयान एक संवेदनशील और असहज सच को सामने लाता है कि देश के शीर्ष स्तर के खिलाड़ी भी खुद को सुरक्षित और निष्पक्ष माहौल में नहीं पाते। अगर एक ओलंपियन को यह कहना पड़ रहा है कि वह किसी प्रतियोगिता में अपना 100% नहीं दे पाएंगी, तो यह केवल व्यक्तिगत मानसिक स्थिति का मामला नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता का भी संकेत है। बता दें कि यूपी के गोंडा में 10 से 12 मई के बीच सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट होने जा रहा है। गोंडा जाने को लेकर विनेश ने असुरक्षा का खतरा जताया है। हालांकि इस मामले का दूसरा पहलू यह भी है कि गोंडा में होने वाले टूर्नामेंट में देशभर से करीब 1400 खिलाड़ी भाग लेंगे। ऐसे में विनेश द्वारा उठाए जा रहे सवाल क्या जायज हैं, यह भी एक बड़ा सवाल है। कहीं, विनेश वहां जाने से बचने के लिए तो ऐसा नहीं कर रही हैं, क्योंकि उनके भारवर्ग 57 किलोग्राम में तीन अन्य महिला खिलाड़ी अंशु मलिक, मनीषा भनवाला भी मुकाबला करेंगी, जहां इन पहलवानों के साथ विनेश का मुकाबला होना तय माना जा रहा है। या वे राजनीति से प्रेरित होकर ऐसा कदम उठा रही हैं। बहरहाल, देश की इस बड़ी खिलाड़ी को ऐसी डिमांड नहीं करनी चाहिए। बता दें कि विनेश ने आशंका जताई है कि गोंडा (बृजभूषण शरण सिंह का प्रभाव क्षेत्र) में प्रतियोगिता में उनके साथ या उनकी टीम के साथ कुछ अप्रिय घटना हो सकती है और यदि ऐसा कुछ होता है, तो भारत सरकार जिम्मेदार होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां निष्पक्षता के साथ फैसले नहीं होंगे। वहीं, इस मामले में डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने विनेश के आरोपों को 'बेवजह का हंगामा' बताया है और कहा कि विनेश का रजिस्ट्रेशन पहले ही पूरा हो चुका है। उन्होंने विनेश की सुरक्षा की 'निजी गारंटी' देते हुए उन्हें राजनीति न करने की नसीहत दी है। यौन उत्पीड़न के आरोप केवल कानूनी मुद्दे नहीं होते, वे सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी तय करते हैं। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन पीड़ित की पहचान को गोपनीय रखने की बात करती है, लेकिन जब एक खिलाड़ी खुद सामने आकर अपनी पहचान स्वीकार करती है, तो यह दिखाता है कि वह भीतर से कितनी दबाव और असुरक्षा महसूस कर रही होगी। यह स्थिति अन्य महिला खिलाड़ियों के लिए भी एक नकारात्मक संदेश दे सकती है। अंततः, यह मामला केवल एक खिलाड़ी और एक पूर्व पदाधिकारी के बीच का विवाद नहीं है, बल्कि भारतीय खेल व्यवस्था के चरित्र और विश्वसनीयता की परीक्षा है। यदि इस अवसर पर सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो इसका असर केवल कुश्ती तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे खेल जगत में अविश्वास की भावना गहराएगी। अब जरूरत है खेल मंत्रालय और डब्ल्यूएफआई ठोस कार्रवाई, पारदर्शी प्रक्रिया और खिलाड़ियों के भरोसे को फिर से कायम करने करे, क्योंकि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि विश्वास और निष्पक्षता का प्रतीक भी हैं।



चिंतन शिविर
मनसुख एल. मांडविया

# सहभागी संघीयता से खेलों का भविष्य

> यह शिविर बिखरे हुए प्रयासों से हटकर सहभागी संघवाद के एक ऐसे मॉडल में बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें केंद्र और राज्य भारत के खेल इकोसिस्टम के सह–निर्माता के रूप में कार्य करते हैं। यदि भारत को वर्ष 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की सफल मेजबानी करनी है तथा वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों में शीर्ष 10 देशों में स्थान प्राप्त करने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करना है तो यह समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह शिविर भारत के खेल प्रक्षेप पथ को पुनर्परिभाषित कर सकता है जिससे राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी और वर्ष 2036 तक ओलंपिक में शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त करने का सपना न केवल आकांक्षात्मक होगा, बल्कि साध्य बन सकेगा।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय का चिंतन शिविर 2026 संस्करण वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की दिशा में भारत की खेल यात्रा में एक अत्यधिक महत्वपूर्ण क्षण है। सप्ताहांत में श्रीनगर में आयोजित इस शिविर में केंद्रीय नेतृत्व तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खेल मंत्रियों के साथ साथ प्रमुख खिलाड़ियों, खेल प्रशासकों तथा भारतीय ओलंपिक संघ को एक मंच पर लाया गया, ताकि खेल प्रशासन, खिलाड़ी विकास और ओलंपिक उत्कृष्टता के लिए एकीकृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया जा सके। अपने मूल में, यह शिविर बिखरे हुए प्रयासों से हटकर सहभागी संघवाद के एक ऐसे मॉडल में बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें केंद्र और राज्य भारत के खेल इकोसिस्टम के सह-निर्माता के रूप में कार्य करते हैं। यदि भारत को वर्ष 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की सफल मेजबानी करनी है तथा वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों में शीर्ष 10 देशों में स्थान प्राप्त करने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करना है तो यह समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण है।

वर्ष 2026 संस्करण की विशेषता इसके क्रियान्वयन-उन्मुख दृष्टिकोण परिणामों पर जोर देती है और यह भी सुनिश्चित करती है कि विचार-विमर्श के दौरान प्रस्तुत किए गए विचारों का धरातल पर मापनीय प्रभाव पड़े। इसके लिए राज्य के खेल विभागों और केंद्रीय खेल मंत्रालय के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा 'श्रीनगर खेल संकल्प' के शुभारंभ ने आगे के जमीनी सहयोगों के लिए दिशा निर्धारित की है, जिसमें राज्यों और केंद्र सरकार के साथ भारत के खेल इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने, खेल पर्यटन को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र निर्माण हेतु खेलों को बढ़ावा देने वाले प्रमुख क्षेत्रों पर सहमति बनाई गई। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग, जो वर्तमान में प्रशिक्षक एवं भारतीय ओलंपिक संघ के सदस्य हैं, ने सभी हितधारकों को एक मंच पर लाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 2036 तक ओलंपिक में शीर्ष 10 देशों में स्थान प्राप्त करने की भारत की महत्वाकांक्षा केवल सहभागी संघीयता तथा सार्वजनिक-निजी सहभागिता के माध्यम से ही संभव है। सभी हितधारकों का एक साथ आना भारत को एक मजबूत खेल राष्ट्र बनाने के लिए सबसे बड़ा उत्प्रेरक सिद्ध होगा और इसकी शुरुआत इस शिविर से हो चुकी है।

भारत का खेल इकोसिस्टम स्वाभाविक रूप से संघीय है, जहां राज्य जमीनी स्तर के बुनियादी ढांचे का बड़ा हिस्सा संचालित करते हैं, स्कूली खेलों को प्रोत्साहित करते हैं और स्थानीय प्रतिभाओं की पहचान करते हैं,वहीं केंद्र सरकार राष्ट्रीय योजनाओं, उत्कृष्ट प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन को बढ़ावा देती है। निर्बाध समन्वय के अभाव में यह व्यवस्था अक्षमता का कारण बन सकती है। शिविर ने इस बात को रेखांकित किया कि भारत की ओलंपिक आकांक्षाएं अलग-अलग प्रयासों से नहीं, बल्कि समन्वित योजना, साझा संसाधनों और सतत प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम से ही साकार हो सकती हैं। शिविर का एक प्रमुख विषय प्रारंभिक प्रतिभा पहचान और संरचित मार्गों के माध्यम से व्यापक प्रतिभा आधार तैयार करना था। देश में 15 लाख से अधिक




स्कूलों और 8 करोड़ विद्यार्थियों के साथ, भारत के पास अपार प्रतिभा का भंडार है। हालांकि, इस क्षमता का करने के लिए 'खेलो इंडिया उदीयमान प्रतिभा पहचान कार्यक्रम' जैसे एकीकृत प्रतिभा पहचान तंत्र, जिला स्तर से उत्कृष्ट स्तर तक खिलाड़ियों की प्रगति को ट्रैक करने हेतु राष्ट्रीय खेल भंडार तथा स्कूल और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं को पुनर्गठित कर उन्हें राष्ट्रीय अकादमियों से जोड़ने वाली संरचित प्रणाली उपयोग की आवश्यकता है। वास्तव में, शिविर में हुई चर्चाओं ने यह स्पष्ट किया कि ओलंपिक पदक रातों-रात प्राप्त नहीं होते, वे एक दशक लंबी प्रक्रिया का परिणाम होते हैं, जिसकी शुरुआत जमीनी स्तर से होती है। जब राज्यों ने अपनी जमीनी प्रतिभा योजनाओं को साझा किया और केंद्र सरकार की खेलो इंडिया योजना के साथ उनके समन्वय पर प्रकाश डाला, तब यह स्पष्ट हुआ कि इस दिशा में काफी प्रगति हुई है और निरंतर सहयोग इस व्यापक लक्ष्य की प्राप्ति में एक महत्वपूर्ण घटक है। चर्चाओं से प्राप्त एक महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह है कि प्रशिक्षक खेल सफलता की रीढ़ होते हैं। अतः कोचिंग प्रमाणन के मानकीकरण, प्रशिक्षकों के कौशल उन्नयन एवं कल्याण तथा पूर्व खिलाड़ियों को कोचिंग इकोसिस्टम में सम्मिलित करने के प्रस्तावों को सभी हितधारकों का समर्थन प्राप्त हुआ। वर्तमान में, देशभर के लगभग 1000 खेलो इंडिया केंद्रों में पूर्व चैंपियन खिलाड़ियों (पीसीए) की भागीदारी से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं, जो कोचिंग इकोसिस्टम में पूर्व खिलाड़ियों के व्यापक समावेशन के लिए एक मॉडल के रूप में उभर रहा है। भारत ने विशेष रूप से खेलो इंडिया केंद्रों और अकादमियों के माध्यम से खेल अवसंरचना के निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति की है। तथापि, शिविर ने कुछ ऐसे क्षेत्रों की पहचान की जिन पर ध्यान केंद्रित कर देश के सुदूर क्षेत्रों तक खेल अवसंरचना की उपलब्धता को और सुदृढ़ किया जा सकता है। प्रमुख प्रस्तावों में मौजूदा अवसंरचना का साझा उपयोग मॉडल के माध्यम से उसे अनुकूलित करना, क्षेत्रीय उच्च प्रदर्शन केंद्रों का विकास करना तथा विश्व स्तरीय सुविधाओं के लिए सार्वजनिक-निजी सहभागिता को प्रोत्साहित करना शामिल हैं। इस संदर्भ में जहां राज्य स्थानीय आवश्यकताओं की पहचान करते हैं, वहीं केंद्र वित्तीय ढांचा, तकनीकी विशेषज्ञता और वैश्विक मानकों के अनुरूप मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है। राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी केवल स्टेडियम निर्माण तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह एक खेल-सक्षम राष्ट्र के निर्माण के बारे में भी है।

चिंतन शिविर में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया कि तैयारी के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप शहर-स्तरीय अवसंरचना, प्रभावी लॉजिस्टिक्स, सुशासन और खिलाड़ियों के लिए सेवाएं तथा एक सुदृढ़ घरेलू प्रतियोगिता कैलेंडर की आवश्यकता है। राष्ट्रमंडल खेल 2030 की सफल मेजबानी के लिए, राज्यों और केंद्र सरकार की साझा जिम्मेदारियां-न केवल नीति-निर्माण के स्तर पर है, बल्कि उसके क्रियान्वयन के चरण में भी-एक प्रमुख विशेषता के रूप में उभरकर सामने आईं। केंद्र और राज्यों के बीच दायित्वों के वितरण से भारत देशभर में अनेक "आयोजन-तत्पर समूह" बना सकता हैं, जिससे एक ही मेजबान शहर पर दबाव कम पड़ेगा और विरासत लाभ सुनिश्चित होगा। चिंतन शिविर केवल एक सम्मेलन ही नहीं, बल्कि एक परिवर्तन उत्प्रेरक भी है। यदि इन विचारों को प्रभावी रूप से लागू किया जाता है, तो यह शिविर भारत के खेल प्रक्षेप पथ को पुनर्परिभाषित कर सकता है- जिससे राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी और वर्ष 2036 तक ओलंपिक में शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त करने का सपना न केवल आकांक्षात्मक होगा, बल्कि साध्य बन सकेगा।

( लेखक केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सियासत
राज कुमार सिंह



# पंजाब : प्रचंड बहुमत के बावजूद विश्वास मत!

आम तौर पर नवगठित सरकार ही सदन में विश्वास मत हासिल करती है या फिर राजनीतिक उठापटक के बीच किसी सरकार को सदन में बहुमत हासिल करने के लिए कहा जाता है, लेकिन पंजाब में भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी यानि आप सरकार ने विधानसभा का विशेष सत्र बुला कर विश्वास मत हासिल किया। उसके लिए श्रमिक दिवस को ही चुनकर भी खास संदेश देने की कोशिश की गई है। जब 117 सदस्यीय विधानसभा में आप के 94 विधायक हैं, तब उसकी सरकार के बहुमत पर किसे संदेह रहा होगा? दरअसल, इस कदम से मान सरकार ने एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की है। 2022 में प्रचंड बहुमत से पंजाब में सत्तारूढ़ हुई आप में सब कुछ सामान्य तो अरसे से नहीं चल रहा, पर हाल ही में 10 में से सात राज्यसभा सदस्यों के भाजपा में शामिल हो जाने से शायद मान सरकार का आत्मविश्वास डगमगा गया है। इनमें से छह सांसद पंजाब से हैं। उसके बाद से ही पंजाब में भी आप में विभाजन की चर्चाएं चल पड़ी हैं। बेशक किसी भी दल के दो-तिहाई राज्यसभा सांसदों का दलबदल सामान्य घटना नहीं है। फिर इनमें शामिल राघव चड्ढा और संदीप पाठक की पंजाब में आप की चुनावी सफलता में महत्वपूर्ण रणनीतिक भूमिका भी रही। जाहिर है, बेहतर संभावनाएं देख कर बड़ी संख्या में दूसरे दलों से भी आप में नेता आएं। इसलिए उनकी निष्ठा की बाबत कोई खुशफहमी आप नेतृत्व को भी नहीं होगी। फिर न सिर्फ दलबदलू सांसदों, बल्कि भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस ने भी पंजाब आप विधायक दल में विभाजन और परिणामस्वरूप मान सरकार पर संकट की अटकलों को हवा देना शुरू कर दिया। दरअसल, आप पंजाब में भाजपा और कांग्रेस की साझा दुश्मन है। आप को भले ही राष्ट्रीय दल का दर्जा मिल गया हो, पर उसका मुख्य राजनीतिक आधार दिल्ली और पंजाब में ही रहा है। दिल्ली की सत्ता पिछले साल विधानसभा चुनाव में गवां चुकी आप पंजाब की सत्ता भी खो देने का जोखिम नहीं उठाना चाहती। जाहिर है, फैसला तो अगले साल पंजाब के मतदाता ही करेंगे, लेकिन एक दिन के विशेष सत्र में विश्वास मत हासिल कर मान सरकार और आप ने अपने डगमगाते आत्म विश्वास को बचाने के साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव के लिए माहौल बनाने की कवायद शुरू कर दी है। पंजाब में न्यूनतम मजदूरी में 15 प्रतिशत की वृद्धि का फैसला स्वागत योग्य है, पर उसका चुनावी असर अगले साल चुनाव परिणाम ही बताएंगे। विपक्ष के वॉकआउट के बीच पेश विश्वास मत प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए सदन में 88 विधायक ही मौजूद थे। छह विधायक अलग-अलग कारणों से अनुपस्थित रहे। भगवंत मान सरकार द्वारा विशेष सत्र बुला कर इस तरह विश्वास मत हासिल करने का यह कारण समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि विश्वास मत हासिल कर चुकी सरकार के विरुद्ध छह माह तक अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता, लेकिन इसे आप विधायक दल में अनंतकाल तक एकता की गारंटी नहीं माना जा सकता। भाजपा में शामिल हुए आप राज्यसभा सांसदों में से किसी का भी जनाधार नहीं है। ऐसे में उनके आगामी विधानसभा चुनाव में 'गेम चेंजर' साबित होने की गलतफहमी खुद भाजपा को भी नहीं होगी, लेकिन वे विधायक दल में विभाजन की कोशिश अवश्य कर सकते हैं। अनेक आप विधायकों को टिकट दिलवाने में राघव चड्ढा और संदीप पाठक की भूमिका रही थी। इसलिए कुछ विधायक तो उनके साथ पाला बदलने की बाबत सोच ही सकते हैं। जाहिर है, 94 विधायकों में विभाजन के लिए जरूरी दो-तिहाई का आंकड़ा आसान नहीं, लेकिन अगर जोड़तोड़ ने रफ्तार पकड़ी तो राजनीतिक उठापटक के बीच राज्यपाल छह महीने की अवधि में भी मान सरकार को विधानसभा में बहुमत साबित करने का निर्देश दे सकते हैं। ऐसे में विशेष सत्र बुला कर हासिल किया गया विश्वास मत मान सरकार की सुरक्षा की असीमित गारंटी हरगिज नहीं है। इसमें दो राय नहीं कि पंजाब के मतदाताओं ने कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा सरीखे परंपरागत राजनीतिक दलों से निराश हो कर बड़ी उम्मीदों से 2022 में आप को सत्ता सौंपी थी, लेकिन उन पर खरा उतरने का दावा शायद ईमानदारी से आप भी नहीं कर पाएगी। न तो नशे का कारोबार रुका, न कानून –व्यवस्था सुधरी। शिक्षा, सेहत से लेकर रोजगार तक का हाल भी बुरा ही है। वैकल्पिक राजनीति का वादा करने वाली आप की सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध के आरोप भी कम नहीं लगे। अगर आप में बड़ा विभाजन हुआ तथा शिरोमणि अकाली दल और भाजपा में फिर गठबंधन हो गया, तब अवश्य आगामी चुनाव दिलचस्प हो जाएंगे।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अतीत पर नहीं करना चाहिए शोक



संकलित
दर्शन

आचार्य चाणक्य ने अपने नीति ग्रंथ में जीवन से जुड़ी कई गहरी और उपयोगी बातें बताई हैं। उन्होंने रिश्तों, व्यवहार और सफलता के सिद्धांतों को बहुत ही सरल और व्यावहारिक तरीके से समझाया है। उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही असरदार और प्रासंगिक हैं, जितनी प्राचीन समय में थीं। माना जाता है कि जो व्यक्ति इन नीतियों को अपने जीवन में अपनाता है, उसके लिए सफलता के रास्ते आसान हो जाते हैं। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि यदि मनुष्य उज्जवल कर्म करके एक दिन भी जिंदा रहे, तो उसका जीवन सफल हो जाता है। ऐसा जीवन बहुत लंबा जीने से बेहतर है, जो कष्टों से भरा हो और इस लोक व परलोक दोनों के खिलाफ हो। यानी कम समय का अच्छा और सही जीवन, लंबे लेकिन गलत और दुखभरे जीवन से ज्यादा मूल्यवान होता है। बीती हुई बातों यानी अतीत पर शोक नहीं करना चाहिए, और आने वाले समय यानी भविष्य की ज्यादा चिंता भी नहीं करनी चाहिए। बुद्धिमान लोग हमेशा वर्तमान समय में रहकर ही काम करते हैं। अलग-अलग लोगों को प्रसन्न करने के तरीके अलग होते हैं और हमें उसी अनुसार व्यवहार करना चाहिए। देवता, सज्जन पुरुष और पिता ऐसे होते हैं जो स्वभाव से ही सरल और दयालु होते हैं। उन्हें खुश करने के लिए ज्यादा दिखावा या विशेष प्रयास की जरूरत नहीं होती।

# सबसे बड़ा धन है संतोष



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध की शिक्षाएं आज भी हमें जीवन की कई परेशानियों से बचने का मार्ग दिखाती हैं। वे प्रतिदिन अपने शिष्यों को उपदेश देते थे और अपने प्रवचनों में क्रोध, अहंकार, लोभ और द्वेष को त्यागने पर जोर देते थे। उनके प्रेरणादायक विचार आज भी उतने ही प्रभावशाली हैं और हमें सफलता, संतुलन और आंतरिक शांति की ओर बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। वे कहते हैं, संतोष सबसे बड़ा धन है, वफादारी सबसे बड़ा संबंध है और स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार है। दुख का मूल कारण आसक्ति है। यह विचार बताता है कि मोह और चिपकाव ही जीवन की समस्त पीड़ा का केंद्र हैं। अतीत में मत उलझो, भविष्य के सपने मत देखो, अपना ध्यान वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो। यह शिक्षा मानसिक तनाव से मुक्त होकर वर्तमान को भरपूर जीने का व्यावहारिक सूत्र है। सभा में, परिषद में और एकांत में किसी से झूठ न बोलें। झूठ बोलने के लिए दूसरों को प्रेरित न करें और न झूठ बोलने वाले को प्रोत्साहन दें। असत्य का सर्वांश में परित्याग कर देना चाहिए। गौतम बुद्ध कहते हैं अतीत पर ध्यान मत दो, भविष्य के बारे में मत सोचो, अपने मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो।

जिरहनामा
कनक तिवारी



# बुनियादी न्यायिक अवधारणाएं कहां चली गईं

अंगरेजी के महान लेखक और दार्शनिक फ्रांसिस बेकन इंग्लैंड के 16 वीं शताब्दी में चीफ जस्टिस भी रहे। उनके जैसा उद्भट विद्वान दुनिया में नहीं हुआ। वे वहां के चीफ जस्टिस भी थे। दुखद यही था कि वे भ्रष्ट थे। वे दोनों ओर के पक्षकारों से घूस खा लेते थे। इस कारण उन्हें आजन्म कारावास भुगतना पड़ा। जेल में ही उनकी मौत हुई। उजला पक्ष यह है किसी भी संवैधानिक गुत्थी या उलझन को लेकर बेकन ने जो तर्कशास्त्र गढ़ा है। वह आज तक ढहाया नहीं जा सका। उनके फैसलों को बेकोनियन जजमेंट कहते हैं। दुनिया के तमाम न्यायिक महारथी बेकन के मुरीद हैं।

भारत दुनिया का सबसे बहुसंख्यक संवैधानिक लोकतंत्र है। जिस तरह देह में हड्डियों का ढांचा बुनियाद की तरह रहता है। उसी तरह देश का संविधान देश के विकास और जीवन की बुनियाद होता है। समझना ज़रूरी है कि संविधान में भारत का अतीत स्मरण या उससे निरंतरता नहीं है। आजकल लफ्फाजी का युग है। जो अपढ़, कुपढ़ और बहुत सा जानबूझकर स्वांग करते हैं। वे जबरिया संविधान पर ऊलजलूल टिप्पणियां करते लोकतंत्र को जख्मी करते रहते हैं। संविधान नियंता बाबा साहब अम्बेडकर के इस साहसिक बयान को अपनी दृष्टि बनाने के लिए समझना होगा कि यह संविधान हम भारतीय इतिहास, पूर्व उदाहरणों और परंपराओं से सीख लेकर बिल्कुल नहीं बना रहे हैं। यह संविधान की कोख यूरो अमेरिकन उन मानवीय साहसिक उद्घाटनों में से है जो इंग्लैंड, फ्रांस, अमेरिका, जर्मनी जैसे कई देशों में हुई जनवादी क्रांति से पैदा हुई है। इसी नजरिए से संविधान को वैज्ञानिक ढंग से देखा और परखा जा सकता है। विकृत दृष्टि तो असंख्य लोगों में पैठ ही चुकी है। संविधान का अब तो कचूमर ही निकाला जा रहा है।

संविधान केवल शब्दो और लकीरों में लिखी हिदायतों का जखीरा नहीं होता। हर शब्द और वाक्य में अदृष्य लगती कोई परंपरा, अवधारणा या समझबूझ की बुद्धि होती है। संविधान केवल इबारतों को पढ़ना नहीं है। अपनी अनुगूंजों को सुनकर संविधान के मर्म की समझ विकसित करना न्याय सत्ता के लिए पहली और जरूरी शर्त है। खासतौर पर सुप्रीम कोर्ट के लिए जो अंतिम न्यायिक वचन का स्त्रोत है। कहती हैं परंपराएं कि बिना किसी को सुने उसके बारे में फैसला मत करो। नागरिकों की आजादी उनका बुनियादी अधिकार है। उन्हें गैर जरूरी वजह से जेल में मत ठूंसो। कहती हैं अवधारणाएं भारत को वैज्ञानिक परंपराओं वाला देश बनाओ यह भी कहती हैं कि जज को एक तरह से सन्यासी जैसा रहना है। उसे घूसखोरी करते रिटायरमेंट के बाद सरकारी पद, नेता बनने की हविश, सामंती भाषा में चीखने का षऊर और रोज बल्कि बरस दर बरस बीतते अपने सिद्धांतों को



बदलने का रवैया नहीं पालना चाहिए। इन्हीं अवधारणाओं से भारतीय न्यायपालिका को कठिन या संकुल चरित्र परिवार बनाया। मातृ संस्था बिटेन की सुप्रीम कोर्ट और उसके इतिहास से समानान्तर ढूंढ़े जाते हैं। वहां कोई ना कोई बीजक कथा मिल जाती है। वह अंधेरी राह के लिए टॉर्च की रोशनी बनकर उजाला बनती है। ऐसी कई मान्यताएं हैं जो भारतीय जजों के आचरण में पिछले 40, 50 वर्षों में स्थिर हो चुकी थीं। देश काफी कुछ भरोसे में रहा है कि अदालतों के रहते निजाम या और कोई जनता पर खुलेआम जुल्म नहीं कर पाएगा। धन डाकुओं को भी अदालतें ठिकाने तो लगाएंगी ही।

सृष्टि का नियम है कि समय बदलता है। भारतीय इतिहास में भी कुछ लोग संकीर्ण और जाहिल दिमाग के बने बैठे कौरव कहलाते पांडवों के साथ जुल्म कर रहे थे। महाभारत के युद्ध में दुराचार और अनाचार को शिकस्त मिली ही थी। जय श्रीराम का नारा लगाना तो कंठ का नारा नहीं, उसमें रावण की कथा का संदेश भी है कि किसी भी अन्य तरह के समाज में न्याय दिलाने की ताकतों के रहते वे सफल नहीं हो पाएं। आजकल जो फल फूल ही रही हैं। देश का धन लेकर भगोडे.विदेशों में भी ऐश कर ही रहे हैं। सरकार से जनता की पूरी दौलत एक उद्योग को कानून तोड़कर चली जा रही है। सिलसिला रुक नहीं रहा है। सैकड़ों, हजारों, करोड़ों की अफरातफरी करने वाले अचानक किसी राजनीतिक दल में शामिल हो जाते हैं। वे प्रेत आत्माएं देवता बन जाती हैं, विदेषी ताकतें भारत में तकनीकी आधारों पर जासूसी का जाल फैला चुकी हैं। लेकिन भारत इन सबसे बेखबर है।

न्यायपालिका ने कार्यपालिका और विधायिका के समानांतर अपनी आजाद हैसियत लगभग खो ही दी है। जनता की निगाह में वह एक सरकारी विभाग है। न्याय कॉरपोरेटियों के अंगूठे के नीचे दबा हुआ है।

देष के पूर्व चीफ जस्टिस एस पी भरूचा ने कभी कहा था भारतीय हाई कोर्ट में एक तिहाई जज भ्रष्ट हैं। और यह संख्या बढ़ सकती है। सुप्रीम कोर्ट के एक बहुत जानदार वकील दुष्यंत दवे ने बहुत संघर्ष करने के बाद खीझकर अदानी रुख के ही कारण अपनी वकालत बंद कर दी। यह केवल एक वकील का मामला नहीं है। न्याय व्यवस्था में चोरी से घुस गई कई कातिल अवधारणाओं का मुंह नोचना है। जो दुष्यंत ने एक प्रतीक बनकर किया। देश किसी न्यायिक देश के चरित्र की नकल नहीं करता। लेकिन उसका खुद का चरित्र अपने संस्कारों के अनुरूप हो जाए तो वह देष नजीरें बनाता है।

जज के घर से करोड़ों रुपयों के नोट निकल रहे हैं। उसका बाल भी बांका नहीं हो रहा। संविधान में नहीं लिखा है कि क्या ऐसा होना ही चाहिए कि देश के नागरिकों को इलाज और शिक्षा का कोई बुनियादी अधिकार तक नहीं है। जज खुलेआम कहते हैं कि हमें तथ्यों से अलग हटकर जनता में आस्था है हमको उसके मुताबिक न्याय करना है। यूरो अमेरिकी न्याय की अवधारणा में ऐसा कोई तत्व नहीं है। अमेरिका, इंग्लैंड, ब्रिटेन और फ्रांस चाहे जितने भी अमीर मुल्क कहे जाएं। वहां अब भी मजबूत परंपराओं और संविधानों के आधार पर ही न्याय हो रहा है। डोनाल्ड ट्रंप यदि किसी भी तरह का कोई टैरिफ लगाते भी हैं तो अमेरिकी अदालतें उसमें बाकायदा हस्तक्षेप करती हैं। न्यायपालिक अवधारणाओं के उल्लंघन के कारण सरकारें तक बदल जाती हैं। लेकिन भारत में यह सब नहीं ही हो रहा। भारतीय जज, श्रमिक यूनियनों, चरित्रवान नागरिकों और सच बोलने वाले नौजवान छात्रों को इतिहास के ऊबड़ खाबड़ रास्ते को समतल करने की कोशिश करने वाले भीमा कोरेगांव के मानव अधिकार कार्यकर्ताओं और अल्पसंख्यकों के छीने जा रहे अधिकारों को बचाने के लिए उसी तरह से मुखर नहीं हैं। दुनिया का कोई तटस्थ व्यक्ति अब यह नहीं कहता कि भारत में आम चुनाव पूरी तौर पर निष्पक्ष, न्यायप्रिय और भ्रष्टाचाररहित तरीके से ही हो रहे हैं। यदि वह कर पाए तब ही उसके ऐसा किया जाने को ही तो भारत को एक तरह से विश्व गुरू होना कहा जा सकता है।

कभी सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस पी. एन. भगवती, वी. आर. कृष्णा अय्यर, सगीर अहमद, साव्यसाची मुखर्जी, हंसराज खन्ना, जैसे कई नक्षत्र थे जिनकी रोशनी से न्याय की अदालते जगमग थीं। सुप्रीम कोर्ट जाने से इनकार करने वाले हाई कोर्ट के महान जज अब्दुल करीम चावला का नाम भी है। आजकल जस्टिस नागरत्ना कम से कम इस रोशनी को बाले हुए हैं।

इन्सान प्रकृति का ही एक हिस्सा है, और प्रकृति के विरुद्ध उसका युद्ध अनिवार्य रूप से स्वयं उसके विरुद्ध ही है। - रेचल कार्सन

**यह देखते हुए कि बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा पहले से 74 फीसदी थी, और बीमा बाजार इसे लेकर खुद को ढाल भी चुका था, इसे बढ़ाकर 100 फीसदी करने का फैसला भले प्रतीकात्मक हो, फिर भी अर्थव्यवस्था के लिए एक अहम नीतिगत मोड़ तो है ही।**

## बीमा, सुधार और चुनौती




केंद्र सरकार द्वारा बीमा क्षेत्र में बड़ा सुधार करते हुए सौ फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को अनुमति देने की अधिसूचना जारी करना सैद्धांतिक तौर पर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक अहम नीतिगत मोड़ है, लेकिन यह देखते हुए कि बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा पहले से ही 74 फीसदी थी, और बीमा बाजार इसे लेकर खुद को ढाल भी चुका था, ताजा फैसला प्रतीकात्मक ही है। उल्लेखनीय है कि यह बदलाव सबका बीमा, सबकी रक्षा विधेयक, 2025 के तहत किया गया है, जिसे संसद और राष्ट्रपति की मंजूरी पहले ही मिल चुकी थी, बस अब सरकार ने इसे लागू किए जाने का आधिकारिक एलान किया है। गौरतलब है कि यह निवेश स्वचालित मार्ग के तहत होगा, यानी कंपनियों को पहले से सरकारी मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी। सरल शब्दों में कहें, तो अब विदेशी कंपनियां भारतीय बीमा कंपनियों में पूरी हिस्सेदारी रख सकती हैं। हालांकि इसके लिए भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) की स्वीकृति और जांच जरूरी होगी। जाहिर है कि यह बदलाव केवल पूंजी जुटाने का उपाय नहीं, बल्कि बीमा क्षेत्र की संरचना, प्रतिस्पर्धा और पहुंच को बदलने वाला निर्णय है। हालांकि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को इससे अलग रखते हुए उसमें विदेशी निवेश की सीमा 20 फीसदी ही बनाए रखना बताता है कि सरकार उदारीकरण और रणनीतिक नियंत्रण के बीच संतुलन साधना चाहती है। साथ ही, सरकार ने यह शर्त भी जोड़ी है कि विदेशी निवेश वाली बीमा कंपनियों में कम से कम एक शीर्ष पद पर भारतीय नागरिक का होना जरूरी होगा। उल्लेखनीय है कि भारत वैश्विक स्तर पर 10वां सबसे बड़ा बीमा बाजार है और उभरते बाजारों में यह दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। इसकी तेज वार्षिक विकास दर को देखते हुए यह उम्मीद जताई जा रही है कि 2033 तक यह जर्मनी व कनाडा जैसे देशों को पीछे छोड़ते हुए विश्व का छठा सबसे बड़ा बाजार बन सकता है। चूंकि बीमा बाजार में निजी कंपनियों की आमद बढ़ती जा रही है, ऐसे में, शत-प्रतिशत विदेशी निवेश से बीमा बाजार में ज्यादा पैसा आने की उम्मीद है। बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ने से प्रीमियम कम लगेगा, ग्राहकों को सुविधाएं मिलेंगी और बेहतर बीमा उत्पाद भी मिलेंगे। यही नहीं, इससे बीमा क्षेत्र का विकास तो होगा ही, वैश्विक स्तर पर इस क्षेत्र में दिख रहे मापदंड और नवाचार भारतीय बाजारों में भी अपनाए जा सकेंगे। हालांकि यह सुनिश्चित करना होगा कि इसके फायदे पारदर्शी तरीके से आम आदमी तक पहुंच सकें।

## राजनीति का मौसम बदलना चाहिए

**विश्व राजनीति युद्धोन्माद से मुक्त हो विश्व कल्याण के लिए समर्पित रहे, इसके लिए राजनीति में उन सभी तत्वों का समावेश होना चाहिए, जिनसे यह पृथ्वी एक जीवित ग्रह बनी, मानव का उद्गम और विकास हुआ, और जिनके बिना हमारा अस्तित्व ही नहीं।**

हमारा समकालीन विश्व युद्धों से छलनी हुआ जा रहा है। सीमाओं, संसाधनों, आर्थिक आधिपत्यवाद, और राजनीतिक अहंकार पर लड़े जा रहे ये युद्ध विश्व को एक ऐसी विभीषिका में झोंक देंगे, जहां से उबरना असंभव-सा हो जाएगा। युद्ध के पीछे ऐसी कोई विचारधारा नहीं होती, जो मानवीय पीड़ा को दूर कर सके और एक नई आशा पैदा कर सके। युद्ध में विजयी होने का भ्रम पालने वाले को स्थायी शांति मिल सके, ऐसा भी कभी नहीं होता। वास्तव में, युद्ध कभी कोई नहीं जीतता। युद्ध युवाओं का जीवन छीन लेते हैं और जीवित लोगों को शोक मनाने के लिए छोड़ देते हैं। मानव पीड़ा और अपार कष्ट ही नहीं, युद्ध अपने पीछे छोड़ जाते हैं विषैला वायुमंडल, प्रदूषित जल, संदूषित मिट्टी, विषम जलवायु, एक पीड़ित ग्रह, और एक अनिश्चित भविष्य।





वीर सिंह

अब हम एक ऐसे ग्रह पर नहीं रह रहे, जो अपने पारिस्थितिक चरमोत्कर्ष पर खिल रहा हो, जैसा औद्योगिक युग के पूर्व हुआ करता था। अब हम प्रदूषण, रोगों, और हिंसा से ग्रस्त ग्रह पर रहने के लिए अभिशप्त हैं। पृथ्वी पर पारिस्थितिक विघटन की गंभीर स्थिति को युद्ध और भी विकट बना देते हैं। युद्ध वैश्विक राजनीति की कोख से पैदा होते हैं। राजनीति वह सर्वोपरि विधा है, जो सभी मानवीय विधाओं को प्रभावित करती है, नियंत्रित करती है, नई विधाओं को सृजित करती है और उन्हें विनष्ट करने की क्षमता रखती है। शिक्षा, विज्ञान, दर्शन, प्रौद्योगिकी, उद्योग, निर्माण, कृषि, प्राकृतिक संसाधन, समाज, संस्कृति, और राष्ट्र आदि सभी राजनीति के साए में पलते हैं और राजनीति उनका एक टूल के रूप में उपयोग करती है। यहां तक कि आपकी सोच, आपकी विचारधारा, और आपके कर्म तक भी राजनीति की डोर से बंधे हैं।

भू-राजनीति, जो केवल सीमाओं, प्राकृतिक संसाधनों (विशेषकर ऊर्जा संसाधनों), और स्व-वर्चस्व के मानकों से त्रस्त है, विश्व राजनीति का मूल है। विश्व राजनीति का यह मूल प्रतिस्पर्धा, घृणा, कलह, संघर्ष, और रक्त-रंजित युद्धों के बीज बोने का प्रस्ताव करता है और युद्धों के माध्यम से ही समाधान ढूंढने का यत्न करता है। जब तक भू-राजनीति रहेगी, युद्ध होते रहेंगे और मानवीय मूल्यों को छिन्न-भिन्न करते रहेंगे।

समय आ गया है, जब विश्व राजनीति को पारिस्थितिकी रंग दिया जाए। पारिस्थितिकी-दर्शन, जो पारिस्थितिकी और दर्शन का सार्थक एकीकरण है, विश्व शांति के लिए एक सार्थक समाधान प्रस्तुत करता है। राजनीति, अपने सही अर्थों में, स्वयं लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप शासन के दर्शन का एक तंत्र है। लोगों की गहरी आकांक्षाएं इच्छा पैदा करती हैं—कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, टिकाऊ और प्रसन्नताओं से भरपूर भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने वाले वातावरण में जीवन मूल्यों का पोषण हो। हमारा वर्तमान सपनों के भविष्य का सृजन करने वाला समय होता है। राजनीति का धर्म है कि वह वर्तमान में भविष्य रूपी भ्रूण के स्वस्थ विकास के लिए भी समर्पित रहे। भविष्य का अर्थ केवल मानव जाति का भविष्य नहीं, जीवमंडल के सभी जीवन का भविष्य है।

हमारे अस्तित्व का आधार रचने वाली पुरानी युद्धोन्मुख राजनीतिक अवधारणाएं धीरे-धीरे दरक रही हैं। समय आ गया है कि उन मानव और प्रकृति-विरोधी राजनीतिक मान्यताओं को तिलांजलि दे दी जाए। प्रकृति और सभी जीवों का विनाश साथ-साथ चलता है और मानव प्रजाति भी ऐसे विनाश से स्वयं को सुरक्षित नहीं रख सकती। मानव प्रजाति अपने तकनीकी कौशल से स्वयं को कुछ समय तक तो बचा सकती है, पर प्रकृति विनाश के अंतिम छोर पर उसी की बारी होगी।

समकालीन भू-राजनीति की धुरी है आर्थिकी (इकनॉमी)। वर्तमान उदारीकरण-निजीकरण-वैश्वीकरण के युग में अर्थव्यवस्था विश्व के राजनीतिक दर्शन की मुख्य प्रेरक शक्ति बनकर उभरी है। आर्थिकी पारिस्थितिक तंत्र की ही एक उपज है। एक पारिस्थितिक तंत्र भौतिक पर्यावरण और जीवों से रची एक जीवित प्रणाली को दर्शाता है। यदि पारिस्थितिक तंत्र असंतुलित हो जाता है, तो अर्थव्यवस्था भी चरमरा जाती है। पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट हो जाता है, तो अर्थव्यवस्था भी दम तोड़ देती है। सार यह है कि पारिस्थितिकी ही आर्थिकी की जननी है। यदि वर्तमान राजनीतिक दर्शन में पारिस्थितिकी एक केंद्रीय अवधारणा नहीं है, तो ऐसी राजनीति द्वारा शासित दुनिया अनिवार्य रूप से आर्थिक प्रणालियों को धीरे-धीरे ढहते हुए देखेगी।

साम्यवादी राजनीति के दार्शनिक कार्ल मार्क्स ने कहा था, 'दार्शनिकों ने अब तक केवल विश्व को समझने का प्रयास किया है, जबकि मुद्दा इसे बदलने का है।' पारंपरिक दर्शन विश्लेषणात्मक है; पारिस्थितिक या पर्यावरण दर्शन क्रिया-उन्मुख है। यह दुनिया और उसकी व्यवस्थाओं को बदलने का आह्वान करता है। विश्व राजनीति को पारिस्थितिक दर्शन के सिद्धांतों के अनुसार डिजाइन, विकसित और निष्पादित किया जाएगा, तो वह हमारे विश्व के पुनर्निर्माण का आधार बनेगी।

राष्ट्रों की सीमा सैनिकों के बूटों और टैंकरों से न रौंदे जाएं; वे प्राकृतिक जैव-विविधता के गलियारे बनें। सीमाएं दो या अधिक देशों की साझी धरोहर हैं। वे जैव-विविधता के गलियारे बनेंगी, तो उन देशों में पर्यावरण और पारिस्थितिक सुरक्षा के साथ अनुकूल जलवायु का संदेश देंगी और उनकी जल और खाद्य सुरक्षा को बल देंगी। विश्व राजनीति को पर्यावरण की गुणवत्ता कायम रखने को प्राथमिकता देनी होगी। पर्यावरण सुरक्षा और पारिस्थितिक संतुलन में ही मानव कल्याण निहित है; इसलिए राजनीति का पारिस्थितिकरण होना हमारी पहली आवश्यकता है।

पर्यावरण-दर्शन मानव मन, हृदय और आत्मा का पोषण करता है। मानव को कल्याण और संपूर्ण विकास की राह पर ले जाता है। यह मानवता, मानव समाज, संस्कृतियों और भौगोलिक क्षेत्रों में एकात्मता के भाव पैदा करता है। पारिस्थितिक दर्शन के जनक हेनरिक स्कोलिमोव्स्की अध्यात्म, पारिस्थितिकी और आर्थिकी के सामंजस्य को राजनीति के एक सूत्र के रूप में रखते हैं। अध्यात्म राजनीतिज्ञों में नैतिकता, करुणा और न्याय के मूल्यों का समावेश करेगा और पारिस्थितिकी से आर्थिकी को सतत विकास का आधार मिलेगा। विश्व राजनीति युद्धोन्माद से मुक्त हो विश्व कल्याण के लिए समर्पित रहे, इसके लिए राजनीति में उन सभी तत्वों का समावेश होना चाहिए, जिनसे यह पृथ्वी एक जीवित ग्रह बनी, मानव का उद्गम और विकास हुआ, और जिनके बिना हमारा अस्तित्व ही नहीं। *- लेखक जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में पर्यावरण विज्ञान के पूर्व-प्राध्यापक हैं।*

edit@amarujala.com

## जीवन धारा



ओशो

जो व्यक्ति डरता है, वह पूरी तरह प्रेम नहीं कर सकता, क्योंकि प्रेम में खुलापन और समर्पण चाहिए। इसी तरह एक कलाकार तभी कुछ नया और मौलिक रच सकता है, जब वह आलोचना और असफलता के डर से मुक्त हो।

### प्रेम में खुलापन और समर्पण चाहिए

*जहां डर समाप्त होता है, वहीं जीवन का वास्तविक आरंभ होता है। यह मनुष्य की चेतना के गहरे सत्य की ओर संकेत है। डर मनुष्य के अस्तित्व पर छाई धुंध के समान है, जो उसे उसकी वास्तविक संभावनाओं से दूर रखता है। जब तक यह धुंध बनी रहती है, तब तक व्यक्ति जीवन को पूरी तरह नहीं जी पाता, वह केवल जीने का नाटक करता रहता है। मनुष्य जन्म से निर्भय होता है।*

*एक छोटा बच्चा जब दुनिया में आता है, तो उसमें कोई डर नहीं होता। वह खुल कर हंसता है, रोता है, जिज्ञासा से हर चीज को छूता है, हर चीज को उत्सुकता के साथ देखता है, गिरता है और फिर उठ जाता है। लेकिन धीरे-धीरे समाज, परिवार और संस्कार उसके भीतर डर भरने लगते हैं। असफलता का डर, अस्वीकृति का डर, मृत्यु का डर। ये सारे डर उसके स्वाभाविक जीवन को सीमित करने लगते हैं। जब व्यक्ति अपने भीतर की चेतना को पहचानना शुरू कर देता है, तब यह डर अपने आप समाप्त होता चला जाता है। इस अनुभव के बाद जीवन में एक अद्भुत स्वतंत्रता-सी आ जाती है। डर हमें वर्तमान क्षण से दूर ले जाता है। डर के साये में हम या तो अतीत की गलतियों से डरते रहते हैं या भविष्य की अनिश्चितताओं को लेकर चिंतित रहते हैं। इस कारण हम 'अभी' यानी वर्तमान क्षण को खो देते हैं, जबकि जीवन केवल मौजूदा क्षण में ही है। इसलिए जो व्यक्ति वर्तमान में जीना सीख लेता है, वह अपने आप ही निर्भय हो जाता है, उसके भीतर से डर का भाव खत्म हो जाता है, क्योंकि वर्तमान में कोई डर नहीं होता, डर तो हमेशा कल्पना में होता है। जब डर खत्म होता है, तब व्यक्ति जोखिम लेने के लिए तैयार हो जाता है। वह अपनी सच्ची इच्छाओं का अनुसरण करने लगता है, न कि समाज की थोपी गई अपेक्षाओं का। यही वास्तविक जीवन है, जहां व्यक्ति अपने स्वभाव के अनुरूप पूरी जागरूकता के साथ जीवन जीता है। जो व्यक्ति डरता है, वह पूरी तरह प्रेम नहीं कर सकता, क्योंकि प्रेम में खुलापन और समर्पण चाहिए। इसी तरह सृजनात्मकता भी तभी संभव है जब डर न हो। एक कलाकार, एक लेखक, एक संगीतकार तभी कुछ नया और मौलिक रच सकता है, जब वह आलोचना और असफलता के डर से मुक्त हो। जब आप अपने डर को पूरी जागरूकता के साथ देखते हैं, तो पाते हैं कि वह धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है। जीवन कोई बाहरी घटना नहीं, बल्कि एक आंतरिक अनुभव है। यह तब प्रकट होता है, जब हम अपनी सीमाओं, अपने भय और अपनी झूठी पहचानों से मुक्त हो जाते हैं। तब जीवन एक उत्सव बन जाता है, एक ऐसा उत्सव जिसमें हर क्षण नया है, ताजा है और संभावनाओं से भरा हुआ है। इस अवस्था में व्यक्ति न तो भविष्य की चिंता करता है, न अतीत का बोझ ढोता है। वह बस जीता है, पूरी तरह, गहराई से और आनंद के साथ। सच्चा जीवन वही है, जो डर की जंजीरों से मुक्त होकर अपनी संपूर्णता में खिलता है।*



### चिंताओं से मुक्त होकर जिएं

सूत्र

*जहां डर समाप्त होता है, वहीं जीवन का वास्तविक आरंभ होता है, क्योंकि जब मनुष्य वर्तमान क्षण में पूरी जागरूकता के साथ जीना सीख लेता है, तब वह भय, असफलता, अस्वीकृति और भविष्य की चिंताओं से मुक्त होकर प्रेम, सृजनात्मकता और स्वतंत्रता से भरा हुआ अपने सच्चे स्वभाव के अनुसार निर्भयता के साथ जीवन का उत्सव मनाने लगता है ।*

## दूसरा पहलू

सर्न प्रयोगशाला में एक शोध के नतीजे बता रहे हैं कि हम शायद अब तक न खोजे गए भौतिकी के रहस्यों के काफी करीब पहुंच रहे हैं।

### नए राज बदल सकते हैं भौतिकी की दुनिया

**जिनेवा** में यूरोपियन काउंसिल फॉर न्यूक्लियर रिसर्च (सर्न) की प्रयोगशाला के लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर (एलएचसी) मशीन में एक शोध के नतीजे बता रहे हैं कि हम शायद अब तक न खोजे गए भौतिकी के रहस्यों के काफी करीब पहुंच रहे हैं। अगर इसकी पुष्टि हो जाती है, तो ये संकेत उस सिद्धांत को पूरी तरह बदल देंगे, जिसे अब तक भौतिकी का 'स्टैंडर्ड मॉडल' कहा जाता है और जिसने पिछले 50 सालों से पार्टिकल फिजिक्स पर अपना दबदबा बनाए रखा है। नतीजों से पता चलता है कि एलएचसी में कुछ खास सब-एटॉमिक पार्टिकल जिस तरह से व्यवहार करते हैं, वह स्टैंडर्ड मॉडल पर खरा नहीं उतरता है।



विलियम बार्टर

एलएचसी में कुछ खास सब-एटॉमिक पार्टिकल जिस तरह से व्यवहार करते हैं, वह स्टैंडर्ड मॉडल पर खरा नहीं उतरता है।

मूल कण पदार्थ के सबसे बुनियादी कण होते हैं। ये ऐसे सब-एटॉमिक पार्टिकल्स हैं, जिन्हें और छोटी इकाइयों में नहीं बांटा जा सकता। एलएचसी कणों को उत्सर्जित कर उन्हें प्रकाश की गति देने वाला एक विशालकाय पार्टिकल एक्सीलरेटर (मशीन) है। इसे फ्रांस-स्विटजरलैंड सीमा के नीचे बनी 27 किलोमीटर लंबी एक गोलाकार सुरंग में बनाया गया है। एलएचसी में प्रोटॉन कणों की बीमों (बौछार) को विपरीत दिशाओं में चला कर आपस में टकराया जाता है, ताकि ऐसे और अतिसूक्ष्म कणों का पता चल सके, जो अब तक नहीं खोजे गए हैं। स्टैंडर्ड मॉडल 20वीं सदी की दो सबसे बड़ी खोजों पर आधारित है। इनमें एक है-क्वांटम मैकेनिक्स और दूसरा है-आइंस्टीन का विशेष सापेक्षता सिद्धांत। भौतिक विज्ञानी एलएचसी जैसी मशीन पर किए गए प्रयोगों की तुलना स्टैंडर्ड मॉडल पर आधारित अनुमानों से करके इस सिद्धांत की कड़ी जांच कर रहे हैं।



एलएचसी कणों को उत्सर्जित कर उन्हें प्रकाश की गति देने वाला एक विशालकाय पार्टिकल एक्सीलरेटर है। इसे फ्रांस-स्विटजरलैंड सीमा के नीचे बनी एक गोलाकार सुरंग में बनाया गया है।

हमारा शोध स्टैंडर्ड मॉडल की उम्मीदों से कहीं अलग नतीजे दिखाता है। असल दुनिया के हिसाब से इसका मतलब यह है कि प्रयोगों के नतीजों और सिद्धांत के अनुमानों से जुड़ी अनिश्चितताओं को ध्यान में रखने के बाद अगर स्टैंडर्ड मॉडल सही है, तो डाटा में इतना बड़ा बदलाव होने की संभावना 16000 में से सिर्फ एक है। 2030 के दशक के लिए और अधिक प्रगति की योजना बनाई गई है, ताकि एलएचसी के भविष्य के प्रयोगों का लाभ उठाया जा सके। यह अंतिम चरण हमें निश्चित दावे करने में सक्षम बनाएगा, जिससे संभवतः इस बात की एक नई समझ विकसित होगी कि ब्रह्मांड सबसे मौलिक स्तर पर किस प्रकार काम करता है।

-साथ में मार्क स्मिथ (द कन्वर्सेशन)

## आंकड़े

### आभूषण बाजार

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्वर्ण आभूषण बाजार है। भारतीय संस्कृति में सोना सिर्फ एक धातु नहीं, बल्कि धन, पवित्रता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

| | |
|---|---|
| चीन | 119.9 |
| भारत | 93.0 |
| अमेरिका | 78.9 |
| जापान | 10.4 |
| तुर्किये | 1.8 |

आंकड़े चुनिंदा देशों में आभूषणों से अनुमानित राजस्व के करोड़ डॉलर में।
स्रोत : स्टैटिस्टा मार्केट इनसाइट्स

भगवान शिव ने व्यापारी को एक पुत्र का वरदान दिया, पर उन्होंने कहा कि वह पुत्र 12 वर्ष तक ही जीवित रहेगा। लेकिन श्रद्धा व निष्काम भक्ति ने उसकी आयु बढ़ा दी।

### श्रद्धा और भक्ति

**प्राचीन** काल में एक नगर में एक निर्धन ब्राह्मण रहता था। वह भगवान शिव का परम भक्त था। उसकी भक्ति देखकर माता पार्वती प्रसन्न हुईं और भोलेनाथ से कहा, 'प्रभु! यह ब्राह्मण निर्धन है, पर आपकी भक्ति में कभी कमी नहीं करता। क्या आप इसे सुख नहीं देंगे?

भोलेनाथ बोले, 'देवी, अब समय आ गया है कि इसे उसका फल मिले।' ब्राह्मण को एक राजा के यहां पूजा कराने का अवसर मिला। उसकी सच्ची श्रद्धा और ज्ञान से राजा अत्यंत प्रभावित हुआ और उसने उसे राजपुरोहित बना दिया। धीरे-धीरे उसकी गरीबी दूर हो गई और वह सम्मानित जीवन जीने लगा। इसी नगर में एक धनी व्यापारी भी रहता था। वह भी सोमवार का व्रत करता था, पर केवल संतान प्राप्ति की इच्छा से। एक दिन भगवान शिव ने उसे एक पुत्र का वरदान दिया, पर उन्होंने कहा कि वह पुत्र केवल 12 वर्ष तक ही जीवित रहेगा। व्यापारी सोमवार का व्रत करता रहा। जब पुत्र बड़ा हुआ और 12वें वर्ष के करीब पहुंचा, तो व्यापारी बहुत चिंतित रहने लगा। व्यापारी के पुत्र ने भी शिव की पूजा शुरू कर दी। उसकी सच्ची श्रद्धा और निष्काम भक्ति देखकर भगवान शिव और माता पार्वती प्रसन्न हुए। भगवान शिव ने उसकी आयु बढ़ा दी ।



अंतर्यात्रा
संकलित

## अमर उजाला

पुराने पन्नों से — 4 मई, 1958

### अमेरिका इंडोनेशिया में हस्तक्षेप बंद करे


अमरीका इंडोनेशिया में हस्तक्षेप बन्द करे
अन्यथा तीसरा महायुद्ध शुरू हो जायगा : सुकर्णो की चेतावनी

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति डॉक्टर मोहम्मद सुकर्णो ने एक भाषण के दौरान अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उसने इंडोनेशिया के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बंद न किया, तो तीसरा विश्वयुद्ध छिड़ जाएगा।

## पर्यटन का विस्फोट और खतरे की घंटी



**पर्यटन बढ़ाना अच्छी बात है, पर बरगी जैसे हादसे जिस अव्यवस्था का संकेत देते हैं, उन्हें रोकने की भी तो योजना होनी चाहिए।**

विनीत नारायण | मुद्दा

इस हफ्ते जबलपुर में नर्मदा नदी के बरगी बांध पर मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग की क्रूज बोट के अंधड़ में पलट जाने से नौ लोगों की डूबकर दर्दनाक मौत हो गई। दो हफ्ते पहले उत्तर प्रदेश के वृंदावन में यमुना में भी नाव पलटने से दस लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी। सुरक्षा नियमों का लागू न होना और बिना लाइफ जैकेट के पर्यटकों को नावों, स्टीमरों या क्रूज बोट्स में सैर-सपाटा कराना, इन हादसों के मुख्य कारण हैं। ऐसे हादसे देश में आए दिन हो रहे हैं, लेकिन इनसे किसी भी राज्य की सरकार या प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया। लगता भी नहीं कि आने वाले दिनों में इस दिशा में कोई कड़ी पहल की जाएगी।



पिछले कुछ वर्षों में मंदिरों, तीर्थ नगरियों और कुंभ जैसे धार्मिक उत्सवों में लगातार बढ़ती दर्शनार्थियों की भीड़ अब इतनी बेकाबू हो गई है कि उसमें कुचल कर सैकड़ों जानें चली जाती हैं। जैसे जनवरी 2025 में प्रयाग के कुंभ में बहुत लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हुए थे। यही हाल कई बार वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में हुआ। मार्च 2026 में शीतला मंदिर (नालंदा, बिहार) में पूजा के दौरान भगदड़ में आठ लोग मारे गए, कई घायल हुए। 2025 में देश में कुल आठ से ज्यादा भगदड़ में 129 मौतें दर्ज की गईं, जिनमें ज्यादातर धार्मिक स्थलों पर हुईं। ऐसे अनेकों उदाहरण हैं।

राज्यों के मुख्यमंत्री बड़े गर्व से घोषणा करते हैं कि उनके यहां पर्यटकों की संख्या कितनी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन यह नहीं बताते कि पर्यटकों की इस बेकाबू भीड़ को नियंत्रित करने में वे कितना विफल हो रहे हैं। भीड़ को व्यवस्थित या नियंत्रित करना बिल्कुल भी असंभव नहीं है। मुझे याद है कि 1984 में मैं स्विट्जरलैंड के माउंट ब्लांक के सर्वोच्च शिखर पर जाने लिए जब उस पर्यटन स्थल से 50 मील दूर था, तो स्थानीय पुलिस ने हमारी जैसी सैकड़ों गाड़ियों को वहीं रोक दिया और हमें तब तक इंतजार करने को कहा, जब तक कि एक खास संख्या में उधर गई गाड़ियां लौट नहीं आईं। इस तरह उन्होंने भीड़ को अनियंत्रित होने से रोका। क्या ऐसी नीतियां हमारी सरकारें नहीं अपना सकतीं? अगर वीआईपी की सुरक्षा में तैनात पुलिस को भीड़ नियंत्रण के लिए तैनात किया जाए, तो बहुत हद तक दुर्घटनाओं और परेशानियों से बचा जा सकता है।

पर्यटन बढ़ाना अच्छी बात है, लेकिन पर्यटन विस्फोट से जो अव्यवस्था फैल रही है, प्लास्टिक और कूड़े के अंबार लगते हैं, उससे निपटने की न सिर्फ योजना बनाई जानी चाहिए, बल्कि उसे अमल में भी लाया जाना चाहिए। पर्यटन बढ़ाने की इस आपाधापी में प्रांतीय सरकारों को इस बात की चिंता नहीं है कि नागरिकों को खाने की चीजों में कितना जहर परोसा जा रहा है। हाल के महीनों में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे कई अन्य राज्यों में भारी मात्रा में नकली घी के भंडार पकड़े गए हैं। पर ये कार्रवाई प्रतीकात्मक ज्यादा है, प्रभावी कम। इसी तरह रसायनों से बने नकली दूध और पनीर सरेआम बेचा जा रहा है। फल और सब्जियों पर भी हानिकारक कीटनाशक और खतरनाक रसायन छिड़क कर नकली रंगों से तरो-ताजा दिखा कर बेचा जा रहा है। आम आदमी असहाय है, वह कुछ कर नहीं सकता। पर्यटन और तीर्थ क्षेत्रों में तो मिलावट का धंधा कई गुना ज्यादा हो रहा है, क्योंकि विक्रेता के सामने जो ग्राहक खड़ा है, वह एक बार ही पास आया है। अगले दिन कोई दूसरा ग्राहक आ जाएगा। इसलिए उसे शिकायत नहीं झेलनी पड़ती।

इस तरह पर्यटन विस्फोट ने इन क्षेत्रों के आधारभूत ढांचों की कमर तोड़ दी है, जिसका समाधान शहरीकरण के नए-नए मेगा प्रोजेक्ट बनाना नहीं है। इससे पर्यटन क्षेत्र का नैसर्गिक स्वरूप व आध्यात्मिक चेतना, दोनों का तेजी से विनाश होता है। अगर यही हाल रहा, तो आने वाले कुछ वर्षों में भारत के ये क्षेत्र नासूर बनकर रह जाएंगे। दुनिया के तमाम देशों ने अपने पर्यटन उद्योग को नियमों के तहत रखा है और अपनी प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को बिगाड़ने नहीं दिया। अमेरिका के पश्चिमी तट पर एक तरफ पहाड़ व घने जंगल, तो दूसरी तरफ लहराते समुद्र के बीच हमारी कार तेजी से दौड़ रही थी। मुझे भूख लगी, तो मेरे मेजबान ने जंगल के भीतर जाती एक छोटी सड़क पर कार मोड़ दी। कुछ किलोमीटर जंगल पार करने के बाद मुझे यह देखकर सुखद आश्चर्य हुआ कि वहां खाने-पीने और मनोरंजन का एक बड़ा केंद्र था। पर वह समुद्र तट और जंगल के बाद था। इसलिए समुद्र तट का प्राकृतिक सौंदर्य इससे प्रभावित नहीं हुआ था। जबकि केरल में त्रिवेंद्रम का कोवलम बीच या गोवा के समुद्र तट बेतरतीब विकसित हुए होटलों के कारण अपनी प्राकृतिक पहचान खो चुके हैं। आखिर हम कब जागेंगे?

अमर उजाला **Job Alert**

Real-time job alerts
amarujala.com/jobs


## एमपीईएसबी, भोपाल

अस्पताल सहायक के पदों पर आवेदन आमंत्रित




**1200 पद**

आवेदन की अंतिम तिथि : 21 मई, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 40 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें : esb.mp.gov.in

## बीपीएसएससी में निकली भर्ती ■ 122 पद

अधिनायक अनुदेशक के पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि : 01 जून, 2026
पात्रताएं : बारहवीं व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : bpssc.bihar.gov.in

## सीएससी में निकली भर्ती ■ 120 पद

आधार सुपरवाइजर व ऑपरेटर के पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि : 20 मई, 2026
पात्रताएं : मैट्रिक, बारहवीं, आईटीआई व अन्य योग्यताएं
यहां आवेदन करें : csc.gov.in

## उच्च न्यायालय, पटना ■ 48 पद

कंप्यूटर ऑपरेटर-कम-टाइपिस्ट के पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि : 16 मई, 2026
योग्यताएं : स्नातक व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : patnahighcourt.gov.in

## रेल भूमि विकास प्राधिकरण ■ 40 पद

साइट इंजीनियर के पदों पर करें आवेदन
आवेदन की अंतिम तिथि : 22 मई, 2026
योग्यताएं : बीई/बीटेक व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : rlda.indianrailways.gov.in

## पंजाब एंड सिंध बैंक ■ 27 पद

सिक्योरिटी मैनेजर के पदों पर मौके
आवेदन की अंतिम तिथि : 06 मई, 2026
योग्यताएं : ग्रेजुएशन व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : punjabandsind.bank.in

### यहां भी हैं रोजगार के अवसर...

राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना : रिसोर्स पर्सन के पद खाली।
- वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि : 20 मई, 2026
- nielit.gov.in

नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर : मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर व अन्य पदों पर रिक्तियां।
- आवेदन की अंतिम तिथि : 15 मई, 2026
- nalandauniv.edu.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।



## रोशनी यहां है

इस बार
अरुणाभ कुमार
क्यों
अपने जुनून से बनाया टीवीएफ को टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म

# आईआईटी से पढ़े, सात विषयों में हुए फेल, फिर बनाई खुद की कंपनी

**_द वायरल फीवर_ (टीवीएफ) के संस्थापक अरुणाभ कुमार अपने सपनों को पूरा करने के लिए दर-दर भटके, रिजेक्शन का भी सामना किया, लेकिन कभी हार नहीं मानी। यह उनकी मेहनत का ही परिणाम है कि आज उनका डिजिटल कंटेंट प्लेटफॉर्म्स (टीवीएफ) भारत के सबसे सफल डिजिटल कंटेंट प्लेटफॉर्म्स में से एक माना जाता है।**



एक आईआईटियन लड़का, जिसने अपने जीवन के कई साल एक सपने को साकार करने में लगा दिए, लेकिन बार-बार रिजेक्शन ही हाथ लगी। हालात ऐसे थे कि जेब में सिर्फ 170 रुपये बचे थे, परिवार का भरोसा डगमगा रहा था और उम्र 30 के करीब पहुंच चुकी थी। जब उसने अपना शो लेकर एमटीवी (MTV) से संपर्क किया, तो उसका आइडिया खारिज कर दिया गया। यह झटका किसी भी इन्सान को तोड़ सकता था, लेकिन उसने इसे अपनी हार नहीं बनने दिया। इसी संघर्ष ने आगे चलकर उसे भारत के सबसे सफल डिजिटल कंटेंट प्लेटफॉर्म्स में से एक, द _वायरल फीवर_ (टीवीएफ/TVF) का संस्थापक बना दिया, जिसे आज लोग अरुणाभ कुमार के नाम से जानते हैं।

### कोटा से आईआईटी, खड़गपुर तक

अरुणाभ कुमार का जन्म 26 नवंबर, 1982 को बिहार के मुजफ्फरपुर में एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। उनके पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कैशियर थे और मां एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका थीं। बचपन से ही अरुणाभ पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रहते थे। उनकी शिक्षा कई स्कूलों में हुई, लेकिन अंततः उन्होंने जयपुर के भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम से अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने कोटा जाकर जेईई की तैयारी की और अपनी मेहनत के दम पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया। आईआईटी, खड़गपुर में पढ़ाई के दौरान ही अरुणाभ का रुझान इंजीनियरिंग से हटकर थिएटर और कहानी वाचन की ओर बढ़ने लगा। उनका मन पढ़ाई में कम और रचनात्मक गतिविधियों में ज्यादा लगने लगा। इसका असर यह हुआ कि पहले ही साल में वे बारह में से सात विषयों में फेल हो गए। लेकिन उन्होंने इसे अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। उन्होंने खुद को समझा और अपने दिल की आवाज सुनी-फिल्म मेकिंग। उन्होंने तय कर लिया कि वह इंजीनियर नहीं, बल्कि एक फिल्ममेकर बनेंगे।

### वेटर का किया काम

आईआईटी के बाद उन्होंने कई इंटर्नशिप और नौकरियां कीं। एक समय ऐसा भी आया, जब उन्हें अमेरिकी वायु सेना के एक प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिला, लेकिन उन्होंने छह महीने में ही नौकरी छोड़ दी। साल 2006 में वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए मुंबई पहुंचे। यहां उन्हें रेड चिलीज एंटरटेनमेंट में काम मिला, जहां उन्होंने फिल्म 'ओम शांति ओम' में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। इसके बावजूद कई सालों तक उन्हें स्थायी काम नहीं मिला। आर्थिक तंगी इतनी बढ़ गई कि उन्होंने कॉरपोरेट फिल्में बनाई, विज्ञापन एजेंसियों में काम किया, और यहां तक कि गोवा में वेटर के रूप में भी काम किया।

### _भारत की पहली वेब सीरीज_

_लगातार असफलताओं के बावजूद अरुणाभ ने हार नहीं मानी। उन्होंने तय किया कि अगर कोई उन्हें मौका नहीं दे रहा, तो वे खुद अपने लिए मंच तैयार करेंगे। साल 2010 में उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी टीवीएफ मीडिया लैब्स की शुरुआत की। शुरुआत आसान नहीं थी, लेकिन फरवरी 2012 में उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर एक वीडियो राउडीज बनाया, जो एक लोकप्रिय शो की पैरोडी था। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया और यहीं से उनकी किस्मत बदल गई। टीवीएफ ने इसके बाद लगातार यूनिक कंटेंट बनाना शुरू किया। उन्होंने भारत की पहली वेब सीरीज 'परमानेंट रूममेट्स' बनाई, जिसने डिजिटल मनोरंजन की दुनिया में क्रांति ला दी। इसके बाद 'पिचर्स' जैसी वेब सीरीज आई, जिसने आईएमडीबी (IMDb) की टॉप 250 लिस्ट में जगह बनाई।_

### 'पंचायत' और प्रसिद्धि

अरुणाभ कुमार की मेहनत और नवाचार को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वर्ष 2014 में एएफक्यूएएस ने उन्हें न्यूजमेकर ऑफ द ईयर का खिताब व 'मेन्स वर्ल्ड' (Men's World) द्वारा 'मैन ऑफ द ईयर' का खिताब दिया गया। 2015 में उन्हें 'फॉर्च्यून' (Fortune) की '40 अंडर 40' लिस्ट में जगह मिली और उसी साल 2015 में उन्हें 'जीक्यू' मैगजीन द्वारा जारी 'सबसे प्रभावशाली युवा भारतीयों' की लिस्ट में भी शामिल किया गया। वर्ष 2016 में वे 'द इकोनॉमिक टाइम्स' की '40 अंडर 40' लिस्ट में शामिल हुए। इसके अलावा, उनकी वेब सीरीज 'पंचायत' को कई ओटीटी अवॉर्ड्स भी मिले, जो उनकी गुणवत्ता और लोकप्रियता का प्रमाण हैं।

### युवाओं को सीख

- असफलता अंत नहीं होती, बल्कि सफलता की शुरुआत होती है।
- अगर आपके अंदर जुनून और धैर्य है, तो कोई भी मुश्किल आपको रोक नहीं सकती।
- अगर आप अपने सपनों के लिए डटे रहें, तो सफलता एक दिन जरूर आपके कदम चूमेगी।

## आज का दिन

04 मई, 1924



पेरिस में दो दशक बाद फिर ओलंपिक का आयोजन किया गया। दो बार ओलंपिक की मेजबानी करने वाला दुनिया का यह पहला शहर बना था।

- 1799 : मैसूर के शासक टीपू सुल्तान का निधन हुआ था।
- 1905 : भारत की पहली महिला न्यायाधीश अन्ना चांडी का जन्म हुआ था।
- 1948 : नॉर्मन मेलर का पहला उपन्यास 'द नेकेड एंड द डेड' प्रकाशित हुआ था।
- 2000 : ब्रिटिश राजनीतिज्ञ केन लिविंगस्टोन लंदन के मेयर चुने गए थे।

## व्रत त्योहार

आज : ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया।
कल : चतुर्थी व्रत, ग्रीष्म ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, उत्तर गोले।
राहुकाल : दिन में 15.00 से 16.30 तक।

- सूर्योदय : 05.41
- सूर्यास्त : 18.55

(भारतीय मानक समयानुसार)

## कल का पंचांग

**विक्रमी संवत** 2083, 15 वैशाख मास शक 1948, वैशाख मास 22 प्रविष्टे, 17 जिल्काद हिजरी 1447, प्रथम ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी दिन रात, ज्येष्ठा नक्षत्र 12.54 तक उपरांत मूल नक्षत्र, शिव योग 24.15 तक उपरांत सिद्ध योग, बव करण 18.37 तक उपरांत बालव करण, चंद्रमा धनु राशि में 12.54 बजे।

## राशिफल

amarujala.com/astrology
■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** नौकरी में कार्य भार अधिक रहेगा। उतावलेपन से बचें। स्वास्थ्य नरम रहेगा।

**वृष :** दिनमान सहायक रहेगा। नौकरी में उन्नति हो सकती है। व्यक्तिगत संबंध सहायक रहेंगे।

**मिथुन :** नई योजना में व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में आशातीत धन लाभ होगा। उदर कष्ट संभव है।

**कर्क :** मानसिक उथल-पुथल बनी रहेगी। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे। पत्नी का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** सरकारी क्षेत्र में अनुकूलता रहेगी। नौकरी में सम्मान बना रहेगा। सेहत नरम रहेगी।

**कन्या :** लोकप्रियता बनी रहेगी। नौकरी में उतावलेपन से बचें। आर्थिक क्षेत्र में सावधानी बरतें।

**तुला :** सकारात्मक सोच बनाए रखें। नई नौकरी का अवसर मिल सकता है। संबंधों में सुधार आएगा।

**वृश्चिक :** भावनात्मक स्तर पर संवेदनशील रहेंगे। नौकरी में कार्य कुशलता का लाभ मिलेगा।

**धनु :** मानसिक चिंतन बना रहेगा। बढ़ते व्यय से परेशानी होगी। व्यवसाय में हानि संभव है।

**मकर :** आरोग्य सुख मिलेगा। नौकरी में नई जिम्मेदारी आ सकती है। नई योजना में निवेश संभव है।

**कुंभ :** मित्र सहायक रहेंगे। नौकरी में सम्मान बना रहेगा। नए कार्य का अवसर मिल सकता है।

**मीन :** मानसिक सुख शांति बनी रहेगी। अनुकूल सूचना मिल सकती है। नौकरी में वर्चस्व बना रहेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 8 | 4 | | 9 | |
| 1 | | | 9 | | | 3 | | |
| | | 6 | | | | | 2 | 1 |
| | | 8 | | | 6 | | | 2 |
| | 1 | | | | | | 8 | |
| 5 | | | 8 | | | 7 | | |
| 2 | 3 | | | | | 9 | | |
| | | 1 | | | 5 | | | 6 |
| | 6 | | 2 | 7 | | 5 | | |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 2 | 1 | 8 | 4 | 6 | 9 | 7 |
| 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 2 | 3 | 5 | 4 |
| 9 | 4 | 6 | 5 | 3 | 7 | 8 | 2 | 1 |
| 7 | 9 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 2 |
| 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 1 | 3 | 7 | 6 | 9 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 1 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 9 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 | 3 |

## देश-विदेश

# जीवनसाथी के आय की जानकारी आरटीआई के जरिये नहीं ली जा सकती : दिल्ली हाईकोर्ट

## भरण-पोषण मामले में पत्नी की दलील खारिज, सीआईसी के फैसले को पति ने दी थी चुनौती



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने जीवनसाथी की आय से जुड़ी जानकारी सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत हासिल नहीं कर सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसी जानकारी निजी श्रेणी में आती है और इसका खुलासा नहीं किया जा सकता।

कोर्ट का यह फैसला एक पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले में आया, जिसमें पत्नी ने दावा किया था कि भरण-पोषण पर अपने दावे से संबंध में सही निर्णय के लिए यह जानकारी आवश्यक है। जस्टिस पुरुषेन्द्र कुमार कौरव ने 28 अप्रैल को दिए फैसले में कहा कि आयकर रिटर्न जैसी जानकारियां व्यक्तिगत होती हैं और यह आरटीआई की धारा 8(1)(जे) के तहत संरक्षित हैं, जब तक कि बड़ा सार्वजनिक हित न हो। यह मामला उस याचिका से जुड़ा था, जिसमें पति ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के 2021 के आदेश को चुनौती दी थी। सीआईसी ने आयकर विभाग को निर्देश दिया था कि वह पत्नी को पति की आय संबंधी जानकारी उपलब्ध कराए। हाईकोर्ट ने सीआईसी का आदेश रद्द कर दिया। एजेंसी

### सरकारी कामकाज में पारदर्शिता है आरटीआई का मुख्य उद्देश्य

अदालत ने कहा कि आरटीआई का उद्देश्य सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाना है, न कि किसी व्यक्ति की निजी जानकारी सार्वजनिक करना। पत्नी ने दलील दी थी कि मेंटेनेंस (भरण-पोषण) केस के लिए आय की जानकारी जरूरी है, लेकिन कोर्ट ने कहा कि इसके लिए अन्य कानूनी उपाय उपलब्ध हैं, जैसे दोनों पक्षों की ओर से आय और संपत्ति का हलफनामा देना।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद जहाँगीराबाद जिला बुलन्दशहर

पत्रांक : 158 /न०पा०परि०ज०बाद /2026-27 दिनांक : 02-05-2026

## सार्वजनिक सूचना

नगर विकास अनुभाग-07 लखनऊ दिनांक 23.04.2026 के द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ में योजित WPIL संख्या 1244 / 2025 धर्मपाल यादव बनाम उ०प्र० राज्य व अन्य में मा० न्यायालय द्वारा दिनांक 24.02.2026 को पारित आदेश के क्रम में मा० न्यायालय के आदेश के अनुरूप, उ0प्र0 पार्क, खेल के मैदान और खुली जगह (विनियमन और नियंत्रण) नियमावली, 2005 एवं उ0प्र0 पार्क खेल के मैदान और खुली जगहें (सरंक्षण और रेगुलेशन) एक्ट, 1975 में निहित व्यवस्थानुसार पार्क प्ले ग्राउण्ड्स के सर्वे और धारा-3 के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद जहाँगीराबाद जिला बुलन्दशहर सीमान्तर्गत पार्कों, खेल के मैदान व खुली जगहों की सूची निम्नलिखित है, जिसके सम्बन्ध में नगर पालिका परिषद जहाँगीराबाद द्वारा जन सामान्य से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं यदि किसी जनसामान्य को निम्नांकित सूची पर कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति / सुझाव प्रकाशन तिथि के 03 माह की अवधि के भीतर लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित कर सकता है। संविद अवधि के पश्चात किसी भी आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा ।

### नगर पालिका सीमान्तर्गत पार्क, खेल के मैदान व खुली जगहों की सूची

| क्र० सं० | पार्क | अवस्थिति | क्षेत्रफल/आकार ल0Xचौ0 (है0 मे0) | विस्तृत अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शून्य | शून्य | शून्य | – |
| क्र० सं० | खेल का मैदान | अवस्थिति | क्षेत्रफल/आकार ल0Xचौ0 (है0 मे0) | विस्तृत अभ्युक्ति |
| 1 | शून्य | शून्य | शून्य | – |
| क्र० सं० | खाली जगह | अवस्थिति | क्षेत्रफल/आकार ल0Xचौ0 (है0 मे0) | विस्तृत अभ्युक्ति |
| 1 | गाटा संख्या 1208 | खाली | 0.152 | वर्तमान में भूमि खाली है, जो मौ० रामगढ़ी में स्थित है। |
| 2 | गाटा संख्या 1214 | खाली | 0.013 | वर्तमान में भूमि खाली है, जो मौ० रामगढ़ी में स्थित है। |
| 3 | गाटा संख्या 1623 | खाली | 0.126 | वर्तमान में भूमि खाली है, जो मौ० छँपियान में स्थित है। |
| 4 | गाटा संख्या 1624 | खाली | 0.126 | वर्तमान में भूमि खाली है, जो मौ० छँपियान में स्थित है। |
| 5 | गाटा संख्या 2271 | खाली | 0.372 | वर्तमान में भूमि खाली है, जो मौ० लोधान में स्थित है। |
| 6 | गाटा संख्या 2272 | खाली | 0.063 | वर्तमान में भूमि खाली है, जो मौ० लोधान में स्थित है। |
| 7 | गाटा संख्या 2342 | खाली | 0.026 | वर्तमान में भूमि खाली है, जो मौ० लोधान में स्थित है। |
| 8 | गाटा संख्या 2423 | खाली | 0.053 | वर्तमान में भूमि खाली है, जो मौ० पुख्ताबाजार में गोविन्दा मार्केट के पीछे स्थित है। |
| 9 | गाटा संख्या 2424 | खाली | 0.063 | वर्तमान में भूमि खाली है, जो मौ० पुख्ताबाजार में गोविन्दा मार्केट के पीछे स्थित है। |
| 10 | गाटा संख्या 2468 | खाली | 0.049 | वर्तमान में भूमि खाली है, जो मौ० लोधान में सेंट जोसफ स्कूल के पास स्थित है। |
| 11 | गाटा संख्या 2523 | खाली | 0.039 | वर्तमान में भूमि खाली है, जो मौ० पुख्ताबाजार में स्थित है। |
| 12 | गाटा संख्या 2524 | खाली | 0.016 | वर्तमान में भूमि खाली है, जो मौ० पुख्ताबाजार में स्थित है। |
| 13 | गाटा संख्या 2964 | खाली | 0.051 | वर्तमान में भूमि खाली है, जो मौ० पुख्ताबाजार में स्थित है। |
| 14 | गाटा संख्या 3140 | खाली | 0.026 | वर्तमान में भूमि खाली है, जो मौ० पाठक में स्थित है। |
| 15 | गाटा संख्या 1629 | खाली | 0.063 | वर्तमान में भूमि खाली है, जो मौ० चँपियान में जनता कोल्ड स्टोर के पास स्थित है। |
| 16 | गाटा संख्या 1153 | खाली | 0.013 | वर्तमान में भूमि खाली है, जो मौ० रामगढ़ी में स्थित है। |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद जहाँगीराबाद जिला बुलन्दशहर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद जहाँगीराबाद जिला बुलन्दशहर


### पुणे : बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के बाद लोगों में गम और गुस्सा, कई जगह प्रदर्शन

# विरोध में सड़क पर उतरे लोग, मुंबई-बंगलूरु हाईवे पर 4 घंटे लगा रहा जाम

अमर उजाला ब्यूरो

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या को लेकर सैकड़ों गुस्साए लोगों ने मुंबई-बंगलूरु हाईवे जाम कर दिया। इससे इस व्यस्त मार्ग पर करीब चार घंटे तक यातायात व्यवस्था चरमराई रही। इस घटना के सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में हाईवे पर भारी ट्रैफिक जाम दिखाई दे रहा था।

प्रदर्शनकारियों सहित बच्ची के परिवार ने शनिवार शाम को नवाले ब्रिज इलाके में सड़क पर उसका शव रखकर प्रदर्शन किया और 65 साल के गिरफ्तार आरोपी के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग की। हालांकि, बाद में पुलिस प्रशासन के समझाने बुझाने के बाद आधी रात के बाद कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच वैकुंठ श्मशान घाट में मृतक बच्ची का अंतिम संस्कार किया गया।

वहीं, राज्य की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने को पीड़िता के परिवार से मुलाकात कर उन्हें आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और फास्ट-ट्रैक ट्रायल का भरोसा दिलाया। उधर, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पुणे ग्रामीण पुलिस को मामले में मजबूत मुकदमा बनाने के लिए ठोस सबूत इकट्ठा करने का निर्देश दिया है। शिंदे ने कहा कि कि आरोपी को मौत की सजा दिलाने के लिए हर मुमकिन कोशिश की जाएगी।



बच्ची से दुष्कर्म के विरोध में लोगों ने जाम किया हाईवे। एजेंसी

### पिता ने नेताओं से कहा- इन्साफ मिलने तक न आएं घर

मृतक बच्ची के पिता ने एक वीडियो संदेश में अपने घर पर नेताओं के आने पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा, मैं अपनी बेटी की अस्थियां विसर्जित करने गांव आया था, इस बीच परिवार वालों के फोन आए कि कई नेता हमारे घर पर सांत्वना देने आ रहे हैं। मैं सभी नेताओं से अपील करता हूं कि जब तक मेरी बेटी को सच्चा इंसाफ नहीं मिल जाता, जब तक उस आरोपी को फांसी नहीं हो जाती, तब तक कृपया मेरे घर न आएं।

### महाराष्ट्र सरकार ने गठित की एसआईटी

महाराष्ट्र के पुणे जिले में चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की है। भोर इलाके में हुई इस वारदात से पूरे इलाके में लोग आक्रोशित हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को आरोपी के लिए मौत की सजा की मांग करने और रिकॉर्ड समय में इंसाफ दिलाने के लिए मामले की सुनवाई तेजी से करने का भरोसा दिया है। 65 साल का आरोपी सात मई तक पुलिस हिरासत में है। पुणे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस अपराध की विस्तृत और त्वरित जांच के लिए बनाई गई एसआईटी में दो महिला अधिकारियों सहित छह पुलिस अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जांच के हिसाब से हम इसमें और अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल करेंगे। यह टीम मामले की पूरी गहराई से जांच करेगी। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने इस घटना पर स्वतः संज्ञान लिया है।

## महाराष्ट्र : पिकनिक के दौरान नदी में डूबने से तीन युवकों की गई जान

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में रविवार को सप्ताहांत पिकनिक तीन युवकों का काल बन गई। पुलिस के मुताबिक, थुगांव के पास पवना नदी पर सात युवकों का एक दल दोपहर के वक्त पिकनिक मनाने पहुंचा था। इनमें से तीन की डूबने से मौत हो गई।

लोनावला (ग्रामीण) के वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर दिनेश तायडे के मुताबिक, सात युवकों में से तीन नदी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाए और पानी के भंवर में फंस गए। उनके दोस्तों ने शोर मचाकर मदद मांगी, लेकिन तब- तक वे तीनों डूब चुके थे।

मृतकों की पहचान 18 साल के अश्विन भालेराव, 21 साल केअयान शेख और प्रथमेश शिंदे के तौर पर की गई। ये तीनों पुणे के येरवडा के रहने वाले थे। ब्यूरो

## कंकाल प्रकरण : जीतू मुंडा बैंक अधिकारियों पर नहीं चाहते कार्रवाई

**भुवनेश्वर/क्योंझर।** ओडिशा के क्योंझर जिले के कंकाल प्रकरण में एक नया मोड़ आया है। पीड़ित आदिवासी जीतू मुंडा ने बैंक अधिकारियों को माफ कर दिया है।

मुंडा ने रविवार को कहा कि वह उन्हें प्रताड़ित करने वाले बैंक अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करना चाहते हैं। मुंडा अपनी 56 साल की विधवा बहन कालरा मुंडा के खाते से पैसे निकालने के लिए कब्र से उनकी अस्थियां निकाल सबूत के तौर पर जिले के ओडिशा ग्रामीण बैंक की मालीपोसी शाखा लेकर गए थे, क्योंकि बैंक अधिकारियों ने उनसे बहन के मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की थी। अनपढ़ जीतू को कुछ समझ नहीं आया तो वह बहन का कंकाल लेकर ही बैंक पहुंच गए थे। एजेंसी

## एअर इंडिया की बैठक 7 को : 22,000 करोड़ के घाटे व नए सीइओ पर होगा फैसला

**नई दिल्ली/मुंबई।** परिचालन और वित्तीय चुनौतियों के बीच एअर इंडिया बोर्ड की अहम बैठक 7 मई को होगी। इसमें कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में लागत घटाने, वित्तीय प्रदर्शन, नए सीईओ का चयन और अन्य रणनीतिक मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक की अध्यक्षता टाटा ग्रुप के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन करेंगे। टाटा ग्रुप के स्वामित्व वाली एयरलाइन को वित्त वर्ष 2025-26 में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक नुकसान होने का अनुमान है। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण हालात और कठिन हो गए हैं। एयरस्पेस प्रतिबंध के अलावा ईंधन लागत में भी तेजी आई है। कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लंबा रास्ता अपनाना पड़ रहा है। संचालन महंगा होने के कारण अप्रैल-मई में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती की गई है। लागत कम करने के लिए कंपनी टिकट से भोजन और लाउंज सुविधा बंद करने पर विचार कर रही है। ब्यूरो

दैनिक जागरण

मन को स्थिर करना मानव जीवन की सबसे बड़ी चुनौती है

## आग का सिलसिला

गर्मियां बढ़ते ही घरों, कारखानों और अन्य स्थलों में आग लगने की घटनाओं का सिलसिला तेज होना इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि अभी तो तापमान और ज्यादा बढ़ने के आसार हैं। इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि आग लगने की ज्यादातर घटनाएं एसी में ब्लास्ट अथवा शार्ट सर्किट होने की वजह से हो रही हैं। गत दिवस दिल्ली के विवेक विहार में एक चार मंजिला इमारत के फ्लैट में एसी में ब्लास्ट होने से इतनी भयंकर आग लगी कि अन्य फ्लैट भी उसकी चपेट में आ गए और नौ लोगों की जान चली गई। इसके एक दिन पूर्व दिल्ली के ही जौहरीपुर में एसी में ब्लास्ट होने से एक बच्चे की जान चली गई थी। इसके और पहले दिल्ली के ही निकट इंदिरापुरम में एक बहुमंजिला इमारत में शार्ट सर्किट से आग भड़की। इस आग में लोगों की जान तो नहीं गई, लेकिन कई फ्लैट पूरी तरह से खाक हो गए। इस घटना में यह भी सामने आया कि गाजियाबाद का अग्निशमन विभाग ऐसे पर्याप्त उपकरणों से लैस नहीं था कि वह आग पर शीघ्र काबू पा पाता। ये घटनाएं तो केवल दिल्ली और उसके आसपास की हैं। ऐसी घटनाएं अन्य शहरों में भी सामने आ रही हैं और ज्यादातर के पीछे एसी अथवा किसी अन्य बिजली उपकरण में खामी-खराबी को रेखांकित किया जा रहा है। इसका मतलब है कि अपने यहां बिजली उपकरणों के निर्माण में गुणवत्ता संबंधी मानकों की अनदेखी हो रही है। ऐसा लगता है कि एसी के मामले में यह कुछ ज्यादा ही हो रहा है। जो भी हो, उन नियम-कानूनों को सही तरह से अमल में लाने की आवश्यकता है जो यह सुनिश्चित करते हैं कि बिजली उपकरणों का निर्माण निर्धारित गुणवत्ता के हिसाब से हो।

अपने देश में बिजली समेत हर तरह के उपकरणों की गुणवत्ता के मानक तो बने हुए हैं, लेकिन आम तौर पर यह देखने में आता है कि ऐसे उपकरणों का निर्माण करने वाली कंपनियां उनकी अनदेखी ही करती हैं। दोयम दर्जे के उत्पादों का निर्माण उपभोक्ताओं के साथ किया जाने वाला छल ही है। कई बार तो यह छल जानलेवा साबित होता है। गुणवत्ताहीन उत्पादों का निर्माण कोई नई समस्या नहीं है। चूंकि इस समस्या का समाधान नहीं किया जा पा रहा है, इसलिए दोयम दर्जे के उत्पादों का बनना और बिकना जारी है। हालांकि प्रधानमंत्री कई बार कह चुके हैं कि उद्यमियों को अपने उत्पादों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करना चाहिए, क्योंकि वे अंतरराष्ट्रीय बाजार में तभी छाप छोड़ सकते हैं, जब उनके उत्पाद विश्वस्तरीय होंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि उनकी बातों का भी कोई असर नहीं पड़ रहा है। ऐसे में भारतीय मानक ब्यूरो को और अधिक सजगता एवं सक्रियता का परिचय देना होगा। जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक लोगों को बिजली उपकरणों का उपयोग करने में अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी।

## आपराधिक अव्यवस्था

हिमाचल प्रदेश में रामपुर के खनेरी स्थित महात्मा गांधी मेमोरियल नर्सिंग कालेज की 17 प्रशिक्षुओं का टीबी की चपेट में आना वास्तव में संस्थान प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की कार्यसंस्कृति के संक्रमण की पुष्टि है। स्वास्थ्य क्षेत्र में चिकित्सकों के पश्चात नर्सों पर ही रोगी निर्भर करता है। सरकारी हो या निजी, हर संस्थान संचालन के कुछ नियम होते हैं, कोई अनुशासन होता है। चार विशेषज्ञों के निरीक्षण दल की रिपोर्ट और एसडीएम का उपायुक्त को लिखा गया पत्र पुष्टि करते हैं कि उक्त संस्थान में व्यवस्था के नाम अव्यवस्था भी नहीं, कुव्यवस्था थी और निगरानी के नाम पर हर जिम्मेदार पदाधिकारी ने आंखें मूंद रखी थी। ऐसे वातावरण में कोई स्वास्थ्य से जुड़ा प्रशिक्षण कैसे ले सकता है? तथ्य यह भी है कि हिमाचल प्रदेश से जुड़ी नर्सें देशभर के अस्पतालों में अपनी सेवा भावना का परिचय देती मिल जाती हैं, लेकिन यहां यह हुआ है कि प्रशिक्षु नर्सें ही ऐसे रोग की चपेट में आ गईं जिसे तृतीय विश्व के देशों का रोग माना जाता है। क्या हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य सरोकार इतने क्षीण हो गए कि एक संस्थान की प्रधानाचार्या से हार गए? क्या निगरानी तंत्र इतना प्रमादी हो गया कि उपमंडल दंडाधिकारी के आदेश भी नहीं माने गए? क्या खनेरी, शिमला से इतनी दूर है कि इन बच्चियों की व्यथा शिमला तक भी नहीं पहुंच सकी? ये सारे प्रश्न इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि विषय नई पौध के स्वास्थ्य से जुड़ा है, तंत्र के इकबाल से जुड़ा है। अपेक्षा की जानी चाहिए कि इस प्रकरण के दोषियों की पहचान कर उन्हें दंडित किया जाएगा।

**संस्थान में अव्यवस्था से प्रशिक्षु नर्सों का बीमारी की चपेट में आना गंभीर मामला है**

# दूरगामी नुकसान करा बैठे दक्षिणी राज्य



ए. सूर्यप्रकाश

**अब जो परिसीमन होगा उसमें जनसंख्या ही मुख्य कसौटी बनेगी। इससे उत्तरी राज्यों की लोकसभा सीटें उससे भी अधिक बढ़ेंगी जो फार्मूला अभी केंद्र सरकार सुझा रही थी**



अवधेश राजपूत

बीते दिनों कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दल संसदीय परिसीमन से जुड़े संवैधानिक संशोधन की राह में अवरोध पैदा करने में सफल रहे। इस कवायद में कांग्रेस को दक्षिण भारतीय नेताओं का व्यापक रूप से सहयोग मिला। इस घटनाक्रम की गहन पड़ताल करें तो नेताओं का यह रुख दक्षिणी राज्यों के लिए ही भारी भूल साबित हो सकता है। यह विडंबना ही है कि कांग्रेस, द्रमुक और माकपा जैसे दल इस मुद्दे की गहराई और गंभीरता को समझने में विफल रहे और उन्होंने एक बेहतर अवसर गंवा दिया। प्रस्ताव के सकारात्मक पहलुओं से अधिक मोदी सरकार के प्रति नफरत और नकारात्मकता ही उनके इस निर्णय का मुख्य आधार रही।

इस मुद्दे की गहराई में जाएं तो संविधान का अनुच्छेद 81 कहता है कि लोकसभा में प्रत्येक राज्य को सीटों की आवंटन प्रक्रिया में सीटों की संख्या और राज्य की जनसंख्या का अनुपात सभी राज्यों के लिए हरसंभव रूप से व्यावहारिक एवं एकसमान हो। इसी क्रम में अनुच्छेद 82 के अनुसार प्रत्येक जनगणना के बाद राज्यों को लोकसभा सीटों का आवंटन और प्रत्येक राज्य का प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजन 'ऐसी प्राधिकारी संस्था द्वारा और ऐसे तरीके से पुनर्गठित किया जाएगा जैसा कि संसद कानून द्वारा निर्धारित करे।" इस दृष्टि से सरकार और संसद के पास ही यह गुंजाइश है कि वे परिसीमन आयोग की 'व्यावहारिकता' पर विचार करने और केवल जनसंख्या के आंकड़ों पर ही कड़ाई से चलने के बजाय '50 प्रतिशत' से अधिक वाली संकल्पना को आगे बढ़ाने का निर्देश दे सकें। सरकार द्वारा लोकसभा सीटों में 'एकमुश्त 50 प्रतिशत' की वृद्धि संबंधी आश्वासनों की गंभीरता का भी संज्ञान लिया जाना चाहिए था।

वर्ष 1971 में परिसीमन न होने के बाद से ही लोकसभा सीटों की संख्या में बढ़ोतरी की मांग जोर पकड़ती रही। वर्ष 2001 में वाजपेयी सरकार के दौरान भाजपा नेता मदनलाल खुराना ने भी मुखरता से ऐसी मांग सामने रखते हुए लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 800 से अधिक करने की बात कही थी। हालांकि चंद्रबाबू नायडू, रामकृष्ण हेगड़े और करुणानिधि जैसे दक्षिण भारतीय नेताओं ने जनसंख्या के आधार पर परिसीमन को लेकर आपत्ति जताई। उनका मानना था कि दक्षिणी राज्यों ने केंद्र सरकार की परिवार नियोजन नीतियों को कहीं बेहतर तरीके से लागू किया था, ऐसे में जनसंख्या के आधार पर होने वाला परिसीमन उन्हें नुकसान पहुंचाता। इसके चलते ही नायडू ने एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री वाजपेयी के पास भेजा और परिसीमन को रोकने की मांग की। वाजपेयी ने इस मांग को स्वीकार किया और अनुच्छेद 81 में संशोधन का निर्णय लिया। इससे लोकसभा की मौजूदा सीटों को 2026 की जनगणना तक स्थिर रखा गया।

इस संदर्भ में दक्षिणी राज्यों की संवेदनाओं को समझते हुए मोदी सरकार ने अनुच्छेद 81 के प्रविधानों को दरकिनार कर परिसीमन संबंधी संवैधानिक संशोधन में एक प्रस्ताव रखा, जिसके तहत सभी राज्यों की लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत की वृद्धि की जानी थी। यदि इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जाता तो दक्षिणी राज्यों के लिए लाभ की स्थिति बन सकती थी, लेकिन वहां के अधिकांश राजनीतिक दलों ने इसका अंधविरोध किया। यदि यह प्रस्ताव अमल में आता तो शायद उत्तरी राज्यों को जनसंख्या वृद्धि के बाद भी उसका अपेक्षित अनुपातिक लाभ नहीं मिलता। इसके बावजूद उनकी ओर से शिकायत सामने नहीं आई। चूंकि दक्षिणी राज्य इसका विरोध कर रहे थे, इसलिए शायद उन्हें यह महसूस हो रहा हो कि इसमें उनका कुछ फायदा ही हो।

यदि जनसांख्यिकी परिदृश्य की बात करें तो विशेषज्ञों का मानना है कि जनसंख्या को स्थिर रखने के लिए देश की कुल प्रजनन दर यानी टीएफआर 2.1 होनी चाहिए। इसका अर्थ है कि एक औसत महिला को अपने जीवनकाल में 2.1 बच्चों को जन्म देना चाहिए। यदि टीएफआर 2.1 से नीचे आए तो जनसंख्या घटने लगती है। भारत में 1970 के दौर से ही उत्तर और मध्य भारत के राज्यों की तुलना में दक्षिणी राज्यों की टीएफआर में स्पष्ट रूप से गिरावट दर्ज हुई थी। वर्ष 2001 के आंकड़े देखें तो भारत की टीएफआर काफी अधिक (3.2) थी, जो 2011 में गिरकर 2.4 रह गई। अब इसके घटकर 2 होने का अनुमान है, जो जनसंख्या स्थिरता की कसौटी के पैमाने से भी कम है। यह निश्चित ही एक उल्लेखनीय सुधार है, क्योंकि ढाई दशक पहले जनसांख्यिकी विशेषज्ञ और नीति-निर्माता ऊंची टीएफआर को लेकर अत्यंत चिंतित थे। हालांकि इस उपलब्धि के बाद भी कुछ रुझान असंतुलन की ओर संकेत करते हैं। जैसे पिछले दो दशकों में दक्षिण भारतीय राज्यों की टीएफआर में भारी गिरावट आई है, जबकि उत्तर भारतीय राज्यों (बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश) में यह दर ऊंची बनी हुई है। 2021 में उत्तरी राज्यों के अनुमानित टीएफआर की बात करें तो यह बिहार में 3, मध्य प्रदेश में 2.6, राजस्थान में 2.4 और उत्तर प्रदेश में 2.7 संभव है। दक्षिणी राज्यों मे केरल, तमिलनाडु और आंध्र का टीएफआर 1.5 तक गिर चुका है। कर्नाटक और तेलंगाना में यह 1.6 है। इस तरह देखा जाए तो केरल और तमिलनाडु में 2001 से ही टीएफआर 2.1 से नीचे पहुंच गया, जबकि बड़े उत्तरी राज्यों में यह करीब चार के दायरे में रहा।

जनगणना आरंभ हो गई है, इसलिए परिसीमन अब अनुच्छेद 81 और 82 के प्रविधानों के अनुरूप ही होगा। इसमें जनसंख्या की कसौटी ही मुख्य आधार बनेगी तो उत्तरी राज्यों की सीटों में उससे भी अधिक बढ़ोतरी होगी जो फार्मूला केंद्र सरकार सुझा रही था। स्वाभाविक है कि दक्षिणी राज्यों को इसका राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ेगा, जिससे वे चाहते तो बच सकते थे। प्रतीत होता है कि तात्कालिक राजनीतिक लाभ के फेर में वे दूरगामी नुकसान करा बैठे हैं।

(लेखक लोकतांत्रिक विषयों के विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

response@jagran.com

# नागरिकों की समस्या बढ़ाते जटिल नियम



डा. ब्रजेश कुमार तिवारी

**ओडिशा की घटना बताती हैं कि वित्तीय समावेशन का अगला चरण केवल बैंक खाता नहीं, बैंकिंग न्याय होना चाहिए**

ओडिशा के क्योंझर जिले की घटना केवल एक विचलित कर देने वाली खबर नहीं, बल्कि यह भारतीय प्रशासनिक और बैंकिंग व्यवस्था का एक कुरूप चेहरा भी है। एक आदिवासी व्यक्ति अपनी मृत बहन के बैंक खाते से लगभग 19,300 रुपये निकालने के लिए इतना विवश हुआ कि वह उसका कंकाल लेकर बैंक पहुंच गया। बैंक की ओर से कहा गया कि मृत्यु प्रमाणपत्र और कानूनी उत्तराधिकारी से जुड़े दस्तावेज आवश्यक थे, जबकि परिजन का आरोप था कि उसे बार-बार लौटाया गया। हालांकि डिजिटल मीडिया पर आलोचना के बाद प्रशासन के हस्तक्षेप से उन्हें उनकी राशि दे दी गई, पर बात यहीं नहीं खत्म होती। यह घटना इसलिए अधिक पीड़ादायक है, क्योंकि भारत ने पिछले एक दशक में वित्तीय समावेशन की बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत करोड़ों बैंक खाते खोले जा चुके हैं। इनमें बड़ी संख्या महिलाओं, ग्रामीण परिवारों और कमजोर वर्गों की है। इसका अर्थ है कि बैंकिंग अब केवल शहरों, वेतनभोगी वर्ग और शिक्षित लोगों की सुविधा नहीं रही, बल्कि गरीब, मजदूर, किसान, आदिवासी, महिला और असंगठित क्षेत्र के नागरिक के जीवन से सीधे जुड़ गई है, लेकिन यही उपलब्धि अब हमें एक नए प्रश्न के सामने खड़ा करती है कि खाता खोलना तो आसान हो गया, पर खाते का अधिकार पाना क्या सचमुच आसान हुआ?

ओडिशा की घटना बताती है कि वित्तीय समावेशन का अगला चरण केवल बैंक खाता नहीं, बल्कि बैंकिंग न्याय होना चाहिए। हालांकि बैंकिंग नियमों का अपना महत्व है। मृत जमाकर्ता के खाते से पैसा किसी भी व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता। धोखाधड़ी रोकना, वास्तविक उत्तराधिकारी की पहचान बैंक को भविष्य के विवादों से बचाना आवश्यक है, लेकिन नियम का उद्देश्य न्याय होना चाहिए, नागरिक को अपमानित करना नहीं। नियम सुरक्षा दें, भय नहीं। प्रक्रिया मार्गदर्शन दे, भ्रम नहीं। आरबीआइ ने भी मृत जमाकर्ताओं के दावों के निपटान को सरल और समयबद्ध बनाने पर जोर दिया है, लेकिन समस्या



चौतरफा आलोचना के बाद टूटी बैंककर्मियों की नींद। फाइल

यह है कि नियमों की संवेदनशील व्याख्या शाखा स्तर तक नहीं पहुंचती। शहरों में बैंक कर्मचारी ग्राहक को फार्म, ईमेल, हेल्पलाइन और कस्टमर केयर से जोड़ देते हैं, लेकिन ग्रामीण भारत में बैंक शाखा ही नागरिक के लिए पूरा सिस्टम है। वहां शाखा प्रबंधक, बैंक मित्र, पंचायत सचिव, पटवारी, तहसीलदार और पुलिस, सभी मिलकर नागरिक के लिए 'राज्य' का चेहरा बन जाते हैं। यदि इस चेहरे पर संवेदना नहीं है, तो नागरिक के लिए लोकतंत्र कागजों का ढेर बन जाता है।

आज भारत डिजिटल भुगतान, यूपीआइ, आधार और जन-धन के माध्यम से वित्तीय समावेशन की दुनिया में उदाहरण बन चुका है, लेकिन सूचकांक और योजनाएं अपने-आप गरीब नागरिक की समस्या हल नहीं करतीं। असली परीक्षा तब होती है जब कोई अशिक्षित, आदिवासी, विधवा, बुजुर्ग या अकेला व्यक्ति बैंक के काउंटर पर खड़ा होता है और पूछता है कि अब मुझे क्या करना है? सिस्टम को बदलने की शुरुआत यहीं से होनी चाहिए। सबसे पहले, मृत खाताधारक के छोटे दावों के लिए एक सरल दावा प्रक्रिया बनाई जानी चाहिए। यदि खाते में राशि एक लाख रुपये से कम हो, तो ग्राम पंचायत, स्थानीय राजस्व अधिकारी, आधार आधारित पहचान, परिवार रजिस्टर, मृत्यु की स्थानीय पुष्टि और दो गवाहों के आधार पर प्राथमिक दावा स्वीकार किया जाना चाहिए। बड़ी राशि के मामलों में ही विस्तृत जांच आवश्यक होनी चाहिए। हर बैंक शाखा में मृत दावा सहायता डेस्क या कम-से-कम एक प्रशिक्षित अधिकारी हो, जो परिजन को चरणबद्ध तरीके से बताए कि कौन-सा फार्म भरना है, मृत्यु प्रमाणपत्र कहां से बनेगा, कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाणपत्र की जरूरत कब है, नामिनी न होने की स्थिति में क्या करना है और दावा कितने दिन में निपटेगा? बैंक और स्थानीय प्रशासन के बीच एक फील्ड वेरिफिकेशन प्रोटोकाल भी होना चाहिए। यदि कोई गरीब, अशिक्षित या दूरस्थ क्षेत्र का नागरिक मृत खाताधारक का दावा लेकर आता है और दस्तावेज अधूरे हैं, तो बैंक उसे वापस न भेजे, बल्कि उसकी समस्या का समाधान करे। ग्रामीण भारत में सत्यापन केवल कागज से नहीं, समुदाय से भी होता है। सरपंच, वार्ड सदस्य, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका, ग्राम रोजगार सेवक ये सभी स्थानीय वास्तविकता से परिचित होते हैं। सिस्टम यदि इन्हें जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ जोड़े, तो गरीबों को दफ्तर-दफ्तर नहीं भटकना पड़ेगा।

इसके अलावा मृत्यु प्रमाणपत्र की प्रक्रिया को आसान और समयबद्ध बनाया जाना चाहिए। नामिनी को राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता अभियान का हिस्सा भी बनाया जाना चाहिए। अनक्लेम्ड डिपोजिट की समस्या को गंभीरता से लेना होगा। भारतीय बैंकों में हजारों करोड़ रुपये ऐसे खातों में पड़े हैं जिन पर किसी ने दावा नहीं किया है। लोगों का उत्तरदायित्व भी तय होना चाहिए। साथ ही सिंगल विंडो व्यवस्था भी होनी चाहिए, ताकि जब किसी व्यक्ति की मृत्यु हो, तो परिवार को बैंक, बीमा, पेंशन, राशन, आधार, भूमि रिकार्ड और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए अलग-अलग दफ्तरों में न जाना पड़े।

(लेखक जेएनयू के अटल स्कूल आफ मैनेजमेंट में प्रोफेसर हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

## प्रकृति से संवाद

जन्म से लेकर मृत्यु तक मनुष्य प्रकृति के सान्निध्य में ही पल्लवित और विकसित होता है। प्रकृति से संवाद का अर्थ है-उसमें व्याप्त नीरवता, परम शांति, नियमितता और निरंतरता को सूक्ष्मता से अनुभव करना। यह संवाद तभी संभव है, जब मनुष्य प्रकृति के निकट आए और उसे शांत भाव से निहारे। दुर्भाग्यवश, आज भौतिकवादी जीवनशैली ने मनुष्य को प्रकृति से दूर कर दिया है। प्रकृति की शांति को अनुभव करने के लिए मौन आवश्यक है। पक्षियों का मधुर कलरव, नदियों की कल-कल ध्वनि, पर्वतों की स्थिरता, जंगलों की हरियाली, पुष्पों की रंगीन आभा, आकाश में उमड़ते बादल और रात्रि में चंद्रमा तथा तारों की छटा-ये सभी प्रकृति के ऐसे स्वरूप हैं, जिन्हें शांत मन से अनुभव करना ही प्रकृति के सान्निध्य का वास्तविक अर्थ है। प्रकृति के साथ हमारा संबंध नैसर्गिक है। यह संवाद हमें यह अनुभूति कराता है कि हम कितने लघु हैं और यह ब्रह्मांड कितना विशाल है। प्रकृति के प्रत्येक कण में कृतज्ञता का भाव निहित है। वह हमें विनम्रता का पाठ सिखाती है।

प्रकृति का सान्निध्य मन को शांति और ऊर्जा प्रदान करता है। वर्तमान पर्यावरण संकट केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि प्रकृति से हमारे संबंधों की विफलता का परिणाम है। हमने प्रकृति को केवल संसाधन मानकर उसका अंधाधुंध दोहन किया है, जिससे संतुलन बिगड़ गया है। वास्तव में, प्रकृति के साथ हमारा आंतरिक जुड़ाव ही आध्यात्मिक जागृति का मार्ग है। प्रकृति ईश्वर का जीवंत स्वरूप है, जो प्रेम, कर्म और निस्वार्थ सेवा का संदेश देती है। प्रकृति में उपचार की अपार शक्ति निहित है, जो हमें मानसिक और आत्मिक रूप से सुदृढ़ बनाती है। जैसे-जैसे हम प्रकृति के समीप जाते हैं और उससे मौन संवाद स्थापित करते हैं, वैसे-वैसे हम स्वयं को एक दिव्य शक्ति से जुड़ा हुआ अनुभव करते हैं।

आचार्य दीप चंद भारद्वाज

# जानलेवा साबित होता जंकफूड

डा. मोनिका शर्मा

**बच्चों को घर पर बने भोजन और खानपान की पारंपरिक आदतों से जोड़ने के उपाय किए जाएं**

हाल में दिल्ली के बुराड़ी की 10 वर्षीय बच्ची का मोमोज जैसे फास्टफूड के अत्यधिक सेवन से लिवर फेलियर हो गया। शरीर में जहरीले पदार्थों के संक्रमण के कारण मस्तिष्क में आई सूजन से बच्ची के दिमाग ने लगभग काम करना बंद कर दिया। याददाश्त पर पड़े दुष्प्रभाव से छोटी-छोटी बातें भी उसे याद नहीं रहीं। पूरी तरह निष्क्रिय स्थिति में पहुंची बच्ची को आइसीयू में भर्ती करवाना पड़ा। बीते दिनों अमरोहा में 11वीं की छात्रा की फास्टफूड खाने से मौत होना भी बिगड़ती-बदलती भोजनशैली के मामले में माता-पिता को चेताने वाला वाकया था। दिल्ली एम्स में उसका इलाज करने वाले चिकित्सकों के अनुसार लंबे समय तक और बहुत फास्टफूड खाने से उसकी आंतें आपस में चिपक गई थीं। हर दिन बर्गर, मैगी, पिज्जा, चाऊमीन जैसे खाद्य पदार्थों के सेवन से पाचन तंत्र पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। आंतों में हुए छेद और संक्रमण ने उसकी जान ले ली।

वस्तुतः भोजनशैली व्यक्ति के शारीरिक-मानसिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य को गंभीरता से प्रभावित करती है। बच्चों के जीवन से जुड़े जोखिमों की सूची में खानपान की बदलती आदतें बेहद चिंतनीय हो चली हैं। घर के खाने के बजाय कुछ विशेष तरह के खाद्य पदार्थ के नियमित सेवन से शारीरिक व्याधियां तो डेरा जमाती ही हैं, मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। अस्वास्थ्यकर भोजन मूड स्विंग्स, चिंता और अवसाद का खतरा भी बढ़ाता है। मनोवैज्ञानिक मोर्चे पर देखें तो जंकफूड खाने की आदत धीरे-धीरे लत तक बन जाती है। जबकि कई स्वास्थ्य समस्याओं की जड़ बनने वाले जंक फूड में पोषण के नाम पर कुछ नहीं होता। इस उम्र में पोषक तत्वों की कमी बच्चों के सही विकास में भी बाधा बनती है। वसा, नमक और चीनी की अधिकता वाले ऐसे अधिकतर खाद्य पदार्थ मोटापे और कुपोषण का खतरनाक मेल साबित होते हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों के मुताबिक जंक फूड का सेवन बच्चों को मोटा और आलसी बनाने के साथ ही कार्यक्षमता भी कम करता है।

यूनिसेफ की ताजा रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड की वजह से 10 में से एक बच्चा मोटापे का शिकार हो गया है। स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर चुनौती बना मोटापा बच्चों में डायबिटीज, हृदय रोग और दूसरी जानलेवा व्याधियों का जोखिम बढ़ा रहा है। वर्ल्ड ओबेसिटी एटलस-2026 की रिपोर्ट भी चेताने वाली है। रिपोर्ट में बच्चों में मोटापे के मामले में भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। देश में आज 56 प्रतिशत से ज्यादा गैर-संक्रामक रोग सीधे-सीधे भोजनशैली से ही जुड़े हैं। आवश्यक है कि किसी तरह की बड़ी स्वास्थ्यगत हानि से पहले ही अभिभावक चेत जाएं। बच्चों को घर पर बने भोजन और खानपान की पारंपरिक आदतों से जोड़ने के उपाय किए जाएं।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## विश्व का संकट बढ़ाते अमेरिका-ईरान

'वैश्विक संकट बना अमेरिका-ईरान का टकराव' शीर्षक से प्रकाशित संजय गुप्त का आलेख बताता है कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता टकराव आज विश्व के सामने एक बड़े आर्थिक और मानवीय संकट की आशंका को जन्म दे रहा है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकला, तो इसके दुष्परिणाम पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकते हैं। इतिहास साक्षी है कि युद्धों ने बार-बार मानवता को गहरे संकट में डाला है। इसलिए आवश्यक है कि संभावित खतरे को समझते हुए विश्व समुदाय समय रहते तैयारी करे। दुर्भाग्यवश, वर्तमान स्थिति में अधिकांश देश असहाय दर्शक की भूमिका में नजर आते हैं। इस परिप्रेक्ष्य को समझने के लिए ग्रामीण जीवन का एक उदाहरण प्रासंगिक है। गांवों में कुछ किसान अपनी फसल की रक्षा के लिए खेतों की मेड़ ऊंची कर पानी रोक लेते हैं, जिससे उनकी फसल तो सुरक्षित रहती है, लेकिन नीचे के खेतों को नुकसान उठाना पड़ता है। इसी तरह, जब पानी अधिक हो जाता है, तो वे मेड़ काटकर उसे बहा देते हैं, जिससे नीचे के किसानों की फसल डूब जाती है। आज की वैश्विक स्थिति भी कुछ ऐसी ही है-जहां शक्तिशाली देश अपने हितों की रक्षा में ऐसे कदम उठा रहे हैं, जिनका दुष्परिणाम पूरी दुनिया को भुगतना पड़ सकता है। युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, फिर भी मानव इतिहास में बार-बार यही रास्ता अपनाया जाता रहा है। अतीत में युद्धों के बाद समझौते हुए हैं और शांति स्थापित हुई है, लेकिन यह शांति अक्सर अस्थायी सिद्ध हुई है। ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि विश्व समुदाय सक्रिय भूमिका निभाए और संवाद तथा कूटनीति के माध्यम से स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए।

डा. हरिप्रसाद राय, आजमगढ़, उत्तर प्रदेश

मेलबाक्स

## दुष्कर्म पीड़िता की पीड़ा

हमारे समाज में महिलाओं के साथ खासकर नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म जैसे मामले बढ़ते जा रहे हैं। अधिकतर मामलों में पीड़ित नाबालिग को बहुत देर से पता चलता है कि वह गर्भवती है। एक तो वह शारीरिक तौर पर दर्द सह चुकी होती है, दूसरी तरफ भावनात्मक और मानसिक रूप से टूट चुकी होती है। ऊपर से गर्भ ठहरने की वजह से गर्भपात न करा पाने की पीड़ा उसको तोड़ देती है। देश में कानून के अनुसार गर्भपात की तय अवधि 20-24 सप्ताह है। पर प्रश्न यह है कि अगर किसी दुष्कर्म पीड़िता को इस अवधि के बाद पता चलता है कि वह गर्भवती है तो ऐसी स्थिति में वह क्या करे? कानूनन तौर पर तो इस अवधि के बाद वह गर्भपात नहीं करवा सकती। पीड़िता क्यों बच्चे को पैदा कर खुद को शारीरिक कष्ट पहुंचाए? नाबालिग पीड़िता के लिए तो यह स्वास्थ्य की दृष्टि से और अधिक खतरे वाली बात है। 13-17 साल की उम्र में एक लड़की न केवल शारीरिक बदलावों से गुजर रही होती है, बल्कि उसमें यह सब समझने की समझ भी नहीं होती है। इसके अलावा यह आयु पढ़ाई लिखाई एवं स्कूल जाने की होती है। ऐसे में गर्भ की देखभाल अनुचित है। सरकार को दुष्कर्म मामलों में पीड़िता के गर्भपात के लिए कानून में संशोधन कर उन्हें इस पीड़ा से मुक्त करना चाहिए।

अभिलाषा गुप्ता, मोहाली

## ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत आवश्यक

अमेरिका-ईरान तनाव को केवल सामरिक प्रतिस्पर्धा के रूप में देखना अधूरा दृष्टिकोण है। इसके आर्थिक और सामाजिक प्रभाव अधिक गहरे हैं, खासकर भारत जैसे विकासशील देशों के लिए। समाधान के लिए बहुपक्षीय वार्ता को पुनर्जीवित करना, क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाना और भारत जैसे देशों को संतुलित, सक्रिय कूटनीतिक भूमिका निभानी होगी। ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों-सौर, पवन और जैव ईंधन की ओर तेजी से बढ़ना भी आवश्यक है, ताकि बाहरी संकटों का प्रभाव कम किया जा सके। अंततः विवेकपूर्ण और संतुलित कूटनीति ही इस वैश्विक संकट का स्थायी समाधान प्रदान कर सकती है।

awanishg30@gmail.com

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें :**

दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,

डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा

ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक- स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक- स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन- महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक- संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**0.7** प्रतिशत ही निवेश किया जाता है आर एंड डी (शोध एवं विकास) पर भारत में कुल जीडीपी का, जबकि अर्थव्यवस्था की समग्र प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए इसे कम से कम दो प्रतिशत के स्तर तक ले जाने की आवश्यकता है।



आजकल

# बौद्धिक संपदा तंत्र के उपयोग से पूंजी निर्माण

भारत का बौद्धिक संपदा (आइपी) परिदृश्य अभी बड़े पैमाने पर मात्रा-आधारित है, न कि मूल्य-आधारित, जिससे वैश्विक आर्थिक नेतृत्व प्राप्त करने की इसकी क्षमता सीमित हो जाती है। वैश्विक स्तर पर एक प्रतिस्पर्धी नवाचार अर्थव्यवस्था बनने के लिए भारत को आइपी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना होगा, जो राष्ट्रीय विकास माडल को नवाचार-आधारित प्रतिस्पर्धा की ओर स्थानांतरित करे। यह परिवर्तन मूल्यांकन-आधारित वित्त को सक्षम बनाएगा, जहां बौद्धिक संपदा का उपयोग आइपी-आधारित ऋण और निवेश के लिए किया जा सकेगा, जिससे पूंजी निर्माण के नए अवसर खुलेंगे

डा. शिवेश प्रताप
संयोजक, विजन विकसित भारत नीति एवं शोध केंद्र





प्रतीकात्मक

निर्णायक नीतियों एवं प्रयासों के कारण पिछले एक दशक में भारत ने अपने बौद्धिक संपदा (आइपी) पारिस्थितिकी तंत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन देखा है। नवाचार, व्यवसाय करने में सुगमता और डिजिटल गवर्नेंस पर सरकार के रणनीतिक फोकस ने भारत के आइपी ढांचे को सुदृढ़ करने और नवाचार-आधारित विकास की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत और दूरदर्शी आधार तैयार किया है। इस परिवर्तन में कई महत्वपूर्ण प्रयासों ने केंद्रीय भूमिका निभाई है। आइपी जागरूकता, संरक्षण और व्यवसायीकरण को मजबूत करने के लिए एक व्यापक दृष्टि प्रदान की।

इसके साथ ही स्टार्टअप इंडिया ने उद्यमिता को गति दी और घरेलू नवाचारकर्ताओं के आधार का विस्तार किया। आइपी प्रशासन का बड़े पैमाने पर डिजिटलीकरण (2016 के बाद) जैसे आनलाइन फाइलिंग प्रणाली, त्वरित परीक्षण तंत्र और प्रक्रियाओं में पारदर्शिता ने प्रक्रियात्मक दक्षता और पहुंच में महत्वपूर्ण सुधार किया है। इन सभी सुधारों ने मिलकर भारत के आइपी तंत्र को एक धीमी, अनुपालन-आधारित व्यवस्था से बदलकर एक अधिक दक्ष, पारदर्शी और नवाचार-उन्मुख तंत्र में परिवर्तित कर दिया है।

हाल के 2024-25 के आंकड़े इन सुधारों के ठोस प्रभाव को दर्शाते हैं। वार्षिक पेटेंट फाइलिंग 80 हजार से अधिक हो चुकी है, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ने वाले आइपी क्षेत्रों में शामिल हो गया है। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि रेजिडेंट (घरेलू) फाइलिंग का हिस्सा लगभग 60 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जबकि एक दशक पहले यह लगभग 25 प्रतिशत था, जो घरेलू नवाचार की ओर एक स्पष्ट बदलाव दर्शाता है। यह वृद्धि भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के विस्तार से गहराई से जुड़ी है, विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल्स और फिनटेक जैसे क्षेत्रों में, जो आइपी सृजन के प्रमुख चालक बनकर उभरे हैं।

संस्थागत स्तर पर भी भारत ने परीक्षण क्षमता और दक्षता में उल्लेखनीय सुधार किया है। वार्षिक पेटेंट अनुदान एक लाख से अधिक हो चुके हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में एक बड़ी छलांग है और लंबित मामलों में कमी तथा तेज प्रोसेसिंग को दर्शाता है। ये रुझान दो महत्वपूर्ण संरचनात्मक परिवर्तनों को उजागर करते हैं: पहला, घरेलू भागीदारी में वृद्धि के माध्यम से नवाचार आधार का विस्तार, और दूसरा आइपी प्रणाली के भीतर संस्थागत क्षमता का सुदृढ़ होना।

**आइपी पारिस्थितिकी तंत्र :** एक प्रभावी बौद्धिक संपदा पारिस्थितिकी तंत्र एक बहुआयामी ढांचा होता है, जो नवाचार और मूल्य सृजन को समर्थन देने के लिए कानूनी, संस्थागत, आर्थिक और सांस्कृतिक घटकों को एकीकृत करता है। इसकी आधारशिला एक मजबूत कानूनी और नियामक प्रणाली होती है, जो पेटेंट, ट्रेडमार्क और कापीराइट को नियंत्रित करते हुए अधिकारों की सुरक्षा और स्पष्टता सुनिश्चित करती है। इसके साथ ही, संस्थागत ढांचा, जैसे आइपी कार्यालय, विशेष न्यायालय और प्रवर्तन एजेंसियां मिलकर पंजीकरण, विवाद निवारण और बौद्धिक संपत्तियों की सुरक्षा को प्रभावी बनाते हैं।

हालांकि, किसी भी आइपी पारिस्थितिकी तंत्र की वास्तविक शक्ति इस बात पर निर्भर करती है कि वह नवाचार को आर्थिक परिणामों में कितना परिवर्तित कर पाता है। इसके लिए व्यवसायीकरण तंत्र, जैसे टेक्नोलाजी ट्रांसफर आफिस और उद्योग के साथ मजबूत संबंध आवश्यक होते हैं।

**अमेरिका का उच्च-मूल्य आइपी पारिस्थितिकी तंत्र :** अमेरिका विश्व की सबसे परिपक्व बौद्धिक संपदा आधारित अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करता है, जहां आइपी आर्थिक संरचना में गहराई से समाहित है और जीडीपी, नवाचार नेतृत्व तथा वैश्विक कारपोरेट प्रभुत्व में महत्वपूर्ण योगदान देता है। मात्रा-आधारित प्रणालियों के विपरीत, अमेरिकी माडल व्यवसायीकरण, मुद्रीकरण और आइपी को पूंजी तथा बाजारों के साथ एकीकृत करने पर केंद्रित है, जो इसे उच्च-मूल्य आइपी पारिस्थितिकी तंत्र का एक वैश्विक मानक बनाता है।

इसका एक प्रमुख उदाहरण एप्पल इंक है, जिसकी मुख्य बौद्धिक संपदा डिजाइन पेटेंट, स्वामित्व साफ्टवेयर इकोसिस्टम और उन्नत चिप आर्किटेक्चर में निहित है। एप्पल की रणनीति हार्डवेयर और साफ्टवेयर आइपी के घनिष्ठ एकीकरण पर आधारित है, जो एक बंद, उच्च-मूल्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाती है और उपभोक्ता निर्भरता तथा ब्रांड निष्ठा को बढ़ाती है। तीन लाख करोड़ से अधिक के बाजार पूंजीकरण के साथ, एप्पल के मूल्य का 80 से अधिक हिस्सा अमूर्त परिसंपत्तियों से आता है। यह दर्शाता है कि एप्पल केवल उत्पाद नहीं बेचता, बल्कि एक स्वामित्व आइपी पारिस्थितिकी तंत्र का मुद्रीकरण करता है, जो निरंतर आर्थिक मूल्य उत्पन्न करता है। अमेरिकी माडल से मुख्य सीख स्पष्ट है कि जब बौद्धिक संपदा को प्रभावी रूप से पूंजी और बाजार प्रणालियों के साथ एकीकृत किया जाता है, तब यह नवाचार में आर्थिक विकास का एक शक्तिशाली इंजन बन जाती है।

अंततः उच्च-मूल्य पारिस्थितिकी तंत्र की एक प्रमुख विशेषता है मजबूत पारिस्थितिकी एकीकरण जहां शैक्षणिक संस्थान, उद्योग, सरकार और वित्तीय संस्थान के बीच सुचारु समन्वय होता है। विश्वविद्यालय अनुसंधान और पेटेंट सृजन को आगे बढ़ाते हैं, उद्योग इन नवाचारों का व्यवसायीकरण करते हैं, सरकार नीतिगत समर्थन प्रदान करती है, और वित्तीय संस्थान पूंजी और विस्तार में सहयोग करते हैं। यह परस्पर जुड़ा हुआ ढांचा सुनिश्चित करता है कि बौद्धिक संपदा विचार से बाजार तक प्रभावी रूप से प्रवाहित हो, जिससे आर्थिक प्रभाव और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता दोनों अधिकतम हो सकें। समग्र रूप से, ये सभी तत्व यह स्पष्ट करते हैं कि एक उच्च-मूल्य आइपी पारिस्थितिकी तंत्र का मूल आधार केवल पेटेंट की संख्या नहीं, बल्कि मूल्य सृजन, मुद्रीकरण और प्रणालीगत एकीकरण है।

## भारत से संबंधित मामलों के लिए नीतिगत सुझाव

भारत को एक उच्च-मूल्य, वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बौद्धिक संपदा नेतृत्वकर्ता बनने के लिए केवल क्रमिक सुधार पर्याप्त नहीं होंगे। इसके लिए एक सिस्टम-स्तरीय परिवर्तन आवश्यक है, जो नवाचार, वित्त, उद्योग और शासन को एक व्यवसायीकरण-आधारित आइपी पारिस्थितिकी तंत्र में एकीकृत करे। ध्यान को स्पष्ट रूप से पेटेंट की संख्या से गुणवत्ता की ओर स्थानांतरित करना होगा, जिसमें रणनीतिक क्षेत्रों में उच्च-मूल्य, वैश्विक रूप से प्रासंगिक और स्टैंडर्ड-एसेंशियल पेटेंट्स को प्राथमिकता दी जाए। इस परिवर्तन का एक प्रमुख स्तंभ मजबूत व्यवसायीकरण ढांचे का निर्माण है। भारत को पेशेवर रूप से प्रबंधित टेक्नोलाजी ट्रांसफर आफिस को संस्थागत रूप देना होगा, जिनमें प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन हों, ताकि अनुसंधान के परिणामों को बाजार-उन्मुख नवाचारों में परिवर्तित किया जा सके। साथ ही, आइपी मूल्यांकन ढांचे को वित्तीय प्रणाली में शामिल करना आवश्यक है, जिससे बौद्धिक संपदा का उपयोग आइपी-आधारित ऋण, प्रतिभूतिकरण और निवेश निर्णयों में किया जा सके।

इसके अलावा आर एंड डी वित्तपोषण का पुनर्गठन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। वर्तमान में जीडीपी का लगभग 0.7 प्रतिशत होने वाले निवेश को बढ़ाकर कम से कम दो प्रतिशत तक ले जाना होगा, जिसके लिए सार्वजनिक निवेश, निजी क्षेत्र की भागीदारी, वेंचर कैपिटल और संप्रभु नवाचार फंड्स का मिश्रित ढांचा विकसित करना आवश्यक है। यह निवेश मिशन-उन्मुख कार्यक्रमों के साथ जुड़ा होना चाहिए, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, क्वांटम तकनीक, हरित ऊर्जा और बायोटेक्नोलाजी जैसे डीप-टेक क्षेत्रों में, जो भविष्य की आर्थिक और भू-राजनीतिक शक्ति को निर्धारित करेंगे।

एक महत्वपूर्ण और अक्सर अनदेखा आयाम है बौद्धिक संपदा के प्रति राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता और क्षमता निर्माण। आइपी शिक्षा को स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक मुख्यधारा में शामिल करना आवश्यक है, जिसमें आइपी साक्षरता, नवाचार प्रबंधन और व्यवसायीकरण कौशल को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। शोधकर्ताओं, उद्यमियों और छात्रों को न केवल ज्ञान सृजन, बल्कि उसे संरक्षित करने, प्रबंधित करने और रणनीतिक रूप से मुद्रीकृत करने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। भारत की आइपी नेतृत्व की दिशा में प्रगति इस बात पर निर्भर करेगी कि वह फाइलिंग-आधारित ढांचे से मूल्य-आधारित, वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी और व्यवसायीकरण-केंद्रित पारिस्थितिकी तंत्र की ओर कितना सफलतापूर्वक संक्रमण करता है। प्रौद्योगिकी, पूंजी, नीति और शिक्षा के एकीकरण के माध्यम से भारत बौद्धिक संपदा को एक मुख्य आर्थिक परिसंपत्ति वर्ग में परिवर्तित कर सकता है और स्वयं को वैश्विक ज्ञान अर्थव्यवस्था में एक एजेंडा-निर्धारक के रूप में स्थापित कर सकता है।

यदि यह रणनीतिक स्पष्टता और कार्यान्वयन अनुशासन के साथ किया जाए, तो भारत केवल एक उभरता हुआ नवाचार केंद्र बनने से आगे बढ़कर उच्च-मूल्य बौद्धिक संपदा और ज्ञान-आधारित विकास में वैश्विक नेता बनने की क्षमता रखता है। इस संदर्भ में, विकसित भारत 2047 का विजन केवल आकांक्षात्मक नहीं है, बल्कि एक सशक्त, नवाचार-प्रेरित और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी आइपी पारिस्थितिकी तंत्र पर आधारित होकर दिन-ब-दिन साकार होता रहेगा।

(डा. शिवेश प्रताप)

खरी-खरी

## चुनाव और महंगाई का नाता

विनय कुमार पाठक

जानकार लोगों का कहना है कि चुनाव और सरकार के द्वारा किसी वस्तु की कीमत बढ़ाने में कोई विशेष पैटर्न तो है जरूर। इसके पीछे लोग कारण यह बताते हैं कि चुनाव के दौरान सरकार के द्वारा किसी भी वस्तु की कीमत नहीं बढ़ाई जाती। भले ही परिस्थिति कैसी भी हो, भले ही डीलर को नुकसान सहना पड़े या सरकार को। पर चुनाव खत्म होते ही उस वस्तु की कीमत सर्र से बढ़ा दी जाती है। इतना भी सब्र नहीं होता सरकार में कि चुनाव का परिणाम आने दे, फिर कीमत बढ़ाए। और सब्र की आवश्यकता भी नहीं है। आखिर ईवीएम में जनता राजनीतिक दलों का भाग्य तो तय कर ही चुकी होती है। अभी अमेरिका और इजरायल के ईरान पर बमफोड़ प्रतियोगिता और होर्मुज पर तनातनी के कारण पेट्रोलियम पदार्थ के मिलने पर भी संदेह था। ऐसे में कीमत की कौन परवाह करता? जितनी कीमत लेनी हो ले लो, पर रसोई को गुलजार रहने दो। ऐसे में भी सरकार ने गैस की कीमत नहीं बढ़ने दी।

इस ज्ञान की प्राप्ति ज्ञानचंद को अभी-अभी हुई है जब उन्होंने देखा कि व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत ने दस शतक के बराबर और छोटू सिलेंडर की कीमत ने भी तीन शतक के बराबर छलांग लगाई है। और फिर सूत्रों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल की कीमत में बढ़ोतरी से इन्कार नहीं है। जब सूत्रों की ओर से पेट्रोल-डीजल की कीमत में बढ़ोतरी से इन्कार किया जाता है, तब भी कीमत के बढ़ने की संभावना होती है। उसी प्रकार जैसे मौसम विभाग के किसी दिन मौसम सूखा रहने की भविष्यवाणी के बाद उस दिन झमाझम बारिश होती है। और जब इन्कार नहीं है तो मतलब साफ है कि कीमत लंबी छलांग लगाने वाली है, कम से कम दो अंकों में तो जरूर।

और फिर मामला पेट्रोलियम पदार्थों तक सीमित नहीं है। कुछ अन्य मामलों में भी चुनाव का प्रभाव साफ-साफ दिखता है। उदाहरण के लिए आय कर को लिया जाए। चुनाव हो जाने के बाद साल दर साल आय कर में कोई छूट नहीं मिलती। पर जिस साल चुनाव आता है उस साल थोड़ी ही सही, राहत दे दी जाती है।

X पोस्ट



चीन, पाकिस्तान और राहुल गांधी को ग्रेट निकोबार परियोजना से परेशानी है और वे इसका विरोध कर रहे हैं। जबकि भारतीय सशस्त्र बल, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और नरेन्द्र मोदी इसके पक्ष में हैं।
आनंद रंगनाथन@ARanganathan72

निकोबार के वर्षावन छीजने का दुख सबको है। वहां वन कटने से अधिक वनीकरण किया ही जाना चाहिए, लेकिन मलक्का जलमार्ग के उत्तरी छोर और निकोबार की नोक पर सैन्य और व्यापारिक बंदरगाह और हवाई अड्डा बनने से चीन से अधिक तकलीफ भला किसको हो सकती थी? पर नहीं, हमारी कांग्रेस को हुई है। सोचिए भला क्यों?
शिव कांत@shivkant

अखिलेश यादव का पुतला फूंकते समय घायल हो जाने वाली अन्नपूर्णा जी का हाल-चाल लेने अखिलेश जी खुद अस्पताल गए। पीएम मोदी को जमीन में गाड़ देने की धमकी देने वाले अजय राय को पीएम ने स्वस्थ होने की कामना की। स्वस्थ राजनीति यही है, जिसे नेता तो समझते हैं, मगर उनके कार्यकर्ता नहीं समझ पाते।
अतुल कुमार राय@AuthorAtul

जागरण जनमत — कल का परिणाम

**क्या आइपीएल का फार्मेट गेंदबाजों की मुश्किलें बढ़ाने वाला है?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या ग्रेट निकोबार परियोजना के विरोध का राहुल गांधी का रवैया सही है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

दिल थामे बैठे रहो सुनो आज परिणाम,
जिनका दिल कमजोर है वे न करें यह काम।
वे न करें यह काम लगेगा उनको झटका,
नहीं सकेंगे देख पाप का फूटा मटका!
बिना टिकट ही आज दिखेंगे हमको ड्रामे,
देखो सब घर बैठ चाय पीते दिल थामे!!
-ओम प्रकाश तिवारी

उत्तर प्रदेश डायरी

# 'अधिकार बनाम अपराध' की आंच पर सियासत

अजय जायसवाल
उप राजनीतिक संपादक, उत्तर प्रदेश



पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान संसद के विशेष सत्र में लाए गए नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के गिरने के बाद शुरू हुई बहस, अब वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की राह पर बढ़ रहे यूपी में 'अधिकार बनाम अपराध' के नैरेटिव की आंच पर जोरों से तप रही है। विपक्ष को महिला विरोधी करार देने की सत्ताधारी भाजपा की मुहिम सड़क पर प्रदर्शन से होते हुए विधानमंडल के विशेष सत्र में निंदा प्रस्ताव के रास्ते पर चलकर चुनावी रणनीति बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक इस बहाने विरोधी दलों, खासकर सपा के विरुद्ध परिवारवाद के आरोपों की धार तो तेज कर ही रहे हैं, इसके साथ डबल इंजन सरकार के विकास, कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को जोड़कर ऐसे बहुस्तरीय नैरेटिव को मजबूत करने में जुटे हैं, जो उनको तीसरी बार सत्ता की मंजिल तक पहुंचा सके। इसके लिए ही मशाल जुलूस जैसे आयोजनों से भाजपा इस आग को जलाए रखना चाहती है। दूसरी तरफ विपक्ष, सरकार को झूठा करार देने के साथ पिछड़ों-अल्पसंख्यकों के कोटे की मांग के सहारे अपने समीकरणों को साधने में जुटा है। साथ में योगी सरकार की कानून व्यवस्था वाली 'खासियत' को कमजोर करने की कोशिश भी है। सपा गाजीपुर, हाथरस, मेरठ, हरदोई, प्रतापगढ़ आदि की हालिया आपराधिक घटनाओं के सहारे भाजपा के महिला सुरक्षा के दावों को हवा-हवाई करार देना चाहती है।

मोदी ने 28 अप्रैल को वाराणसी में 'जन आक्रोश महिला सम्मेलन' में कहा कि सपा, कांग्रेस जैसी पार्टियों ने देश की महिलाओं को धोखा दिया। परिवारवादी और तुष्टीकरण में डूबे ये दल जानते हैं कि अगर बेटियां ऊपर आ गईं, तो इनका नियंत्रण खत्म हो जाएगा। 29 अप्रैल को गंगा एक्सप्रेसवे के हरदोई से लोकार्पण के अवसर पर उन्होंने विकास कार्यों के उल्लेख के साथ सपा को प्रगति और नारी विरोधी करार दिया। दोनों आयोजनों में महिलाओं का समर्थन जुटाने के साथ कानून व्यवस्था व विकास की राजनीति का संदेश देने की कोशिश की गई।

30 अप्रैल को विधानमंडल के विशेष सत्र में इसी संदेश को आगे बढ़ाया गया। योगी ने सपा, कांग्रेस पर महिला विरोधी मानसिकता के आरोप लगाए। कहा, 'जो काले कर्मों से राजमहल सजाते हैं, वही इतिहास में कलंक बन जाते हैं। इनके बदलते रंग देखकर गिरगिट भी शरमा जाएगा।' सपा शासनकाल में हुई बदायूं, बुलंदशहर, सुलतानपुर, हापुड़ आदि की महिला अपराध की घटनाओं का उल्लेख कर कहा कि वर्ष 2017 से पहले तो प्रदेश में 'देख सपाई, बिटिया घबराई' का नारा आम था। उच्च सदन में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने परिवारवाद पर प्रहार करते हुए कहा कि क्या कांग्रेस-सपा यह चाहती हैं कि केवल गांधी और सैफई खानदान की ही महिलाएं सदन में जाएं। आपने जो पाप किया है, उसके लिए महिलाओं के श्राप से आपको कोई नहीं बचा सकता।



विधानसभा में आयोजित विशेष सत्र में बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। जागरण

मुख्यमंत्री सहित सभी ने बसपा प्रमुख मायावती पर जानलेवा हमले वाले वर्ष 1995 के गेस्ट हाउस कांड का उल्लेख किया। इसके सहारे तीन निशाने साधने की कोशिश की गई। सपा को महिला विरोधी साबित करना, उनके शासनकाल में अपराध अधिक होने की याद दिलाना और सपा द्वारा की जा रही दलित मतदाताओं में पैठ बनाने की कोशिश को कमजोर करना। दूसरी तरफ विधानमंडल के विशेष सत्र में निंदा प्रस्ताव आने से एक दिन पहले सपा विधानमंडल दल ने अतिनिंदा प्रस्ताव पारित किया। वहीं विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि जब पंचायतों में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया तब भाजपा ने विरोध किया था। भाजपा ने मंडल कमीशन का भी विरोध किया था। विधान परिषद में नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने महिला अपराधों के बढ़ोतरी के आंकड़े गिनाए। कहा, मुलायम सिंह यादव ने महिलाओं को आरक्षण का अधिकार दिया था। फूलन देवी को भी संसद में पहुंचाया था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव लगातार कह रहे हैं कि महिला आरक्षण पर भाजपा झूठ फैला रही है। महिला आरक्षण का बिल तो वर्ष 2023 में ही सपा के समर्थन से संसद में पास हो चुका है। भाजपा परिसीमन करना चाहती थी। अब वह नारी वंदन को नारा बनाना चाहती है।

सपा प्रमुख योगी सरकार में महिला अपराध बढ़ने का नैरेटिव भी खड़ा कर रहे हैं। गाजीपुर प्रकरण में सपा प्रतिनिधिमंडल पर पथराव के बाद इसे और तेजी से आगे बढ़ाया गया। कांग्रेस भी महिला आरक्षण पर भाजपा को कटघरे में खड़ा कर रही है। बहरहाल, महिला आरक्षण पर शुरू हुआ संग्राम चुनाव तक तो जारी ही रहता दिख रहा है। भाजपा धरना-प्रदर्शन, महिला सम्मेलनों आदि के सहारे इस मुद्दे को जीवंत बनाए रखना चाहती है। विरोधी दल, महिला अपराध के मामलों पर मुखर होकर अपने नैरेटिव को मजबूत करना चाहते हैं। साफ है कि 2027 का चुनाव अन्य समीकरणों के साथ 'महिला मतदाता' के भरोसे का भी होगा। महिला मतदाता 'साइलेंट वोटर' नहीं, बल्कि 'डिसाइसिव फैक्टर' बन चुकी हैं। अब नजर इस बात पर होगी कि कौन सा दल इस 'नारी शक्ति' को वास्तविक समर्थन और भरोसे में बदल पाता है।

मंथन

# जल भू-राजनीति का टकराव

विश्व के विभिन्न हिस्सों में नदी प्रणालियों पर बढ़ता दबाव एक बड़े बदलाव की ओर संकेत करता है, जहां जल अब ऐसा सक्रिय तत्व बन गया है जो देशों के व्यवहार को आकार देता है

रवि दास बिश्नोई
वरिष्ठ अध्येता, इंडो पैसिफिक डोमेन



जल भू-राजनीति का विकास एक व्यापक विरोधाभास को उजागर करता है। तकनीकी क्षमता बढ़ी है, पर शासन प्रणाली पीछे रह गई है। मांग बढ़ रही है, जबकि प्राकृतिक सीमाएं सीमित हो रही हैं, जिससे पारिस्थितिक आधार कमजोर पड़ रहे हैं। इस परिप्रेक्ष्य में नदियां दर्पण भी हैं और चेतावनी भी। नदी संसाधनों पर दबाव बढ़ेगा।

वैश्विक आंकड़े इस स्थिति की गंभीरता को स्पष्ट करते हैं। लगभग 60 प्रतिशत ताजे जल का प्रवाह 310 अंतरराष्ट्रीय नदी बेसिनों से होकर गुजरता है, जिससे अरबों लोग साझा जल प्रणालियों पर निर्भर हैं। विश्व जल विकास रिपोर्ट 2024 के अनुसार आज भी लगभग 2.2 अरब लोगों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है। यह सिर्फ अस्थायी कमी का संकेत भर नहीं है। यह एक ऐसा संरचनात्मक असंतुलन है जो लगातार गहराता जा रहा है। संघर्ष के संकेत इस तस्वीर को और स्पष्ट करते हैं। पैसिफिक इंस्टीट्यूट के आंकड़ों के अनुसार जल-संबंधी विवाद की घटनाएं 2022 में 235 थीं जो 2024 में 400 से अधिक हो गईं। इनमें बांध निर्माण पर टकराव से लेकर युद्ध के दौरान जल संरचनाओं को निशाना बनाने तक शामिल है।

दक्षिण एशिया इसका एक सजीव उदाहरण प्रस्तुत करता है। सिंधु जल संधि जिसे लंबे समय तक स्थिर जल-साझाकरण व्यवस्था माना गया था, अब नए दबावों से गुजर रही है। पिछले वर्ष के बाद की परिस्थितियों ने नदी प्रवाह प्रबंधन को रणनीतिक दृष्टि से प्रभावित किया है। भारत सदैव नदी संबंधी रिपेरियन अधिकारों और नैतिक दायित्वों का सम्मान करता आया है। परंतु जल संबंधी निर्णय जब सीधे राष्ट्रीय चिंता के विषय बन जाए तो यह जरूरी हो जाता है कि कोई देश अपने जल अधिकारों पर मंथन करें। वहीं दूसरी ओर चीन की गतिविधियां ब्रह्मपुत्र पर एक और जटिलता जोड़ती है।

भारत के भीतर भी नदी विवाद समान चुनौतियों को दर्शाते हैं। महानदी और कृष्णा जैसी नदियों पर राज्यों के बीच विवाद यह दिखाते हैं कि प्रशासनिक सीमाएं प्राकृतिक प्रवाह को नहीं रोक सकतीं हैं। नीति आयोग के अनुसार, देश के लगभग 60 करोड़ लोग उच्च जल तनाव का सामना कर रहे हैं, जबकि 21 बड़े शहरों के भूजल संसाधन समाप्ति के कगार पर हैं। कृषि व्यवस्था की निर्भरता इस संकट को और गहरा करती है। भारत में लगभग 80 प्रतिशत जल उपयोग सिंचाई में होता है, जबकि दक्षता अपेक्षाकृत कम है। पारंपरिक बाढ़ सिंचाई पद्धतियां भारी जल क्षति का कारण बनती हैं। जब नदी प्रवाह अनिश्चित होता है, तो इसका प्रभाव केवल खेतों तक सीमित नहीं रहता, यह ग्रामीण आय, फसल पैटर्न और प्रवासन तक भी पहुंच जाता है। जलवायु परिवर्तन इस पूरे ढांचे पर अतिरिक्त दबाव डालता है।

अवसंरचना में सुधार, जिसे समाधान माना जाता है, अपने साथ जोखिम भी लाती है। भारत में लगभग 6600 से अधिक बड़े बांध हैं, जिनमें कई दशकों पुराने हैं। बदलती जलवायु परिस्थितियों में इनकी सुरक्षा एक गंभीर प्रश्न बन चुकी है। वैश्विक स्तर पर भी बड़े बांध नदी पारिस्थितिकी को प्रभावित करते हैं, तलछट प्रवाह को बाधित करते हैं और नदी की प्राकृतिक संरचना को बदल देते हैं। यहीं एक महत्वपूर्ण बहस उभरती है कि लोकप्रिय विमर्शों में जल युद्धों की बात ऐसे होने लगी कि मानो संघर्ष अपरिहार्य हो। यह दृष्टिकोण आकर्षक तो है, पर पूरी तरह सटीक नहीं है। आज के समकालीन संदर्भों को देखा जाए तो तनाव, कूटनीतिक दबाव और रणनीतिक संकेत तीनों जल समस्या को संघर्ष की ओर धकेल रहे हैं।



भारत समेत विश्व के अनेक देशों में नदियों से जुड़े संसाधनों का निरंतर क्षय हो रहा है। फाइल

वहीं दूसरी मुख्य बहस परस्पर निर्भरता पर केंद्रित है। जहां ऊपर की ओर स्थित देश नियंत्रण रखते हैं और नीचे की ओर स्थित देश निर्भर रहते हैं। यह ऊर्जा भू-राजनीति जैसी ही संरचना बनाता है, लेकिन जल के मामले में विकल्प सीमित होने के कारण जोखिम कहीं अधिक गहरा होता है। इन परिस्थितियों में कुछ मूलभूत प्रश्न सामने आते हैं, क्या पारंपरिक संधियां जलवायु अनिश्चितता के दौर में टिक पाएंगी? ऊपरी और निचले हिस्सों के हितों में संतुलन कैसे बनेगा? डाटा साझा करने के विश्वसनीय तंत्र कैसे विकसित होंगे? अवसंरचना विकास और रणनीतिक दबाव के बीच रेखा कहां खींची जाएगी? इन प्रश्नों के उत्तर अभी स्पष्ट नहीं हैं, पर नीति विमर्श इन्हीं के इर्द-गिर्द घूम रहा है।

समाधान के लिए एक बहु-स्तरीय ढांचा आवश्यक है। सबसे पहले तो हमें नदी बेसिन को प्रशासनिक नहीं, पारिस्थितिक इकाई के रूप में देखना होगा। दूसरा, वास्तविक समय डाटा साझा करने की प्रणाली विकसित करनी होगी, जिससे पारदर्शिता बढ़े और अविश्वास कम हो। तीसरा, जल मांग में संरचनात्मक बदलाव लाना होगा यानी कम जल वाली फसलों को बढ़ावा देना, माइक्रो-इरिगेशन अपनाना और जल मूल्य निर्धारण को सुधारना। इजरायल का ड्रिप इरिगेशन माडल इस दिशा में प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत करता है। चौथा, पारिस्थितिक पुनर्स्थापन पर जोर देना होगा, ताकि नदियां अपनी पुनर्जीवन क्षमता बनाए रख सकें।

### बीती तिमाही में डीमार्ट का शुद्ध लाभ 19.2 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली:** रिटेल चेन डीमार्ट की संचालक कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड को बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2026) के दौरान 19.17 प्रतिशत बढ़कर 656.42 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वर्ष समान अवधि में कंपनी को 550.79 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। कंपनी ने रेग्युलेटरी फाइलिंग में बताया कि बीती तिमाही में उसका संचालन राजस्व 18.9 प्रतिशत बढ़कर 17,683.86 करोड़ रुपये रहा है, जो जनवरी-मार्च 2025 में 14,871.86 करोड़ रुपये था। (प्रेट्र)

सप्लाई चेन में रुकावट और पैकेजिंग लागत में बढ़ोतरी से भारत में स्थानीय प्रतिस्पर्धा की कमी हो गई है। इससे हमें होमकेयर जैसी श्रेणियों में बिक्री बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
**- फर्नांडो फर्नांडीज, सीईओ, यूनिलीवर**



# चीन की दर्जनों कंपनियां भारत में जल्द करेंगी निवेश

## इलेक्ट्रानिक्स कंपोनेंट्स, कैपिटल गुड्स, सोलर, एडवांस बैट्री, क्रिटिकल मिनरल्स प्रोसेसिंग क्षेत्र में आएगा निवेश

राजीव कुमार • जागरण

- सरकार ने चीनी कंपनियों के निवेश पर लगे प्रतिबंध को हटाया
- इस फैसले से चीन से व्यापार घाटा कम करने में मिलेगी मदद



**100** अरब से ज्यादा रहा वित्त वर्ष 2025-26 में चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा

**40** अरब डालर के इलेक्ट्रानिक्स का आयात किया भारत ने चीन से पिछले वर्ष

**नई दिल्ली:** चीन की दर्जनों कंपनियां नए वित्त वर्ष 2026-27 में भारत में निवेश कर सकती है। इनमें मुख्य रूप से इलेक्ट्रानिक्स कंपोनेंट्स, कैपिटल गुड्स सोलर, एडवांस बैट्री जैसे सेक्टर शामिल है। वर्ष 2020 में सरकार ने एक अधिसूचना के जरिये चीन से होने वाले निवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने इस प्रतिबंध को हटाने की अधिसूचना जारी कर चीन से निवेश का रास्ता साफ कर दिया है।

हालांकि, चीन की कंपनियां बिना सरकारी इजाजत के भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों में 10 प्रतिशत तक ही निवेश कर सकेंगी। इससे अधिक के निवेश के लिए उन्हें सरकार से इजाजत लेने की जरूरत होगी। सरकार के इस फैसले से चीन से व्यापार घाटे को कम करने में भी मदद मिलेगी।

गत वित्त वर्ष 2025-26 में चीन से व्यापार घाटा 100 अरब डालर को पार कर गया। भारत मुख्य रूप से चीन से इलेक्ट्रानिक्स कंपोनेंट्स व अन्य इलेक्ट्रानिक्स आइटम के साथ मशीनरी, आर्गेनिक केमिकल्स और प्लास्टिक का आयात करता है। गत वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 48 अरब डालर के इलेक्ट्रानिक्स आइटम का निर्यात किया, जबकि 116 अरब डालर के इलेक्ट्रानिक्स कंपोनेंट्स व अन्य इलेक्ट्रानिक्स आइटम का आयात किया। अकेले चीन से भारत ने 40 अरब डालर से अधिक के इलेक्ट्रानिक्स आइटम का आयात किया।

जानकारों का कहना है कि सरकार के इस फैसले अब कई इलेक्ट्रानिक कंपोनेंट्स चीन के निवेश की मदद से भारत में बनने लगेंगे और इससे भारतीय कंपनियों को चीन की टेक्नोलाजी का भी पता चल पाएगा और चीन से होने वाले आयात में भी कमी आएगी। भारत मशीनरी के लिए चीन पर काफी निर्भर है। एमएसएमई सेक्टर की अधिकतर मशीनरी चीन से मंगाई जाती है। गत वित्त वर्ष में चीन से 27 अरब डालर की मशीनरी का आयात किया गया। अब चीन की कंपनियां इसे भारत में ही बना सकेंगी।

सोलर सेक्टर से जुड़े पालिसिलिकन निर्माण में भी चीन का निवेश भारत में आएगा। वर्ष 2020 में जब चीन की कंपनियों के निवेश पर रोक लगाई गई थी, तब सिर्फ मोबाइल फोन व कंपोनेंट्स संबंधी निवेश के 200 से अधिक आवेदन लंबित थे। जानकारों का कहना है कि इनमें से दर्जनों ऐसी कंपनियां हैं जो अब भी भारत में निवेश के लिए तैयार बैठी है।

### पिछले छह वर्षों में एफडीआइ में चीन की हिस्सेदारी घटी




मार्च 2020 में चीन के निवेश पर रोक से ठीक पहले चीन की कंपनियों ने भारत में चार अरब डालर से अधिक का निवेश किया था। लेकिन रोक के बाद पिछले छह सालों में भारत के विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआइ) में चीन की हिस्सेदारी मात्र 0.32 प्रतिशत रह गई। वर्ष 2020 में चीन की कंपनियों के निवेश पर प्रतिबंध के बाद उन भारतीय कंपनियों के लिए भी समस्या खड़ी हो गई थी जिन्होंने चीन की मशीनरी लगाई थी। उनकी मशीनरी खराब होने पर उनकी मरम्मत के लिए चीन के इंजीनियर को भारत में बुलाना आसान नहीं था। इससे उनका उत्पादन प्रभावित होता था। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआइआइटी) के अधिकारी के मुताबिक, 2020 के नियम में बदलाव से इस समस्या भी अब समाधान हो गया है।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

# चालू वित्त वर्ष में मारुति सुजुकी की रही मजबूत शुरुआत



- अप्रैल में कंपनी की घरेलू बाजार में हिस्सेदारी बढ़कर 42 प्रतिशत पर पहुंची
- पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 39 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 में मजबूत शुरुआत की है। वित्त वर्ष के पहले महीने यानी अप्रैल 2026 में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 42 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में 39 प्रतिशत थी।

उद्योग के अनुमानों के अनुसार, कंपनी ने अप्रैल में घरेलू बाजार में रिकार्ड 1,91,122 वाहनों की बिक्री की है। इससे कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी मार्केटिंग एवं सेल्स, पार्थो बनर्जी ने बताया कि कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि मुख्य रूप से उसकी पैसेंजर कारों द्वारा हुई है, लेकिन एसयूवी ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हमने अप्रैल में रिकार्ड बिक्री के साथ नए वित्त वर्ष की शुरुआत की और बाजार हिस्सेदारी भी बढ़ाई। कंपनी की पिछली सबसे अधिक घरेलू बिक्री दिसंबर 2025 में 1,82,165 इकाई थी। अप्रैल 2026 में कंपनी की यात्री कारों की बिक्री 96,725 इकाई रही है, जो पिछले वर्ष समान महीने में 68,244 इकाई थी। पिछले महीने एसयूवी की बिक्री 55,065 इकाई रही है और इसमें 141.6 प्रतिशत की वृद्धि रही। आल्टो, सेलेरियो, एसप्रेसो और वैगनआर जैसी छोटी कारों की बिक्री 74.4 प्रतिशत बढ़ी।

# माइथोस के साइबर खतरों को देखते हुए आइटी पर खर्च बढ़ाएंगे सरकारी बैंक

- सिस्टम और ग्राहक डाटा की सुरक्षा के लिए बढ़ेगा खर्च
- हैकिंग क्षमता के कारण वैश्विक चिंता बना है माइथोस




**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सरकारी बैंक अपने सिस्टम की सुरक्षा, ग्राहक डाटा की रक्षा और मौद्रिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए आइटी खर्च बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। यह कदम एंथ्रोपिक के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) माडल माइथोस और और इसके संभावित वित्तीय डाटा सुरक्षा प्रभावों के बारे में वैश्विक चिंताओं के बीच उठाया जा रहा है।

माइथोस की उन्नत कोडिंग क्षमताएं इसे साइबर सुरक्षा कमजोरियों का पता लगाने और उनका लाभ लेने के तरीकों को विकसित करने की अभूतपूर्व क्षमता प्रदान करती हैं, जिससे यह चिंता बढ़ गई है कि इसका उपयोग बैंकिंग सिस्टम को बाधित करने के लिए किया जा सकता है। इस नई चुनौती के मद्देनजर बैंकों को अपने आइटी में निवेश बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि सिस्टम को अधिक मजबूत बनाया जा सके। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ स्वरूप कुमार साहा का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में नई तकनीक की ओर से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए बैंक अपने आइटी खर्च को बढ़ाने जा रहा है। यूको बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ अश्विनी कुमार ने भी कहा है कि बैंक का आइटी खर्च पिछले वित्त वर्ष की तुलना में अधिक होगा और इसका एक बड़ा हिस्सा साइबर सुरक्षा पर जाएगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी बैंकों को उनके आइटी सिस्टम को सुरक्षित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ हफ्तों में बैंकों के बीच खतरों को समझने के लिए बातचीत होगी।

अमेरिकी कंपनी एंथ्रोपिक ने अपने एआइ माडल का पायलट सात अप्रैल को लांच किया था। संभावित हैकिंग क्षमता के कारण यह वैश्विक चिंता का विषय बन गया है। एंथ्रोपिक ने दावा किया है कि माइथोस ने पहले ही हजारों उच्च-गंभीर कमजोरियों का पता लगाया है।

### चार कंपनियों की पूंजी 2.20 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** अवकाश से प्रभावित बीते सप्ताह के दौरान बीएसई में सूचीबद्ध शीर्ष-10 में से चार कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 2.20 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। सप्ताह के दौरान बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में 249.29 अंक की वृद्धि रही है।

बीते सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 1,39,655.8 करोड़ रुपये बढ़ा है और अब कंपनी का कुल पूंजीकरण 19,36,303.30 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा भारतीय एयरटेल के पूंजीकरण में 43,503.51 करोड़ रुपये, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 27,569.83 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 9,432.32 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। दूसरी ओर, आइसीआइसीआइ बैंक, एसबीआइ, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआइसी और लार्सन एंड टूब्रो का पूंजीकरण संयुक्त रूप से 1.24 लाख करोड़ रुपये घटा है।

# कोल गैसीफिकेशन परियोजनाओं के लिए प्रोत्साहन योजना को कैबिनेट मंजूरी जल्द

- परियोजना के तहत कोयले को ईंधन और रसायनों में परिवर्तित किया जाएगा
- स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना और आयात पर निर्भरता कम करना है उद्देश्य



**नई दिल्ली, प्रेट्र:** कोयला या कोल गैसीफिकेशन परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय कैबिनेट जल्द ही 37,500 करोड़ रुपये की नई प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे सकती है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देना और आयात पर निर्भरता को कम करना है। सूत्रों के अनुसार, इसके लिए कोयला मंत्रालय ने पहले ही एक कैबिनेट नोट तैयार कर लिया है।

सरकार अब कोयला गैसीफिकेशन के तहत घरेलू कोयले को ईंधन और रसायनों में परिवर्तित करने, आयात निर्भरता को कम करने और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक रणनीतिक साधन के रूप में स्थापित कर रही है। प्रस्तावित योजना का उद्देश्य देशभर में सतही कोयला और लिग्नाइट गैसीफिकेशन परियोजनाओं को तेज करना है, जिससे एलएनजी, यूरिया, अमोनियम नाइट्रेट, अमोनिया, कोकिंग कोयला और मेथनाल जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं पर आयात निर्भरता को कम करके आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जा सके। यह घरेलू कोयला और लिग्नाइट संसाधनों का उपयोग ईंधन और रसायनों के उत्पादन को बढ़ाने व 2030 तक 10 करोड़ टन कोयला गैसीफिकेशन क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य का समर्थन करने में मदद करेगा। यह एक एकीकृत योजना है जिसमें कोई श्रेणियां नहीं हैं। एकल परियोजना के लिए अधिकतम वित्तीय सहायता 3,000 करोड़ रुपये है। गैसीफिकेशन परियोजनाओं के लिए पहले की वित्तीय प्रोत्साहन योजना में सरकार ने तीन श्रेणियों के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की थी, जिसमें निजी क्षेत्र के लिए प्रति परियोजना अधिकतम प्रोत्साहन 1,000 करोड़ रुपये और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए 1,350 करोड़ रुपये प्रति परियोजना शामिल थे।

### चमड़ा और फुटवियर उद्योग ने इनपुट्स पर मांगी शुल्क छूट

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** चमड़ा और फुटवियर उद्योग ने सिंथेटिक लेदर, धातु के सहायक उपकरण, मशीनरी, धागे, मोल्ड और कुछ रसायनों जैसे कई महत्वपूर्ण इनपुट्स पर शुल्क छूट की मांग की है। उद्योग प्रतिनिधियों का कहना है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण इनपुट लागत में 60 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है।

उद्योग ने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के समक्ष इस मुद्दे को उठाते हुए फुटवियर और चमड़ा उन्मुख परिवर्तन योजना को शीघ्र लागू करने का सुझाव दिया। यह योजना पूरे उत्पाद रेंज, कच्चे माल, मशीनरी और इनपुट्स को कवर करती है। इसके अलावा उद्योग ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए क्रस्ट और फिनिश्ड लेदर्स के शुल्क मुक्त आयात की भी मांग की है। पिछले वित्त वर्ष में चमड़ा और चमड़ा उत्पाद निर्यात 2.36 प्रतिशत घटकर 4.26 अरब डालर रहा है।

## राष्ट्रीय फलक

# उत्तर प्रदेश में तेज हुआ स्मार्ट प्रीपेड मीटर का विरोध, कई जिलों में प्रदर्शन

जागरण टीम, लखनऊ

- लोगों ने स्मार्ट मीटर उखाड़ कर सड़क व बिजली उपकेंद्र पर फेंके
- आगरा समेत कई जगहों पर फूटा जनाक्रोश, आप भी सड़क पर उतरी



अलीगढ़ में स्मार्ट मीटर सड़क पर फेंक कर विरोध जताती महिलाएं। जागरण

उत्तर प्रदेश में बिजली के स्मार्ट प्रीपेड मीटर का विरोध तेज होता जा रहा है। शनिवार और रविवार को कई जिलों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि स्मार्ट मीटर से बिल अधिक आ रहे हैं और बार-बार बिजली कटौती की समस्या भी बनी हुई है।

अलीगढ़ के पड़ियावली बिजलीघर पर महिलाओं ने प्रदर्शन किया। हाथरस में अनेक महिला-पुरुष घरों से स्मार्ट मीटर उखाड़कर गिजरौली बिजलीघर पहुंच गए, वहां घेराव व प्रदर्शन किया। हंगामे की स्थिति देखकर बिजलीकर्मी मौके से हट गए। वाटर वर्क्स बिजलीघर पर भी लोगों ने इसी मुद्दे को लेकर प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। आगरा के छलेसर में भी महिलाओं ने स्मार्ट मीटर फेंक कर सड़क पर प्रदर्शन किया। फिरोजाबाद में ककरऊ कोठी सब स्टेशन पर आसपास के मुहल्लों की काफी संख्या में महिलाएं दोपहर एक बजे नारेबाजी करती हुई पहुंच गईं। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लखनऊ, मुरादाबाद, रामपुर, संभल समेत कई जिलों में प्रदर्शन किया। बुंदेलखंड के साथ ही कानपुर के आसपास जिलों में भी स्मार्ट मीटर पर उबाल है। शनिवार को कानपुर देहात में स्मार्ट मीटर से बढ़े बिल को लेकर महिलाओं ने हंगामा किया। फतेहपुर में लोग स्मार्ट मीटर उखाड़ कर इसे लेकर रसूलपुर सानी बिजली उपकेंद्र पर पहुंच गए, जहां जमकर हंगामा हुआ। हमीरपुर में भी ऐसा ही दृश्य देखने को मिला। इससे पहले जालौन, बांदा और चित्रकूट में भी हंगामा हो चुका है।

फिरोजाबाद के गल्ला व्यापारी विजय कुमार गुप्ता ने दुकान के एक दिन का बिल 1716 रुपये आने की शिकायत की है। उनका कहना है कि दुकान पर स्मार्ट मीटर लगा है।

28 अप्रैल को 300 रुपये का बिल जमा किया था। एक मई को स्मार्ट मीटर 13 रुपये बिल दिखा रहा था, दो मई को बिल 1716 रुपये हो गया। एसडीओ लालजी सोनकर ने कहा कि बिल देखने के बाद समस्या का निराकरण किया जाएगा।

### शराब घोटाला: छत्तीसगढ़ में ईडी ने नकदी, सोने समेत जब्त की 5.39 करोड़ की संपत्ति

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया • रायपुर :** छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले में ईडी की छापेमारी में अब तक 5.39 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई है। ईडी ने 30 अप्रैल को रायपुर, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर में 13 ठिकानों पर छापा मारा था। जांच एजेंसी द्वारा जारी बयान के अनुसार, यह छापेमारी शराब कारोबारियों, सीए और कार्पोरेट संस्थाओं में की गई। टीम ने तलाशी के दौरान भारी मात्रा में बेहिसाब संपत्ति बरामद की है। इनमें 53 लाख रुपये नकद, लगभग 3.234 किलोग्राम सोने के आभूषण और बुलियन जब्त किए गए। ताजा कार्रवाई में कुल 5.39 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति जब्त की गई है। ईडी ने दुर्ग में अमर इंफ्रा के संचालक और भाजपा नेता चतुर्भुज राठी के निवास और दफ्तर, भिलाई में गोविंद मंडल के घर व फैक्ट्री में जांच करने के साथ ही बिलासपुर में सराफा कारोबारी विवेक अग्रवाल के घर और सदर बाजार स्थित श्री राम ज्वेलर्स में छापा मारा था। घोटाले की जांच ईडी और ईओडब्ल्यू दोनों कर रही हैं।

# एअर इंडिया बोर्ड की 7 को अहम बैठक, सीईओ व लागत कटौती पर होगी चर्चा

- 2025-26 में एअर इंडिया को 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक का घाटा होने का अनुमान, प्रमुख सदस्य भी शामिल होंगे




प्रतीकात्मक

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया के बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक सात मई को मुंबई में होने जा रही है। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में एयरलाइन के भविष्य और वित्तीय स्थिति को लेकर कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं।

बैठक में नए सीईओ के चयन पर भी चर्चा होगी। वर्तमान सीईओ कैंपबेल विल्सन इस साल के अंत में पद छोड़ने वाले हैं। बोर्ड उनके उत्तराधिकारी के नाम पर चर्चा करेगा। सूत्रों के अनुसार, सिंगापुर एयरलाइंस के अधिकारियों या किसी यूरोपीय उम्मीदवार को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। 'ज्वाइंट एमडी' के विकल्प पर भी विचार संभव है। वित्त वर्ष 2025-26 में एअर इंडिया को 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक का घाटा होने का अनुमान है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण रूट लंबे हुए हैं, जिससे ईंधन की खपत और लागत बढ़ी है। एयरलाइन टिकट के साथ मिलने वाले भोजन और बिजनेस क्लास के लिए लाउंज एक्सेस को अलग करने पर विचार कर रही है। इससे यात्रियों को सस्ते किराए का विकल्प मिल सकेगा, लेकिन इन सुविधाओं के लिए अलग से भुगतान करना होगा। इस बैठक में सिंगापुर एयरलाइंस के सीईओ गोह चून फोंग सहित बोर्ड के अन्य प्रमुख सदस्य भी शामिल होंगे।

### बिहार में ट्रेन से उतरकर जा रही युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गया :** बिहार में गया-पटना रेलखंड पर बेला और चाकंद स्टेशन के बीच बेलागंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक युवती के साथ पांच युवकों ने दुष्कर्म किया। मोबाइल लोकेशन के आधार पर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। जहानाबाद जिले की रहने वाली युवती अपने ननिहाल बेलागंज थाना क्षेत्र के एक गांव शुक्रवार शाम ट्रेन से जा रही थी। इसी दौरान बेला और चाकंद स्टेशन के बीच ट्रेन रुक गई। युवती को लगा कि हाल्ट आ गया है और वह ट्रेन से उतर गई। वह रेलवे ट्रैक के किनारे-किनारे जा रही थी कि दो युवकों ने घेर लिया। आरोपित युवती को सुनसान जगह पर ले गए, जहां पहले से कुछ और युवक मौजूद थे। युवकों ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। सूचना पर दलबल के साथ पहुंचे बेलागंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने पीड़िता को अस्पताल भेजा। पीड़िता के आवेदन पर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी कर ली गई है।

# कनाडा के सरे में कपिल शर्मा के कैफे के पास फायरिंग

राज्य ब्यूरो, जागरण • चंडीगढ़

- पहले भी कई बार निशाना बनाया जा चुका है 'कैप्स कैफे' को

कनाडा के सरे शहर में शनिवार देर रात कामेडियन कपिल शर्मा के 120 स्ट्रीट इलाके में स्थित 'कैप्स कैफे' के पास फायरिंग की घटना सामने आई। इस बार निशाना कैफे के पास स्थित 'चाय सुट्टा बार' रेस्टोरेंट को बनाया गया। इस पर अज्ञात हमलावरों ने गोलियां चलाईं। फायरिंग के बाद इंटरनेट मीडिया पर 'टायसन बिश्नोई जोरा सिद्ध' नाम के एक व्यक्ति ने पोस्ट साझा कर इस घटना को कपिल शर्मा के लिए चेतावनी बताया। पोस्ट में लिखा गया कि यह हमला एक मैसेज है कपिल शर्मा को लाइन पर आने की धमकी दी गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर बात नहीं मानी गई तो अगला निशाना उनका 'कैप्स कैफे' और मुंबई स्थित घर हो सकता है।

घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है। कपिल शर्मा की ओर से भी इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

गौरतलब है कि कपिल शर्मा के कैफे को पहले भी कई बार निशाना बनाया जा चुका है। वर्ष 2025 में 10 जुलाई को उद्घाटन के कुछ ही दिनों बाद पहली बार कैफे पर फायरिंग हुई थी। इसके बाद सात अगस्त को दूसरी और 15-16 अक्टूबर को तीसरी बार गोलीबारी की घटनाएं सामने आई थीं। तीसरे हमले के बाद लारेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े लोगों ने इंटरनेट मीडिया पर इसकी जिम्मेदारी भी ली थी। सूत्रों के अनुसार, गैंग की नाराजगी की एक वजह कपिल शर्मा का अभिनेता सलमान खान के साथ जुड़ाव बताया जा रहा है।

# राखीगढ़ी में सोने का लाकेट, मनके व चर्ट बाट मिले, विकसित व्यापार और शिल्प के प्रमाण

सुनील मान • जागरण

- अवशेषों को हड़प्पा काल में आभूषण निर्माण, धातु उपयोग और व्यापारिक व्यवस्था के विकसित होने के प्रमाण के रूप में देखा जा रहा



राखीगढ़ी के टीला नंबर दो पर खोदाई करते हुए टीम। जागरण

**नारनौंद (हांसी) :** हरियाणा में हांसी जिले के राखीगढ़ी में जारी उत्खनन के दौरान सोने का लाकेट, बड़ी संख्या में सोने के मनके और चर्ट पत्थर से बने बाट प्राप्त हुए हैं। इन अवशेषों को हड़प्पा काल में आभूषण निर्माण, धातु उपयोग और व्यापारिक व्यवस्था के विकसित होने के प्रमाण के रूप में देखा जा रहा है। उत्खनन में पहली बार इस प्रकार का लाकेट मिला है, जिसे कीमती पत्थर पर सोने की परत चढ़ाकर तैयार किया गया है। टीला नंबर दो और पांच से मिले मनकों और लाकेट से यह माना जा रहा है कि सोने का उपयोग सीमित नहीं था। खोदाई में रोहरी चर्ट से बने बाट भी मिले हैं, जो वर्तमान पाकिस्तान क्षेत्र में पाए जाते हैं।

इससे यह माना जा रहा है कि उस समय दूरस्थ क्षेत्रों के साथ व्यापारिक संपर्क थे और वस्तुओं के लेन-देन के लिए मानकीकृत तोल प्रणाली प्रचलन में थी। जब बाट का उपयोग होता था तो तराजू भी प्रचलन में रहा होगा। हालांकि, इसके अवशेष अभी नहीं मिले हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार समाज में आर्थिक स्तर का अंतर भी मौजूद था, जहां साधारण वर्ग मिट्टी और शंख के आभूषण उपयोग करता था, वहीं समृद्ध वर्ग सोने और कीमती पत्थरों के आभूषण पहनता था।

टीलों से मिले साक्ष्य यह भी दर्शाते हैं कि यहां आभूषण निर्माण का कार्य किया जाता था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) की उत्खनन शाखा के अधीक्षण पुरातत्वविद मनोज सक्सेना के अनुसार उत्खनन में सोने का लाकेट और करीब 12 मनके मिले हैं। साथ ही सोना तोलने के लिए चर्ट के बाट भी प्राप्त हुए हैं। इनकी गुणवत्ता जांच के लिए नमूने प्रयोगशाला में भेजे जाएंगे और कुछ नमूने विदेश भी भेजने की तैयारी है।

# ट्रांजिट रिमांड बिना हत्या आरोपितों को गिरफ्तार करने पर पुलिस को फटकार

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली

- अदालत ने पूछा - आरोपितों को बिहार में औपचारिक रूप से गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया और उसे दिल्ली लाने से पहले ट्रांजिट रिमांड क्यों नहीं प्राप्त की गई

ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किए बिना हत्या के आरोपितों को बिहार से गिरफ्तार करने पर रोहिणी की मजिस्ट्रेट अदालत ने हैरानी जताते हुए दिल्ली पुलिस को फटकार लगाई है। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने कहा कि अपनाई गई प्रक्रिया कानूनी सुरक्षा उपायों को दरकिनार करने का प्रयास प्रतीत होती है। कोर्ट ने उक्त टिप्पणी दरभंगा से गिरफ्तार मुकेश और अनिल की ट्रांजिट रिमांड की मांग करने वाली दिल्ली पुलिस की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। कहा कि प्रक्रिया से अदालत बेहद हैरान है और ऐसा लगता है कि आरोपित को बिहार में पकड़ा गया था और ट्रांजिट रिमांड प्राप्त करने की प्रक्रिया से बचने को दिल्ली लाने तक गिरफ्तारी में देरी की गई।

अदालत ने जांच अधिकारी से संबंधित डीसीपी के माध्यम से यह स्पष्ट करने को कहा कि आरोपित को बिहार में औपचारिक रूप से गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया और उसे दिल्ली लाने से पहले ट्रांजिट रिमांड क्यों नहीं प्राप्त की गई। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आचरण केवल जांच एजेंसी की सुविधा के लिए कानून में हेरफेर करने जैसा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने अंतरराज्यीय गिरफ्तारी के मामलों में पालन किए जाने वाले व्यापक दिशानिर्देश निर्धारित किए हैं। यह मामला 26 अप्रैल को हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति की हत्या से संबंधित है। आरोपित साक्ष्य छिपाने और संबंधित अपराधों में शामिल थे। मुकेश को एक दिन के लिए जेल भेज दिया गया, जबकि अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियार की बरामदगी के लिए उसकी पुलिस हिरासत की मांग वाली याचिका लंबित रही।